राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 317
लखनऊ, रविवार 19 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीपी विद्यालय में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन 10

विजिट माय स्टेट अभियान में होम-स्टे निभाएंगे अहम भूमिका : जयवीर 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,43,440/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,31,450/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,07,620/10 ग्राम
चांदी = 2,30,000/किग्रा



# भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 की लॉन्चिंग सफल

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा।**



देश के पहले निजी तौर पर विकसित आर्बिटल क्लास रॉकेट विक्रम-1 ने शनिवार को यहां से सफलतापूर्वक अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी और अपनी लक्षित कक्षा तक पहुंचने में सफल रहा। इस उड़ान को देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित इस प्रक्षेपण यान की पहली परीक्षण उड़ान को मिशन आगमन नाम दिया गया है। इसने यहां स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम प्रक्षेपण मंच से दोपहर 12.05 बजे अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी।

लगभग 36 घंटे की सुचारू उल्टी गिनती (काउंटडाउन) के बाद, 40 टन वजनी और 22 मीटर ऊंचे इस यान के स्वचालित प्रक्षेपण अनुक्रम के शुरू होते ही तकनीकी खराबी आ गई थी। इस खराबी को तुरंत ठीक किया गया और सभी प्रणालियों की अंतिम जांच के लिए

**▸ यान के कक्षा में पहुंचते ही इसरो के नियंत्रण कक्ष में खुशी की लहर**

20 मिनट की एक नयी उल्टी गिनती शुरू की गई, जिसके बाद यान ने बादलों से घिरे आकाश में उड़ान भरी। लगभग 15 मिनट की उड़ान अवधि और सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूरे होने बाद, यान ठीक 450 किलोमीटर की ऊंचाई और 60 डिग्री के झुकाव पर अपनी लक्षित कक्षा में पहुंच गया। यान के कक्षा में पहुंचते ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नियंत्रण कक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई और इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने अन्य वैज्ञानिकों को बधाई दी। इसरो ने यान के कक्षा में पहुंचने के बाद घोषणा की, विक्रम-1 अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अभियान के प्रतीकात्मक भार (पेलोड) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा एक पोस्टकार्ड भी शामिल है, जिस पर वंदे मातरम अंकित है। प्रक्षेपण से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विक्रम-1 अभियान को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक ऐतिहासिक नया क्षितिज बताया था। यह प्रक्षेपण भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक नए युग की शुरुआत है, क्योंकि यह देश का पहला निजी तौर पर विकसित कक्षीय-श्रेणी का यान बन गया है। इससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की भागीदारी के द्वार खुल गए हैं। इसरो ने कहा कि मिशन आगमन केवल एक प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह भारत के निजी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

विक्रम-1 अपने साथ अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू तकनीकी प्रदर्शक पेलोड ले गया है। इनमें 18 कैरेट सोने का एक सूक्ष्म यान शामिल है जिसके भीतर नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी. वी. रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और पूर्व राष्ट्रपति व प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की सूक्ष्म कलाकृतियां हैं, जो चावल के दाने से भी छोटी हैं। इसके अलावा एक हीरे का आभूषण और स्काईरूट का अपना स्कोप उपग्रह भी शामिल है।

विक्रम-1 सात मंजिला ऊंचा बहु-चरणीय प्रक्षेपण यान है जिसमें पूरी तरह से कार्बन मिश्रित संरचना, ठोस ईंधन बूस्टर और उन्नत तरल ईंधन वाले इंजनों का उपयोग किया गया है। इसे पृथ्वी की निचली कक्षा में 350 किलोग्राम तक के छोटे उपग्रहों को 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित करने और सौर-तुल्यकालिक कक्षा में 260 किलोग्राम तक के उपग्रहों को भेजने के लिए तैयार किया गया है। 18 नवंबर 2022 को देश के पहले निजी उप-कक्षीय प्रक्षेपण यान विक्रम-एस के सफल प्रक्षेपण के बाद स्काईरूट का यह दूसरा अभियान है। इस ऐतिहासिक अभियान को प्रारंभ नाम दिया गया था, जो भारत से पहला निजी प्रक्षेपण था। कंपनी के अनुसार, मिशन आगमन का प्राथमिक उद्देश्य विक्रम-1 की प्रणोदन, मार्गदर्शन, नौवहन, नियंत्रण और समग्र यान प्रदर्शन सहित सभी प्रमुख प्रणालियों के उड़ान संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र करना है। इन आंकड़ों का उपयोग यान के डिजाइन को प्रमाणित करने और भविष्य के वाणिज्यिक प्रक्षेपण कार्यक्रमों को सहायता देने के लिए किया जाएगा।

### स्काईरूट एयरोस्पेस युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की भावना का प्रतीक : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काई रूट एयरोस्पेस विक्रम 1 के प्रक्षेपण को देश की अंतरिक्ष यात्रा के लिए ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की भावना का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने प्रक्षेपण से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे अंतरिक्ष-क्षेत्र के सुधार नवाचार और उद्यम के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक नया क्षितिज! आज प्रातः 11 बजकर 30 मिनट पर स्काईरूट एयरोस्पेस विक्रम-1 का प्रथम कक्षीय प्रक्षेपण होगा, जो भारत का पहला निजी रूप से विकसित प्रक्षेपण यान है। यह चार-चरणीय रॉकेट तीव्र तथा मांग के अनुसार प्रक्षेपण सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिशन हमारे युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उद्यमशीलता की भावना को उजागर करता है। यह यह भी दर्शाता है कि हमारे अंतरिक्ष-क्षेत्र के सुधार नवाचार और उद्यम के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफल प्रक्षेपण के लिए संपूर्ण स्काईरूट एयरोस्पेस दल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। विक्रम-1 नई ऊँचाइयों तक पहुँचे, इतिहास रचे और नवप्रवर्तकों की एक पीढ़ी को प्रेरित करे। मैं सभी भारतवासियों, विशेषकर अपने युवा मित्रों से आग्रह करता हूँ कि वे इस ऐतिहासिक मिशन का अनुसरण करें और स्काईरूट दल की सफलता की कामना करें।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के आम्रपाली आम को मिली वैश्विक पहचान



**लखनऊ।** भारत-यूके सेटा के प्रभावी होने से उत्तर प्रदेश के बागबानों के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। योगी सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश के प्रसिद्ध आम्रपाली आम को अब लंदन के बाजार में नई पहचान मिलने जा रही है। शनिवार को 1200 किलोग्राम आम्रपाली आम की निर्यात खेप को अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी.एल. मीणा ने उद्यान निदेशालय, लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर लंदन के लिए रवाना किया। इस अवसर पर बीएल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार किसानों एवं बागबानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि एवं उद्यान उत्पादों के निर्यात को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश के गुणवत्तापूर्ण फलों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रभावी रणनीति पर कार्य किया जा रहा है, जिससे बागबानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

### उच्च शिक्षा में अपार आईडी बनाकर यूपी ने प्राप्त किया देश में पहला स्थान


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर शिक्षा के डिजिटलीकरण के क्षेत्र में देशभर में अपनी अग्रणी भूमिका साबित की है। डिजिटल इंडिया के तहत अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) आईडी निर्माण में उत्तर प्रदेश ने स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा दोनों श्रेणियों में देश में पहला स्थान हासिल किया है। विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, उच्च शिक्षा में उत्तर प्रदेश ने 73,20,603 अपार आईडी बनाकर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र (55,52,064) और तीसरे स्थान पर राजस्थान (42,16,422) हैं। वहीं स्कूल शिक्षा में भी उत्तर प्रदेश ने 2,95,90,359 अपार आईडी तैयार कर देश के सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र (2,09,53,061) दूसरे और बिहार (1,58,86,050) तीसरे स्थान पर हैं। प्रदेश में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को एकीकृत करने और भविष्य में प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षा तथा रोजगार संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से अपार आईडी निर्माण अभियान को तेज़ी से आगे बढ़ाया। इसके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश दोनों श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

### एलओसी पर संदिग्ध गतिविधि दिखने के बाद सेना ने की एहतियातन गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने के बाद सेना के जवानों ने गोलीबारी की। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे राजौरी के तारकुंडी अग्रिम क्षेत्र में छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू हुई, जो लगभग डेढ़ घंटे तक जारी रही। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात जवानों को संदिग्ध आतंकी गतिविधि नजर आई, जिसके बाद सेना ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सीमा पार से भी छोटे हथियारों से जवाबी गोलीबारी की गयी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह यह पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया कि कोई घुसपैठिया तो इलाके में मौजूद नहीं है। साथ ही पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# अब भय नहीं, अब विकास हो रहा : योगी

**अमरोहा, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। सुबह बुलंदशहर में विकास कार्यों की सौगात देने के बाद दोपहर अमरोहा पहुंचे। यहां उन्होंने अमरोहा और धनौरा विधानसभा क्षेत्र की 207.49 करोड़ रुपये की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर समारोह को संबोधित कर अपनी सरकार के विकास कार्यों का लेखा जोखा रखा। सरकार की प्राथमिकताएं गिनायी और पूर्ववर्ती सपा सरकार को कानून व्यवस्था और विकास को लेकर घेरा। कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सियावर रामचंद्र जी महाराज की जय, पवनसुत हनुमान की जय और वृंदावन बिहारी लाल की जय का जयकारा लगाकर अपना संबोधन शुरु किया।

**▸ मुख्यमंत्री योगी ने अमरोहा को दी 207.49 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात**

उन्होंने कहा कि अमरोहा महाभारत कालीन पावन तीर्थ तिगरी धाम और वासुदेव तीर्थ की ऐतिहासिक विरासत को संभाले हुए है और यहां के लोगों ने अपनी कारीगरी और हस्तशिल्प से दुनिया में अलग पहचान बनाई है। डबल इंजन की सरकार में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से अमरोहा से दिल्ली, लखनऊ और प्रयागराज की दूरी काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि अमरोहा अब पिछड़े जिले की पहचान से बाहर निकल चुका है। जिस तरह यहां के तबले और ढोलक ने दुनिया में अमरोहा का नाम रोशन किया है, ठीक उसी तरह यह अमरोहा विकास के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए अपनी नई पहचान बनाएगा।

हाईवे स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले इस तरह के विकास और औद्योगिक निवेश के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। हाल यह थे कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में गन्ना किसानों को समय पर भुगतान तक नहीं मिल पाता था और इतना ही नहीं वर्ष 2007 से 2017 के बीच प्रदेश की 29 चीनी मिलें बंद कर दी गई थीं, लेकिन भाजपा की सरकार ने समय रहते प्रदेश का चीनी उद्योग बचा लिया और आज डबल इंजन की सरकार प्रदेश में 122 चीनी मिलों का संचालन कर रही है।

### सीएम ने छात्रों को दिया आत्म अनुशासन व परिश्रम का मंत्र

सीएम योगी ने शनिवार को बुलंदशहर में रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जापान का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन, परिश्रम का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही जीवन का सबसे बड़ा मंत्र है। आगे वही बढ़ा है और इतिहास भी उसी ने बनाया है, जो अनुशासित, परिश्रमी होकर प्रयास करता रहा है। आप भी नए इतिहास को बनाने की दिशा में प्रयास करें। सीएम ने बच्चों से कहा कि राष्ट्र प्रथम का भाव अंतःकरण में होना चाहिए। दुनिया के जिस सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सभी के सामने आदर्श प्रस्तुत किया है, आपको उसका सानिध्य प्राप्त हो रहा है।

# दिल्ली पुलिस कमान संभालते ही अनुराग कुमार का बड़ा एक्शन, जंतर-मंतर से अस्पताल तक पहुंचा मामला

**एजेंसी, नई दिल्ली दिल्ली।**

पुलिस के नए आयुक्त अनुराग कुमार के पदभार संभालने के महज 24 घंटे के भीतर राजधानी में पहली बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। 21 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार तड़के उन्हें जंतर-मंतर से इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। वांगचुक की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति और दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में वांगचुक को आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सोनम वांगचुक 28 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे थे। वह नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में कॉजपा के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं।



### वांगचुक की हालत स्थिर, इलाज से किया इनकार

सफदरजंग अस्पताल में चिकित्सकों ने वांगचुक के शरीर में डिहाइड्रेशन और पोटेशियम की कमी के लक्षण पाए। उन्होंने नस के जरिए (आईवी) तरल, ओआरएस जैसे पेय तथा अन्य दवाएं लेने से इनकार कर दिया है। अस्पताल की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार भर्ती के समय वह पूरी तरह सचेत थे तथा उनकी नाड़ी, रक्तचाप और ऑक्सीजन संतृप्ति सामान्य पायी गयी। बेहोशी की कोई घटना सामने नहीं आयी।

### भूख हड़ताल कर रहे अभिजीत दीपके पर फेंकी स्याही

जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन ने नया मोड़ ले लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य कारणों से सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की और अनशन पर बैठ गए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई के बावजूद आंदोलन जारी रहेगा और 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद चलो मार्च हर हाल में आयोजित किया जाएगा। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान अभिजीत दीपके पर एक महिला द्वारा स्याही फेंकने का मामला भी सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने उनके करीब पहुंचकर स्याही फेंकी और कथित रूप से थप्पड़ मारने की भी कोशिश की। मौके पर मौजूद स्वयंसेवकों ने तत्काल महिला को पकड़ लिया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

# बीसीसीआई ने रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को किया खारिज

**एजेंसी, मुम्बई।**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाला एकदिवसीय मैच रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है कि रोहित रविवार को लॉर्ड्स में अपना आखिरी मैच खेलेंगे।

उन्होंने अनुभवी सलामी बल्लेबाज भविष्य को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों की निंदा तो नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट किया कि रोहित भारत की वनडे योजनाओं का हिस्सा बने रहेंगे। सैकिया ने कहा कि रोहित भारतीय एकदिवसीय टीम के रेगुलर सदस्य हैं और जब तक वह टीम की योजनाओं का हिस्सा रहेंगे, तब तक देश का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो, लॉर्ड्स वनडे उनका आखिरी मैच नहीं होगा।

# सरकार की 12 वर्षों की लगातार कोशिशों से बेहतर हुई हैं रक्षा तैयारी : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की आधुनिक और बेहतरीन रक्षा तैयारियों का सबूत बताते हुए कहा है कि ये तैयारी सरकार की पिछले 12 वर्षों की लगातार कोशिशों से और बेहतर हुई हैं और ये राष्ट्र सर्वोपरि तथा सेना सर्वोपरि की भावना से प्रेरित हैं।

श्री सिंह ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय रक्षा बलों की बेमिसाल बहादुरी की याद दिलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों और उन्हें पनाह देने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया, जो आतंकवाद के खिलाफ सरकार के सख्त रुख को दिखाता है। उन्होंने

**▸ आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि कार्रवाई का एक तरीका है**

जोर देकर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस सिर्फ़ एक बयान नहीं, बल्कि कार्रवाई का एक तरीका है। उन्होंने दोहराया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ न केवल अपनी सीमा पर, बल्कि उनके गढ़ में घुसकर भी हमला करने की क्षमता रखता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुश्किल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा करने में भारत के बदले हुए रक्षा क्षेत्र



ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इसे प्रौद्योगिकी पर आधारित युद्ध का एक शानदार उदाहरण और भारतीय उद्योगों पर सरकार के भरोसे का सबूत बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आकाश तीर, आकाश मिसाइल सिस्टम और ब्रह्मोस जैसे एडवांस्ड सिस्टम के साथ-साथ कई अन्य अत्याधुनिक उपकरणों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया गया। यह सब पिछले 12 वर्षों में रखी गई मज़बूत नींव की वजह से संभव हुआ है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि रक्षा बलों द्वारा अब तक रक्षा साजो सामान के स्वदेशीकरण से संबंधित पांच सकारात्मक सूची जारी की गई हैं जिनमें 509 उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भी पांच ऐसी सूचियां जारी की गई हैं जिनमें 5,012 उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम एक आत्मनिर्भर और सशक्त रक्षा क्षेत्र बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प और व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं, इस विज़न को और गति देने के लिए जल्द ही एक और सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचीजारी की जाएगी।

### 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा, यामी गौतम को मिलेगा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष 'आर्टिकल 370' ने सबसे बड़ा सम्मान हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया। फिल्म की निर्माता जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज़ हैं, जबकि इसका निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में फीचर फिल्म की श्रेणी के चयन कमेटी के अध्यक्ष जयराज ने बताया कि अभिनय श्रेणी में ममूटी को मलयालम फिल्म 'ब्रमायुगम' और कार्तिक आर्यन को हिंदी फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (मुख्य भूमिका) का पुरस्कार दिया गया। वहीं यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' में उनके दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (मुख्य भूमिका) का सम्मान मिला।

# राम मंदिर चढ़ावा घोटाला : टिन्नू व मनीष 39 घंटे की पुलिस रिमांड पर, कई ठिकानों पर होगी पूछताछ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा घोटाला मामले की जांच निर्णायक चरण में पहुंच गई है। मामले के मुख्य आरोपी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और उसके भतीजे मनीष यादव को शनिवार सुबह 39 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया। सुबह करीब 8.40 बजे दोनों आरोपियों को जिला कारागार से पुलिस लाइन स्थित अस्पताल लाया गया, जहां मेडिकल परीक्षण के बाद उन्हें विशेष जांच दल (एसआईटी) और पुलिस की संयुक्त टीम ने पूछताछ के लिए एसओजी कार्यालय पहुंचाया।

इस दौरान टिन्नू यादव मीडिया और लोगों की नजरों से बचने के लिए पूरे समय गमछे से अपना चेहरा ढके रहा।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों को उन स्थानों पर भी ले जाया जा सकता है, जहां कथित तौर पर मंदिर में चढ़ाए गए दान की रकम का बंटवारा किया जाता था। जांच एजेंसियां उन संपत्तियों और ठिकानों की भी पड़ताल करेंगी, जहां कथित रूप से चढ़ावे की रकम निवेश की गई। इनमें रियल एस्टेट परियोजनाएं, निर्माण कार्य, मकान, हॉस्टल और अन्य व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं। जांच का मुख्य उद्देश्य मामले से जुड़े नकदी, आभूषण, बैंकिंग रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बरामदगी करना है, ताकि धन के लेनदेन और उसके उपयोग का पूरा ब्यौरा सामने आ सके। इससे पहले तीन चरणों की पुलिस कस्टडी के दौरान छह आरोपियों से पूछताछ की जा चुकी है। जांच एजेंसियों को इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, आभूषण और दो चारपहिया वाहन भी बरामद हुए थे। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पूरे नेटवर्क की जांच का दायरा और बढ़ा दिया है। अधिकारियों का मानना है कि टिन्नू यादव और मनीष यादव से पूछताछ इस पूरे मामले की सबसे अहम कड़ी साबित हो सकती है, क्योंकि दोनों पर चढ़ावे की रकम के प्रबंधन और कथित गड़बड़ियों में प्रमुख भूमिका निभाने का आरोप है।

**सख्ती** | **राज्य बार काउंसिलों को निर्देश जारी**

# वकीलों की सोशल मीडिया गतिविधियों पर बीसीआई सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नयी दिल्ली भारतीय विधिज्ञ परिषद ने अपनी सभी राज्य इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे सोशल मीडिया पर वकीलों के व्यवहार, डिजिटल नैतिकता, अदालत की गरिमा, गोपनीयता और पेशेवर जिम्मेदारी से जुड़े कड़े नियमों वाले उसके हालिया परिपत्र को तुरंत लागू करें।

बीसीआई ने यह चेतावनी भी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। सत्रह जुलाई को सभी राज्य विधिज्ञ परिषदों के अध्यक्षों और सचिवों को भेजे गए एक पत्र में, बीसीआई ने कहा कि इस परिपत्र का वकीलों, लॉ फर्म, बार एसोसिएशन और कानूनी संस्थानों के बीच व्यापक रूप से प्रसार किया जाना चाहिए ताकि इसका सख्ती से पालन हो सके।



ये नियम वकीलों से सोशल मीडिया पर पेशेवर व्यवहार बनाए रखने के लिए कहते हैं और इस तरह के पोस्ट करने पर रोक लगाते हैं जो गुमराह करने वाले, मानहानि करने वाले या अदालतों के प्रति अनादरपूर्ण हों। ये मुवक्किल की गोपनीय जानकारी और प्रतिबंधित अदालती कार्यवाही का खुलासा करने पर भी रोक लगाते हैं। वकीलों से यह भी कहा गया है कि वे डिजिटल मंचों पर भी अदालत की गरिमा को बनाए रखें, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार की गई सामग्री का गलत इस्तेमाल न करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी ऑनलाइन बातचीत कानूनी पेशे के नैतिक मानकों के मुताबिक हो। बीसीआई ने कहा कि इसका मकसद तेजी से बढ़ते डिजिटल संचार के दौर में कानून के पेशे की गरिमा बनाए रखना और न्याय दिलाने की व्यवस्था में लोगों का भरोसा कायम रखना है। परिपत्र में श्डिजिटल स्पेसश् में वकीलों के पेशेवर आचरण को नियंत्रित करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा दी गई है और यह दोहराया गया है कि सोशल मीडिया तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते समय वकील नैतिक दायित्वों से आबद्ध रहते हैं। बीसीआई ने सभी राज्य बार काउंसिल को निर्देश दिया कि वे इन दिशानिर्देशों से अपने यहां पंजीकृत सभी वकीलों, सभी जिला और उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, लॉ फर्म और कानूनी संस्थानों को अवगत कराएं। साथ ही, यह भी कहा गया कि वे इस परिपत्र को अपनी आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करें और नोटिस बोर्ड पर भी लगाएं। इस निर्देश में राज्य विधिज्ञ परिषदों से यह भी कहा गया है कि वे वकीलों को नए नियमों के बारे में जानकारी देने और तय मानकों का स्वेच्छा से पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम, वेबिनार और कार्यशाला आयोजित करें।

## शुरुआती जांच में कंपनी का रजिस्टर्ड पता एक किराना स्टोर का निकला

- गोण्डा में नशीली दवाओं पर बड़ी कार्रवाई : अमन फार्मास्यूटिकल पर 3 दिन से छापेमारी
- कोडीन सिरप समेत भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद, कंपनी मालिक फरार




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। प्रमुख सचिव डॉक्टर रोशन जैकब के निर्देश पर बरियारपुरवा भड्डा स्थित अमन फार्मास्यूटिकल कंपनी पर शनिवार दोपहर 12 बजे से लगातार तीसरे दिन छापेमारी चल रही है। पहले 3 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टर जांच कर रहे थे। बड़े पैमाने पर कारोबार मिलने पर अब 6 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टर लगाए गए हैं ताकि कार्रवाई जल्द पूरी हो।

कार्रवाई का नेतृत्व गोण्डा के ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा, बाराबंकी की रजिया बानो और अयोध्या के आलोक द्विवेदी कर रहे हैं। शुरुआती जांच में कंपनी का रजिस्टर्ड पता एक किराना स्टोर निकला। पुलिस ने अमन के भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो 2 गोदामों का पता चला। वहां 36 घंटे से ज्यादा छापेमारी हुई। पूछताछ में 2 और गोदामों की जानकारी मिली। छापेमारी में कोडीन सिरप समेत भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुई हैं। सभी दवाओं की सैंपलिंग और लिखा-पढ़ी की जा रही है। कंपनी का मालिक अमन अभी फरार है। ड्रग्स विभाग उसकी तलाश कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इस पूरे मामले की सीधी रिपोर्ट प्रमुख सचिव डॉ. रोशन जैकब को भेजी जा रही है। ये छापेमारी शासन के निर्देश पर नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही है।

## रील के नाम पर युवक की पिटाई

- पेड़ से उल्टा लटकाकर की पिटाई, खूब मारो... दोबारा गलती न करे कहकर खुद किया वायरल
- पुलिस ने शुरू की जांच



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

सोशल मीडिया पर रील बनाने के चक्कर में एक युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो तरबगंज क्षेत्र के खानपुर गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक एक युवक को रस्सी से बांधकर पेड़ से उल्टा लटकाते हैं और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई करते हैं। सबसे हैरान करने वाली बात - पिटाई करने वाला युवक खुद वीडियो बनाते हुए कह रहा है- और मारिए... दोबारा गलती न करे... खूब मारो और उसी ने ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद तरबगंज पुलिस ने संज्ञान लिया है। पुलिस पीड़ित युवक और वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान कर रही है। मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की तैयारी है।

ये घटना एक बार फिर रील कल्चर के खतरनाक ट्रेंड को उजागर करती है, जहां कंटेंट के लिए कानून और इंसानियत दोनों को ताक पर रख दिए जाते हैं।

## बेटे को बचाने आए पिता की हत्या, धारदार हथियार से किया हमला, तीन सगे भाई सहित छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में मुंडेरवा कला पम्मा पुर ग्राम में शुक्रवार की देर शाम को घर के बाहर साफ सफाई करने के दौरान पुत्र पर धार दार हथियार से हमला कर के मारने लगे। बचाने दौड़े पिता सिद्ध नाथ पर आधा दर्जन लोगों ने हमला कर के मरणासन्न कर दिया।इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उस की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली देहात के मुंडेरवा कला पम्मा पुर गांव के निवासी सर्वेश दुबे ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम को घर के पास साफ सफाई कर रहा था। तभी राम दयाल उस का भाई विजय दुबे आ कर भिड़ गए। मार पीट करने लगे। तभी पिता 55 वर्षीय सिद्ध नाथ बचाने के लिए दौड़े तो रोहित उस का भाई मोहित कृष्ण कुमार दुबे चंदन दुबे ने धार दार हथियार से हमला कर के मरणासन्न कर दिया गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया।

हालत गम्भीर होने पर लखनऊ के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया।शनिवार की सुबह करीब 9 बजे सिद्ध नाथ की मौत हो गई। मृतक के पुत्र सर्वेश दुबे ने बताया कि वह घर का इकलौता है। गोरख पुर जिले में एक होटल में काम करता है। राम दयाल विजय दुबे उस के घर के महिलाओं को अक्सर गाली गलौज और मारा पीटा करते थे। उस ने उन लोगों से कहा था कि तुम लोगों के खिलाफ में कोतवाली में शिकायत करेंगे।

शिकायत करने की बात को लेकर ही शुक्रवार की देर शाम को हमला कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सर्वेश की तहरीर पर राम दयाल विजय दुबे रोहित मोहित कृष्ण दुबे चन्दन के खिलाफ में मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया। घायल सिद्ध नाथ की मौत लखनऊ में हो गई है। मार पीट का मुकदमा हत्या में तब्दील कर दिया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### फांसी के फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरदाहा कला गांव में शनिवार दोपहर एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामसागर पुत्र कन्हई निषाद की पत्नी चांदनी निषाद उम्र करीब 22 का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि चंदनी के शादी को करीब एक वर्ष हुए हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव को उतरवाकर विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोपहर तीन बजे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मायके वालों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बाबा राम प्रकाश मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** पयागपुर नगर क्षेत्र के कान्ही कुइयां स्थित बाबा राम प्रकाश मंदिर में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी के बावजूद, बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्त तड़के सुबह 4 बजे से ही जुटना शुरू हो गए थे। हाथों में जल, फूल और पूजा सामग्री लिए श्रद्धालु घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बाबा राम प्रकाश के जयकारों से गूंज उठा, जिससे भक्तों का उत्साह स्पष्ट नजर आ रहा था। मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णु ने बताया कि इस प्राचीन मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। यहां केवल स्थानीय भक्त ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों और अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करने आते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा के दरबार में आकर मन्नत मांगता है, बाबा राम प्रकाश उसकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। मेले की सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति भी मुस्तैद रही, ताकि भक्तों को सुलभ दर्शन हो सकें।

### घाघरा पुल पर मरम्मत के एक माह बाद फिर दरारें, ज्वाइंटर में छेद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु घाघरा पुल की मरम्मत के एक माह बाद ही उसमें फिर से दरारें दिखाई देने लगी हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर किए गए इस मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर घाघरा नदी पर बने इस पुल के ज्वाइंटर के पास की गिट्टियां उखड़ गई हैं। साथ ही, पुल के एक हिस्से में दोबारा ज्वाइंटर में छेद जैसी स्थिति सामने आई है, जिससे आवागमन को लेकर चिंता बढ़ गई है। यह पुल करोड़ों रुपये की लागत से मरम्मत और सुदृढ़ीकरण के बाद हाल ही में यातायात के लिए खोला गया था। एक माह के भीतर ही इस तरह की समस्या सामने आना मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल को दो महीने की मरम्मत के बाद खोला गया था। जानकारी मिलते ही कार्यदायी संस्था के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। पुल से भारी वाहनों का लगातार आवागमन जारी है, इसलिए मरम्मत के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इस संबंध में बहराइच एनएचआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि ज्वाइंटर के पास कुछ स्थानों पर धूल-मिट्टी की वजह से गिट्टी उखड़ गई थी, जिसे ठीक करवा दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुल पूरी तरह सुरक्षित है।

साथी शिक्षक के परिवार को मिला सहयोग

### दिवंगत मोतीलाल के परिजनों को 53,500 की आर्थिक मदद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मलावा मे कार्यरत बभनियावा निवासी दिवंगत शिक्षक स्व. मोतीलाल के परिवार की सहायता के लिए शिक्षकों द्वारा कुल राशि 53,500 रूपए दिवंगत साथी के शोकाकुल परिवार को ससम्मान प्रदान किया गया। एवं सभी साथियों की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आपको बताते चले कि मोतीलाल विगत कई वर्षो से बीमार चल रहें थे, उनका निधन पिछले सप्ताह 6 जुलाई को हो गयी थी। इस दु:ख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ उपस्थित रहकर महेंद्र प्रताप सिंह, गोपालजी शुक्ल, राजेश कुमार मिश्रा,अभिकेश त्रिपाठी,श्रवण कुमार सरोज , अनिल कुमार शर्मा एवं अन्य सम्मानित साथियों ने अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।सभी सहयोगियों के इस अनुकरणीय योगदान के लिए शिक्षक संगठनों ने समस्त शिक्षकों का आभार व धन्यवाद व आभार व्यक्त किया, और कहा कि संकट के इस समय में आपकी यह एकजुटता सराहनीय है, दु:ख के घड़ी मे सभी को एकजुट रहना चाहिए।

## गोंडा के गोगिया में 50 लाख की लागत से बना निर्मल श्याम मशरूम प्लांट



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर की दूरी पर बालपुर होते हुए परसपुर रोड पर गोगिया में निर्मल श्याम मशरूम प्लांट की शुरुआत हुई है प्रबंधक निलेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह जिले का दूसरा मशरूम प्लांट है पहला मशरूम प्लांट सूरज होटल के पीछे जानकी नगर में बना है और हमारा यह दूसरा प्लांट है जो बालपुर से होते हुए परसपुर मार्ग पर बना है इसके प्रोपराइटर हैं वेद प्रकाश सिंह आगे उन्होंने बताया की शुरू में इस प्लांट से लगभग 20 से 25 लोगों को रोजगार मिलेगा किंतु बाद में लगभग 100 लोगों को इससे रोजगार मिलेगा उन्होंने बताया कि लगभग 30 से 35 दिन में मशरूम तैयार हो जाता है और जब उनसे बात की गई इसकी क्षमता क्या है तो उन्होंने बताया कि लगभग 40 टन की कैपेसिटी हमारे इस प्लांट की है और हमारी कोशिश रहेगी कि हम इसे गोंडा की सब्जी मंडी में बिक्री करें।

## एआरपी से दुर्व्यवहार पर बीएसए सख्त, कार्रवाई तय

- शिक्षकों-प्रधानाध्यापकों को BSA की चेतावनी, ARP का सम्मान न किया तो होगी दंडात्मक कार्रवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विद्यालयों में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन यानी ARP के साथ प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों द्वारा दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। ARP संघ की शिकायत पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी BSA अमित कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

शनिवार दोपहर 2 बजे BSA ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को पत्र जारी कर नाराजगी व्यक्त की। आदेश में उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि किसी शिक्षक या प्रधानाध्यापक द्वारा ARP के साथ दुर्व्यवहार या अपमानजनक टिप्पणी की शिकायत मिली तो संबंधित के विरुद्ध उ.प्र. सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत तत्काल प्रभाव से कठोर अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे। BSA ने कहा कि शिक्षकों का ऐसा अमर्यादित और अनुशासनहीन व्यवहार ARP के मनोबल को गिराने के साथ-साथ विभागीय कार्यों और विद्यालयों के सौहार्दपूर्ण वातावरण को भी दूषित करता है। इसे अत्यंत आपत्तिजनक मानते हुए उन्होंने अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखा है।

### क्या है शिकायत

ARP संघ ने BSA को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि जब ARP विद्यालयों के गुणात्मक सुधार और सपोर्टिव सुपरविजन के लिए जाते हैं तो कुछ प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक असहयोगात्मक रवैया अपनाते हैं। कुछ शिक्षक अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करते हैं। BSA ने याद दिलाया कि शासन और महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा ARP की तैनाती शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने, छात्रों का अधिगम स्तर बढ़ाने और ऑन-साइट एकेडमिक सपोर्ट के लिए की गई है।

### BSA का निर्देश

BSA अमित कुमार सिंह ने सभी को निर्देश दिए हैं कि जब भी कोई ARP सपोर्टिव सुपरविजन के लिए विद्यालय आए तो उनके साथ शिष्ट, सम्मानजनक और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। साथ ही आवश्यक अभिलेख, शिक्षण योजना और विभागीय प्रगति की आख्या समय से उपलब्ध कराई जाएं।

## सिद्ध नाथ हत्या कांड में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुंडेरवा कला पम्मा पुर गांव में साफ सफाई के दौरान सिद्ध नाथ पर हमला कर दिया गया था।इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में शनिवार की सुबह मौत हो गई थी। कोतवाली देहात के अतिरिक्त उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया हमला करने वाले राम दयाल उर्फ विजय दुबे पुत्र प्रताप नारायण उस के भाई मोहित कुमार रोहित कुमार कृष्ण दुबे उर्फ गंगा सागर पुत्र विजय दुबे उर्फ राम दयाल चन्दन दुबे पुत्र वीरू दुबे निवासी मसना थाना उदुआ जनपद साहिब गंज बिहार को मुखबिर खास की सूचना पर खिरॉरा मोहन रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया।

## सरयू का कहर जारी : 10 और मकान नदी में समाहित

**राहुल सोनी/ साकेत वर्मा**



- दर्जनभर घरों पर मंडरा रहा खतरा
- राजस्व टीम ने किया सर्वे, प्रभावितों को बांटी त्रिपाल
- कटान अवरोधक भी बहा, पीड़ितों ने लगाई सरकारी सहायता की गुहार

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के शिवपुर ब्लॉक के सरयू नदी तटीय क्षेत्रों में कटान का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। नदी के घटते-बढ़ते जलस्तर ने शुक्रवार को फिर कई परिवारों का आशियाना निगल लिया।

पाठकपुरवा और बेलामकन ग्राम पंचायत के भूखन टेपरा में 10 से अधिक मकान सरयू नदी की धारा में समा गए, जबकि करीब एक दर्जन अन्य मकान अभी भी कटान के मुहाने पर खड़े हैं। भय और अनिश्चितता के बीच ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की तलाश में जुटे हैं। क्षेत्रीय लेखपाल अमन कुमार ने बताया कि पाठकपुरवा गांव के संकटा, इतवारी, सुरेश, मुखलाल, लोटन और रामचंदर तथा बेलामकन ग्राम पंचायत के भूखन टेपरा निवासी कान्ती देवी, सुरेंद्र, विनोद और मोदे के मकान नदी में समा गए हैं। वहीं पुतान, जीतन, लक्ष्मन, हुकुम, चुन्ना और शत्रोहन सहित करीब एक दर्जन परिवारों के मकान भी कटान की जद में आ गए हैं और कभी भी नदी में समा सकते हैं। कटान की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मथुरा प्रसाद, राजस्व निरीक्षक श्यामसुंदर, क्षेत्रीय लेखपाल अमन कुमार और राजकुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी। तत्काल राहत के रूप में कटान पीड़ित परिवारों को त्रिपाल वितरित किए गए। गौरतलब है कि एक दिन पहले चौकसाहार ग्राम पंचायत के झुंडी गांव निवासी पटवारी का मकान भी सरयू नदी में समाहित हो गया था, जबकि वहां भी आधा दर्जन मकान कटान के मुहाने पर बने हुए हैं। पिछले वर्ष भी सरयू नदी ने इस पूरे तटीय क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी और इस बार भी हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं।

### बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

बेलामकन गांव के पास कटान रोकने के लिए पूर्व में बनाया गया कटान अवरोधक भी नदी की तेज धारा में बह गया। इसके बाद ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र स्थायी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो कई और गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

### सरकारी मदद का इंतजार

अपना घर गंवा चुके कान्ती देवी, सुरेंद्र, विनोद, मोदे, संकटा, इतवारी, सुरेश, मुखलाल, लोटन और रामचंदर सहित अन्य पीड़ित परिवार सरकारी सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते आर्थिक सहायता और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई तो उनके सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

### तहसीलदार बोले- सर्वे के आधार पर मिलेगी सहायता

तहसीलदार शैलेश अवस्थी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र का सर्वे करा लिया गया है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार जो भी सहायता संभव होगी, वह पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाएगी। फिलहाल तत्काल राहत के तौर पर प्रभावित परिवारों को त्रिपाल वितरित किए गए हैं।

## जिले भर के सभी मंडलों में आयोजित की गई कार्ययोजना बैठक

- 22 जुलाई को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी पर हुई चर्चा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जिले भर के सातों विधानसभा के सभी मंडलों में एक साथ 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी को लेकर कार्य योजना बैठक की। मंडल बैठक में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारियों, संगठनात्मक कार्यों, बूथ स्तर की रणनीति और कार्यकर्त्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष, जिलापदाधिकारी व मंडल प्रभारी रहे। इसी निमित्त जरवल मंडल में जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय ने उपस्थित होकर सभी शक्ति केंद्र संयोजक से सत प्रतिशत बूथ अध्यक्ष की उपस्थिति व डीएलपी सहित बैठक से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा किया। कहा कि सभी बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य होगी सभी बूथ अध्यक्षों का पंजीकरण डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होगा मंडल बैठक में मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेंदुए के हमले में बुजुर्ग की मौत, घर के बरामदे में सोते समय किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार सुबह 4 बजे तेंदुए के हमले से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग अपने घर के बरामदे में सो रहे थे, तभी तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुआ उन्हें घर से बाहर खींचकर ले गया। हमले में बुजुर्ग के गले में 3-4 गहरे घाव हो गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका पोता और अन्य परिजन लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंचे। शोर सुनकर तेंदुआ मौके से भाग गया। पोता बुजुर्ग को लेकर पहले मिहींपुरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा। जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें बहराइच के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। ये मामला बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा रेंज का है। मृतक का नाम राम यादव (88) था। वह लोधन पुरवा गांव के रहने वाले थे। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। लोगों को घरों में रहने के लिए बोला जा रहा है। तेंदुए की तलाश जारी है।

पोते सूरज यादव ने बताया, हम लोग सो रहे थे, तभी अचानक से दादा जी के चिल्लाने की आवाज आई। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। देखा तो तेंदुआ दादा जी को खींचकर बाहर ले जा रहा था। हम लोग उसको देखकर चिल्लाने लगे, लाठी-डंडे से उसको भगाने लगे। लगभग 2 मिनट तक तेंदुआ दादा जी को खींचता रहा, उसके बाद छोड़कर भाग गया। तेंदुए के हमले में दादा जी का गला पूरा कट गया था।


### परिवार को जल्द ही सहायता दी जाएगी

मामले में प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार को शीघ्र ही सहायता प्रदान की जाएगी। वन विभाग की टीम को इलाके में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिस इलाके में घटना हुई है, वह पूरा जंगल का एरिया है। गांव से 2-3 किलोमीटर दूर पूरा जंगल एरिया है। इस वजह से तेंदुए के हमले की घटनाएं ज्यादा होती हैं। लोगों को हमेशा सतर्क रहने के लिए कहा जाता है। बता दें, मृत राम यादव बहू-बेटे और पोते के साथ रहते थे। परिवार में सभी लोग खेती-किसानी करते हैं।

## एक ही रात में कई घरों में चोरी, दहशत में ग्रामीण

- पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र की दौलतपुर चौकी अंतर्गत शुक्रवार रात चोरों ने एक के बाद एक कई घरों को निशाना बनाकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। एक ही रात में अलग-अलग गांवों में हुई चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों के बीच लोगों ने पुलिस गश्त पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार देर रात चोर सबसे पहले बेल गुलहरिया गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र राजेंद्र के घर में घुस गए और वहां रखे सामान को खंगाल दिया। इसके बाद चोरों ने लोहारन पुरवा गांव निवासी गोपी पुत्र हरद्वारी के घर को निशाना बनाया। इतना ही नहीं, चोरों ने कोइली गांव में पलटन तथा झब्बू वाल्मीकि के घर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घरों में सामान बिखरा पड़ा मिला। यह देखकर परिवार के लोग दंग रह गए और कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। एक ही रात में कई घरों में चोरी की घटनाओं की खबर पूरे क्षेत्र में फैलते ही लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त केवल कागजों तक सीमित नजर आती है। लोगों ने रात में प्रभावी पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्त कदम नहीं उठाए तो चोरी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। लगातार हो रही वारदातों से लोगों की रातों की नींद उड़ गई है और वे अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### क्या बोले थाना प्रभारी

थाना प्रभारी मोतीपुर ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि उन्हें अभी तक चोरी की घटनाओं की जानकारी नहीं मिली है। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में जूनियर डॉक्टर का पैदल मार्च

- वीडियो सामने आने पर कॉलेज प्रशासन ने जांच के दिए आदेश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



एक मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने शुक्रवार शाम सोनम वांगचुक के समर्थन में अकेले पैदल मार्च किया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। डॉ. रुपक इखे, जो नाखुर, अमरावती (महाराष्ट्र) के निवासी हैं, ने शुक्रवार शाम करीब 5 बजे यह प्रदर्शन किया। उन्होंने सोनम वांगचुक के समर्थन में संदेश लिखी टी-शर्ट पहनी थी और हाथ में तख्ती लेकर डिगिहा तिराहे से डीएम आवास तक पैदल मार्च किया। वीडियो सामने आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने इस पूरे मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सामने आए वीडियो में जूनियर डॉक्टर यह कहते हुए दिख रहे हैं कि वे सोनम वांगचुक की मुहिम से जुड़े हुए हैं और उनका समर्थन करते हैं।

## नो बैग डे बना सीखने का उत्सव, गतिविधि आधारित शिक्षा से निखर रही विद्यार्थियों की प्रतिभा

- रचनात्मक, अनुभवात्मक एवं नवाचार आधारित शिक्षण से बच्चों में विकसित हो रहे जीवनोपयोगी कौशल

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बच्चों को रुचिकर, व्यवहारिक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नो बैग डे का आयोजन उत्साह एवं नवाचार के साथ किया गया। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पुस्तकों के पारंपरिक अध्ययन से हटकर विभिन्न रचनात्मक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं जीवन कौशल आधारित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

नो बैग डे के दौरान विद्यालयों में बच्चों ने विज्ञान प्रयोग, मॉडल निर्माण, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, पेपर क्राफ्ट, फिंगर पेंटिंग, प्राकृतिक सामग्री से कलाकृतियां तैयार करने, पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों तथा समूह आधारित शिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मक सोच एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रभावी प्रदर्शन किया। विद्यालयों में आयोजित बाल संसद एवं संवाद सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास किया गया। वहीं पुस्तकालय आधारित गतिविधियों एवं कहानी वाचन कार्यक्रमों के जरिए बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि एवं स्वतंत्र चिंतन की भावना को प्रोत्साहित किया गया। कई विद्यालयों में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचार आधारित मॉडल तैयार किए, जबकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधों, पत्तियों एवं अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से आकर्षक कलाकृतियां बनाईं। वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं तैयार कर बच्चों को पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया गया। नो बैग डे के अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को करके सीखो (Learning by Doing) की अवधारणा के अनुरूप शिक्षण प्रदान किया। समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से सहयोग, समन्वय, समस्या समाधान, संचार कौशल एवं टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी गुणों का विकास कराया गया। रंगोली, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से भी परिचित कराया गया। शिक्षकों ने बताया कि नो बैग डे का उद्देश्य बच्चों पर केवल पुस्तकीय अध्ययन का दबाव कम करना नहीं, बल्कि उन्हें सीखने की ऐसी प्रक्रिया से जोड़ना है, जिसमें वे स्वयं अनुभव करके, प्रयोग करके और रचनात्मक ढंग से ज्ञान अर्जित करें। इससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना को निरंतर बढ़ावा मिलता है।

जनपद के परिषदीय विद्यालयों में आयोजित यह अभिनव पहल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है। गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चे न केवल शिक्षा को आनंददायक बना रहे हैं, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान एवं जीवन कौशल भी सहज रूप से अर्जित कर रहे हैं।

# विजिट माय स्टेट अभियान में होम-स्टे निभाएंगे अहम भूमिका : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**▸ प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवसाय को सफल बनाने के हर पहलू की दी गई जानकारी**

उत्तर प्रदेश में रूरल टूरिज्म को नई पहचान देने और स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग के अंतर्गत संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) में प्रदेशभर से आए होम-स्टे संचालकों के लिए 14 से 18 जुलाई तक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 35 प्रतिभागियों को होम-स्टे के प्रभावी संचालन, आधुनिक पर्यटन कौशल और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल अधिकांश होम-स्टे संचालक युवा हैं, जिन्होंने औपचारिक शिक्षा के बाद पर्यटन विभाग के सहयोग से स्वरोजगार के रूप में होम-स्टे संचालन को अपनाया है। यह पहल उन्हें रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता की नई राह दिखा रही है। होम-स्टे संचालकों को पेशेवर आतिथ्य सेवा प्रदाता बनाने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें व्यवसाय को सफल बनाने के हर पहलू की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने कम लागत में प्रभावी मार्केटिंग, होम-स्टे की ब्रांडिंग, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्रचार के गुर सिखाए। अतिथियों के पंजीकरण, शिकायत निवारण, सेवा प्रबंधन, टैरिफ निर्धारण, मूल्य तय करने और लागत नियंत्रण की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।

प्रशिक्षण में हाउसकीपिंग, रखरखाव, आकर्षक इंटीरियर, ऊर्जा संरक्षण और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग पर विशेष जोर रहा। इसके अलावा, होम स्टे संचालकों को बेहतर आतिथ्य सेवा, व्यक्तित्व विकास, ग्रूमिंग, स्थानीय व्यंजनों और जैविक उत्पादों के मानकीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य, टेबल एटीकेट और सेवा प्रोटोकॉल की बारीकियां भी बताई गईं। डिजिटल भुगतान, स्थानीय पर्यटन स्थलों की जानकारी और प्रभावी प्रस्तुतीकरण का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन तथा प्रमाण-पत्र वितरण और फार्म विजिट के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में प्रयागराज, फर्रुखाबाद, अंबेडकरनगर, महराजगंज, बिजनौर, सहारनपुर, ललितपुर, लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, वाराणसी, महोबा, बांदा और चित्रकूट के होम स्टे संचालक शामिल हुए।

**विजिट माय स्टेट में सहायक होम-स्टे मॉडल : पर्यटन मंत्री**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर देशी-विदेशी पर्यटकों की लगातार बढ़ती आमद के साथ होम-स्टे मॉडल भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इससे न केवल पर्यटकों के लिए ठहरने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, बल्कि उन्हें स्थानीय कला, संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और ग्रामीण जीवन शैली को करीब से जानने-समझने का अवसर भी मिल रहा है।

# सोनम वांगचुक का अनशन भ्रम की राजनीति का जीता-जागता सबूत : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष अब भ्रम की छिछली राजनीति पर उतर आया है। वामपंथी ढपली के साथ सोनम वांगचुक का अनशन भी उसी का एक झूठा जीता-जागता सबूत है।

उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि विपक्ष कुछ वर्गों को बरगलाकर कभी किसान आंदोलन, कभी शाहीन बाग, कभी एसआईआर, कभी घुसपैठ की झूठी राजनीति के साथ झूठे प्रयोग करने से वह बाज नहीं आता। जनता ने उसकी हर कुत्सित चाल का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया है। देश की जनता अब झूठे भ्रमजाल में फंसने के बजाए विकास, सुरक्षा और सुशासन के आधार पर अपने फ़ैसले लेती हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है और उससे कुछ भी छुपा नहीं रह सकता है। सत्ता से छिटके विपक्ष और उनके नेताओं की व्याकुलता भी अब लगातार उनकी नफ़रत में तब्दील होने लगी है। पिछले 12 सालों में यह उफान मारने लगी है। इससे ज़ाहिर है कि देश का भरोसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर लगातार मजबूत हुआ है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों के साथ अनेक राज्यों के चुनाव परिणामों का राजग-भाजपा के पक्ष में जाना इस भरोसे पर मुहर लगाता है। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि भाजपा की राजनीति का मूल मंत्र रहा है, व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश। यही कारण है कि विकसित भारत के संकल्प के साथ जनता का भरोसा लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहा है। विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए हरेक राज्य भी विकास की नई ऊंचाइयों को छुए। यह कार्य डबल इंजन सरकार के विजन, मिशन, सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों से ही संभव है।

## खबरें एक नजर में

### तैराकी में सी.एम.एस. छात्र ने जीते चार गोल्ड मेडल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के कक्षा-11 के प्रतिभाशाली छात्र कृष्ण दुबे ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट सब-जूनियर एवं जूनियर स्विमिंग चैम्पियनशिप-2026 में चार गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में कें.डी. सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कृष्ण दुबे ने 200मी बटरफ्लाई, 400मी इण्डिविजुअल मिडले, 800मी फ्री-स्टाइल एवं 400मी फ्री-स्टाइल स्पर्धाओं में चार गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है, साथ ही 200मी इण्डिविजुअल मिडले स्पर्धा में सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया है। इस तैराकी चैम्पियनशिप में विभिन्न विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी तैराकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने के संकेत दिये हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार तैराक के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### लखनऊ में पांच एसडीएम के ट्रांसफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ डीएम विशाख जी. अय्यर ने 5 एसडीएम का ट्रांसफर किया है। दूसरे विभागों, जिलों से आए अधिकारियों को भी चार्ज दिया है। एसडीएम सदर मनोज कुमार सिंह को मलिहाबाद का एसडीएम बना दिया गया है। वहीं, सदर की जिम्मेदारी आईएएस साहिल सिंह को दी गई है। साहिल बीकेटी के एसडीएम थे। लखनऊ नगर निगम से पदोन्नत होकर जिला प्रशासन पहुंचे आकाश सिंह को बीकेटी का एसडीएम बनाया गया है। प्रयागराज सदर से आए अभिषेक कुमार सिंह को सरोजनी नगर की जिम्मेदारी दी है। सरोजनी नगर की जिम्मेदारी संभाल रहे अंकित शुक्ला को एसीएम-5 का चार्ज मिला है। मंझनपुर (कौशाम्बी) से आए एसडीएम आकाश सिंह को मोहनलालगंज दिया गया है। पीसीएस रामदेव और प्रदीप कुमार नई जॉइनिंग वाले हैं। इन्हें क्रमशः एसीएम-1 और एसीएम-3 का चार्ज दिया गया है।

### गोमती में कूदा रैपिडो चालक, आठ घंटे तक सर्च ऑपरेशन के बाद मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र में शनिवार तड़के एक 26 साल के युवक ने पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफकी मदद से रातभर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब आठ घंटे बाद सुबह 11 बजे युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया। राधापुरम कॉलोनी मटियारी चिनहट निवासी आकाश यादव (26) रैपिडो चालक था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आकाश अपनी बहन के साथ विभूतिखंड स्थित जलवा क्लब से पार्टी कर लौट रहा था। दोनों समतामूलक चौराहे से 1090 चौराहे की तरफजाने वाले गोमती नदी पुल पर रुके थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। तभी आकाश ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना शनिवार तड़के करीब 3 बजे गोमतीनगर पुलिस को मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एसडीआरएफटीम को बुलाकर सर्च अभियान शुरू कराया। लगातार तलाश के बाद सुबह करीब 11 बजे युवक का शव नदी से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, युवक के नदी में कूदने के कारणों की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, रोड से गुजर रहे राहगीरों ने दी सूचना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सरोजनी नगर में शनिवार को कानपुर एक्सप्रेस-वे के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 8 बजे कानपुर रोड से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना दी कि सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित अवध कालिजिएट के सामने कानपुर रोड पर एक्सप्रेस-वे के नीचे एक पिलर के बगल चबूतरे पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मृतक पीठ के बल चबूतरे पर पड़ा था और उसका दाहिना हाथ नीचे लटक रहा था। उसने आसमानी रंग की धारीदार शर्ट और काले रंग का सफेद लाइन वाला लोअर पहन रखा था। उसके पैरों में जूते-चप्पल नहीं थे। पुलिस ने उसकी उम्र करीब 50 वर्ष बताई है। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा। मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# जदयू की बैठक में उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुआ मंथन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार, सहकारिता भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने की। बैठक में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों, सभी जिलाध्यक्षों, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2027 चुनाव को ध्यान में रखते हुए मण्डल सम्मेलन, जिला सम्मेलन, विधानसभा सम्मेलन कराने के पश्चात राज्य स्तरीय सम्मेलन कराया जाएगा जिसमे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं बिहार सरकार के मंत्रियों के विधानसभा, जिला एवं मंडल स्तर पर व्यापक जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत सभी जिलों एवं प्रदेश पदाधिकारियों से संभावित एवं इच्छुक प्रत्याशियों के नाम समीक्षा हेतु आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला, विधानसभा एवं बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार और उसकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पार्टी उत्तर प्रदेश में किन-किन विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ेगी, इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती और संगठनात्मक शक्ति के साथ लड़ेगी तथा प्रदेश में बनने वाली अगली सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने बिहार सरकार, विशेषकर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों में बिहार ने विकास, सुशासन एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बेटियों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी अनेक योजनाएँ आज अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन जनहितकारी योजनाओं एवं जदयू की विकासवादी सोच को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें।

# मऊ में माफियागिरी व अवैध वसूली नहीं चलेगी : शर्मा

**▸ ग्राम प्रधानों के उत्पीड़न पर जताई नाराजगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में आपराधिक वसूली गैंग, भूमाफियाओं, राजनीतिक संरक्षण में पनप रही अवैध गतिविधियों पर कड़ा रुख अपनाया है।

उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध प्रभावी, निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद में कानून का राज कायम रहे और किसी भी प्रकार की माफियागिरी दोबारा पनपने न पाए। श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति अथवा गिरोह को कानून अपने हाथ में लेने, अवैध वसूली करने, भूमि पर अवैध कब्जा करने अथवा भय और दबाव का वातावरण बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि किसी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने का भ्रम है, तो प्रशासन निष्पक्षता के साथ कानून के अनुसार कार्रवाई करे और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए। शिकायतों की जांच निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तथ्यों के आधार पर होनी ही चाहिए, लेकिन निराधार शिकायतों के आधार पर जनप्रतिनिधियों को बार-बार जांच के नाम पर परेशान करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने या दबाव में लाने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

# नीट-2026 में सी.एम.एस. छात्रों ने लहराया परचम

**▸ सात छात्रों के 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक, 78 छात्रों के कट-ऑफ परसेन्टाइल से अधिक अंक**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में शानदार सफलता अर्जित कर राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. के 7 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है, जिनमें अमोल सागर ने 720 में से 644 अंक (99.90 परसेन्टाइल), प्रशस्ति त्रिपाठी ने 643 अंक (99.89 परसेन्टाइल), आकृति श्रीवास्तव ने 626 अंक (99.79 परसेन्टाइल), अनामिका यादव ने 602 अंक (99.52 परसेन्टाइल), हर्षित वर्मा ने 593 अंक (99.36 परसेन्टाइल), विदिषा सिंह ने 590 अंक (99.30 परसेन्टाइल) एवं श्रेया वर्मा ने 590 अंक (99.30 परसेन्टाइल) शामिल हैं। कुल मिलाकर, सी.एम.एस. के सर्वाधिक 78 छात्रों ने कट-ऑफ परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

अब ये छात्र देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में एम.बी.बी.एस. कोर्स में एडमीशिन लेकर डाक्टर की डिग्री प्राप्त करेंगे। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभाशाली छात्र आगे चलकर विश्व मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों में विशेष रूप से जय जगत (जेजे) सेक्शन संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से छात्रों को जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयार किया जाता है। अनीट-2026 में अभूतपूर्व सफलता का परचम लहराने वाले सी.एम.एस. के अन्य छात्रों में आरुष उपाध्याय (98.84 परसेन्टाइल), अभिनीत पाण्डेय (98.45 परसेन्टाइल), अंश वर्मा (98.38 परसेन्टाइल), मनस्वी चौधरी (98.38 परसेन्टाइल), निलय सिंह (98.34 परसेन्टाइल), प्रशस्ति यादव (98.27 परसेन्टाइल), वंश पाण्डेय (97.99 परसेन्टाइल), अहमद जयान तैय्यबी (97.59 परसेन्टाइल), याहवी मोहन (97.45 परसेन्टाइल), मोहम्मद रसिख अमून (97.26 परसेन्टाइल), शिवांस तिवारी (97.20 परसेन्टाइल), ओशीन अग्रवाल (96.61 परसेन्टाइल), युवराज मिश्रा (96.33 परसेन्टाइल), इशिमा आलम (95.72 परसेन्टाइल), वंशिका कपूर (95.27 परसेन्टाइल), अनुष्का सिंह (95.26 परसेन्टाइल) एवं मोहम्मद हजीक (95.12 परसेन्टाइल) शामिल हैं।

# रालोद उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बने अनुपम मिश्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शनिवार को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी के निर्देश पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा को उत्तर प्रदेश का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

मयंक त्रिवेदी ने बताया कि यह मनोनयन आगामी विधानसभा चुनावों की दृष्टि से संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन में मेहनत, लगन, निष्ठा और कार्यकुशलता के आधार पर ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं।

उन्होंने बताया कि अनुपम मिश्रा लंबे समय से राष्ट्रीय लोकदल की केंद्रीय टीम के प्रमुख सदस्य रहे हैं। वे राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक, झारखंड प्रभारी तथा युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए संचालित सारथी कार्यक्रम जैसी अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, बौद्धिक नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य की जिम्मेदारी सौंपी है। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी और श्री अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को नई गति मिलेगी। अनुपम मिश्रा के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, संसदीय दल के अध्यक्ष के.सी. त्यागी, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान एवं चंदन चौहान, विधायक अजय कुमार, प्रसन्न चौधरी, मिथिलेश पाल, मदन भैया, गुलाम मोहम्मद, प्रदीप चौधरी तथा योगेश नौहवार ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके अतिरिक्त प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सिंह पटेल, पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सिंह निमेष, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर सहित पार्टी के सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों, प्रकोष्ठ अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं ने श्री अनुपम मिश्रा का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# बंधक बनाकर मारपीट, लूटपाट और ऑनलाइन ठगी करने वाले दो वांछित बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तरी ज़ोन की थाना मड़ियांव पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग दो वर्षों से फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बेहतरीन कामयाबी हासिल की है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अर्जुन और शाहरुख के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों पर प्लॉट दिखाने के बहाने से बुलाकर बंधक बनाकर मोबाइल छीन लेने व मार कर हाथ पैर तोड़ देने की धमकी देने तथा यूपीआई नंबर से ऑनलाइन पैसा कर धोखाधड़ी कर लेने का मामला दर्ज किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक शिवानन्द मिश्रा के नेतृत्व में मड़ियांव पुलिस टीम ने सटीक सूचना और प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। क्षेत्र में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए मड़ियांव पुलिस लगातार अभियान चला रही है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में अहम कदम बताया है।

### जनविकास महासभा योग प्रकोष्ठ द्वारा हुआ पौध रोपण कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम विस्तार स्थित नौवा खेड़ा में लखनऊ जनविकास महासभा योग प्रकोष्ठ द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत दर्जनों योग साधकों द्वारा पौध रोपण किया गया, इस अवसर पर प्रोफेसर अमिता कनौजिया, विभागाध्यक्ष, प्राणी विज्ञान लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही साथ ही साथ लखनऊ जनविकास महासभा के योग प्रकोष्ठ के संरक्षक संतोष तिवारी, योग गुरु विजयकांत श्रीवास्तव, संयोजक श्री पंकज तिवारी, संरक्षक अरविंद मिश्रा, महामंत्री राम तिवारी, मंत्री अजय यादव, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं लखनऊ जनविकास महासभा योग प्रकोष्ठ के कई योगा साधक, एवं संयुक्त उधोग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

**सराहनीय** | **मुख्यमंत्री शिक्षक सुरक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना बनी वरदान, मात्र 10 दिनों में 142 शिक्षकों को मिला लाभ**

# 37.81 लाख रुपये के कैशलेस उपचार को मंजूरी, 47 जिलों के शिक्षक व उनके आश्रितों ने उठाया लाभ

**राज्य ब्यूरो, समृद्धि न्यूज।**




मुख्यमंत्री शिक्षक सुरक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ होने के बाद महज 10 दिनों में शिक्षकों और उनके परिवार ने योजना का लाभ लेना शुरू कर दिया है। प्रदेशभर में अब तक कुल 142 प्री-ऑथराइजेशन स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन मामलों में उपचार की कुल अनुमानित लागत लगभग 37.81 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आठ जुलाई 2026 को इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया था। इसके बाद से योजना को तेजी से लागू करते हुए पात्र शिक्षकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि योजना के शुभारंभ के बाद अब तक स्वीकृत 142 प्रकरणों में बेसिक शिक्षा विभाग के 128 मामले शामिल हैं। उनमें उपचार की अनुमानित लागत 34.15 लाख रुपये है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 14 मामलों में लगभग 3.66 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश के दोनों प्रमुख शिक्षा वर्गों के शिक्षक योजना का लाभ उठा रहे हैं। इनमें सबसे अधिक 52 मामले जनरल मेडिसिन से जुड़े हैं। इसके अलावा जनरल सर्जरी के 28, ऑर्थोपेडिक्स के 15, यूरोलॉजी के 09, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के 08, नवजात शिशु देखभाल के 06, प्रसूति एवं स्त्री रोग के 06, नेत्र रोग के 06 तथा कार्डियोलॉजी के 04 मामलों में उपचार की स्वीकृति दी गई है। अन्य विभिन्न विशेषज्ञताओं में भी मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया गया है।

वहीं अब तक 47 जनपदों के शिक्षकों के उपचार को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। सर्वाधिक 12 मामले गोरखपुर से सामने आए हैं। इसके बाद प्रयागराज से 07 तथा जौनपुर, मुरादाबाद और वाराणसी से 06-06 मामले स्वीकृत हुए हैं। बुलंदशहर, देवरिया और अयोध्या से 05-05 तथा आगरा, अलीगढ़, आजमगढ़, बिजनौर, कौशांबी, मऊ और पीलीभीत से 04-04 मामलों को स्वीकृति मिली है। वहीं उपचार राशि के आधार पर वाराणसी सबसे आगे है, जहां लगभग 3.19 लाख रुपये के उपचार स्वीकृत किए गए हैं।

इसके बाद गोरखपुर में 2.39 लाख रुपये, प्रयागराज में 2.21 लाख रुपये, फतेहपुर में 2.02 लाख रुपये, बदायूं में 1.61 लाख रुपये, जालौन में 1.55 लाख रुपये तथा हरदोई में 1.45 लाख रुपये की चिकित्सा स्वीकृत की गई है। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि योजना गंभीर चिकित्सा आवश्यकताओं को भी प्रभावी ढंग से पूरा कर रही है।

# तारों के मकड़जाल को हटाने के लिए अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



तारों के मकड़जाल को हटाने और एक अतिरिक्त विद्युत पोल स्थापित करने को लेकर समाजसेवी पूर्व पार्षद प्रत्याशी (समाजवादी पार्टी) शैलेन्द्र लोधी ने अधिशाषी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि वह लाला लाजपत राय वार्ड, कुर्सी रोड, महावीर स्कूल के सामने के निवासी हैं।

उनका आरोप है कि कुछ दिनों पूर्व इस क्षेत्र में विद्युत तारों के कारण आगजनी की घटना हुई थी, जिसके उपरांत विभाग द्वारा एक एचटी पोल स्थापित किया गया है जो घरों एवं दुकानों के सामने से गुजर रहे खुले एवं कई स्थानों पर जोड़े गए विद्युत तार अत्यधिक अव्यवस्थित होकर मकड़जाल का रूप ले चुके हैं। इससे दुर्घटना, शॉर्ट सर्किट एवं आग लगने की आशंका लगातार बनी हुई है। जिसकी वजह से स्थानीय निवासियों में भय का वातावरण है।

जनहित एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मौके का निरीक्षण कराकर एक अतिरिक्त विद्युत पोल स्थापित कराये जाने के साथ एबीसी केबल एवं अन्य विद्युत तारों को व्यवस्थित ढंग से स्थानांतरित कर सुरक्षित रूप से लगवाने की मांग की है। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की इससे कोई दुर्घटना की संभावना न होने पाए।

## खबरें एक नजर में

### बीच गांव स्थित तालाब की सफाई की मांग ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।** विकासखंड जैतीपुर की ग्राम पंचायत शिकारपुर के गांव भीटारा में स्थित बीच गांव के तालाब की सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) जैतीपुर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बीच स्थित तालाब की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण वहां आए दिन हादसे होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले इसी तालाब में डूबने से गांव निवासी नरसिंह पुत्र शंकर लाल की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और भय व्याप्त है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की कि तालाब की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, उसके चारों ओर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं और भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में धनीराम, खुशीराम, चेतराम, रंजीत, मुनींद्र, जवाहर, श्रीपाल, सुरेश राजेंद्र सत्यवीर दीपक मिश्रा वेदराम कप्तान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी समय फिर कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### घर से गायब किशोर का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** मोहल्ला बृजपाल नगर के मुनीष का पुत्र शिवम गुप्ता बजरंगी 14 वर्ष का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा है पुलिस छानबीन कर रही है। मुनीष ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम 4 बजे उनका पुत्र शिवम गुप्ता उनसे किसी बात को लेकर नाराज हो गया और बिना बताए घर से चला गया शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर उन्होंने रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं लग सकी उसका सुराग नहीं लगने से परिवार के लोग काफी परेशान हैं। पुलिस के अनुसार परिवार से पूछताछ के बाद किशोर की तलाश की जा रही है।

### रसायन में आकांक्षा व गणित में आयुषी रहीं शीर्ष पर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र 2025-26 का एम.एससी. रसायन विज्ञान एवं गणित का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए एवं परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। रसायन विज्ञान के परीक्षा परिणाम में आकांक्षा यादव ने 8.10 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान, हर्ष मिश्रा ने 7.90 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा अंशिका रस्तोगी ने 7.73 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं गणित में आयुषी शुक्ला ने 7.72 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान, अंजली रस्तोगी ने 7.70 सीजीपीए के साथ द्वितीय तथा प्रथम खन्ना ने 7.64 सीजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रसायन विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह, अमित कुमार, डॉ संदीप दीक्षित, चंदन गोस्वामी, डॉ शशांक गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, अमित राज चौहान, मंजीत कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 24 जुलाई को शाहजहांपुर आएंगे कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे, आशीर्वाद सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**परशुरामपुरी में भगवान परशुराम मंदिर में करेंगे पूजा अर्चना**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे 24 जुलाई को शाहजहांपुर के दौरे पर रहेंगे। वह पुवायां में आयोजित आशीर्वाद सम्मेलन में शामिल होंगे और इसके बाद जलालाबाद स्थित परशुरामपुरी में भगवान श्री परशुराम के चरणों में पूजन-अर्चन करेंगे। कैबिनेट मंत्री के प्रस्तावित दौरे की जानकारी एफसीआई के डायरेक्टर प्रदीप तिवारी ने प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान भाजपा नेता पिंटू तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदीप तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनोज पांडे दोपहर एक बजे पुवायां के कैंब्रिज कॉन्वेंट में आयोजित आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद कैबिनेट मंत्री जलालाबाद स्थित परशुरामपुरी पहुंचेंगे, जहां भगवान श्री परशुराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम जलालाबाद को परशुरामपुरी के रूप में मान्यता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। भाजपा नेता पिंटू तिवारी ने जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आशीर्वाद सम्मेलन और पूजन-अर्चन कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम में जिले और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

### कलान के सम्पूर्ण समाधान दिवस में 39 फरियादियों ने रखीं अपनी समस्याएं, चार का मौके पर निस्तारण




**कलान (शाहजहांपुर)।** तहसील कलान में शनिवार को नवागत उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस दौरान कुल 39 फरियादियों ने रखीं अपनी अपनी समस्याएं। जिनमें राजस्व, पुलिस, विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल रहे। इनमें चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए उनके समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। नवागत उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए आमजन को त्वरित न्याय और राहत उपलब्ध कराई जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील और ब्लॉक स्तरीय विभागों के लगभग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार सृजित कुमार,नायब तहसीलदार सगीर अहमद,खंड शिक्षाधिकारी मिर्जापुर अरविन्द कुमार, मिर्जापुर थाने के एसएसआई सुनील कुमार भारद्वाज,परौर थाना प्रभारी जुगुल किशोर, कलान थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### देखिए सिस्टमः जब पानी की टंकी पर चढ़कर जान जोखिम में डाली, तब हुआ समस्या का समाधान

**राजस्व और पुलिस टीम ने चंद घंटे में कराया जल निकासी विवाद का समाधान**

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम म्यूना में खेतों से वर्षा जल निकासी की समस्या को लेकर शनिवार सुबह दो ग्रामीण गांव की पानी की टंकी पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। संबंधित पक्षों से बातचीत और मौके पर निरीक्षण के बाद जल निकासी की व्यवस्था कराई गई, जिसके बाद दोनों ग्रामीण सकुशल नीचे उतर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम म्यूना निवासी मनोज कुमार पुत्र गोकर्ण लाल एवं सूरजपाल पुत्र मंगलीराम का कहना है कि लगातार बारिश के कारण उनके खेतों में पानी भर गया था। उनका आरोप है कि खेतों से पानी निकालने के लिए पहले से बनी निकासी व्यवस्था बाधित हो जाने से उनकी फसल प्रभावित हो रही थी। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में थाना खुदागंज तथा उपजिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की थी।शनिवार सुबह दोनों ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों से बातचीत की।



# समाधान दिवस में 10 विभागों के गैरहाजिर अधिकारियों से जवाब तलब

**कुल आई 31 शिकायतों में छह का हुआ निस्तारण**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को सुनकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया । इस दौरान कुल 31 शिकायतों दर्ज की गई जिनमें से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अलग-अलग विभागों के 10 अधिकारी गैर हाजिर रहने पर एडीएम ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा। शनिवार को सबसे पहले एडीएम अरविंद कुमार ने पुरानी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। बरसात होने के कारण शुरुआत में फरियादी कम रहे। इसी दौरान सभागार में कई अधिकारियों की कुर्सियां खाली पड़ी होने पर एडीएम ने तहसीलदार को उपस्थिति लेने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने उपस्थिति ली । जिसमें 10 विभागों के अधिकारी नदारद थे । और न ही उक्त अधिकारियों के हाजिरी रजिस्टर पर हस्ताक्षर पाए गए । इस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए गैर हाजिर अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जमीन पर कब्जे एवं खेतों की मेड तोड़ लेने की अधिक शिकायत आने पर उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार अजहर अंसारी, नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर, कोतवाल प्रिंस शर्मा , अवधेश सेंगर , पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार , ईओ सुनील कुमार , डॉ अभिषेक जौहरी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी की बैठक सुरक्षा नियमों के शत-प्रतिशत पालन के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़**

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, आगामी धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना खुदागंज परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी डीजे संचालक शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डीजे की कुल ऊंचाई 8 फीट से कम रखी जाए, जिससे विद्युत लाइनों एवं अन्य संभावित दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही किसी भी ट्रैक्टर के साथ एक से अधिक ट्रॉली जोड़कर डीजे ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि डीजे संचालन में प्रयुक्त सभी वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, जैसे आरसी, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र पूर्ण एवं अद्यतन होने चाहिए। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित ध्वनि मानकों का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी डीजे संचालकों से प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। बैठक का उद्देश्य आगामी आयोजनों के दौरान जनसुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना एवं अव्यवस्था की संभावना को रोकना रहा।

## नाबालिग किशोरी से पॉस्को एक्ट व रेप का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ रेप किए जाने के मामले में पीड़ित के बयानों के आधार पर प्रकाश में आए दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है । जबकि मुख्य आरोपी को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। नगर क्षेत्र की एक महिला ने उसकी नाबालिग बेटी को नजरपुर निवासी युवक राज पुत्र गणेश द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती की बरामदगी के बाद कोर्ट में बयानों के आधार पर विवेचना में पॉस्को व रेप में तरमीम किया गया था । पुलिस ने आरोपी राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं प्रकाश में आए दूसरे आरोपी बंटी पुत्र बबलू को मुखबिर की सूचना पर शनिवार सुबह करीब दस बजे पुलिस टीम ने नगर के बाईपास चौराहे के समीप से धर दबोचा। जिसका सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण कराये जाने के बाद कोर्ट में पेश किया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## रोजा जंक्शन के प्लेटफार्म पर घूमता मिला बच्चा

**स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सौंप कर चाइल्ड हेल्पलाइन को दी जानकारी, बच्चे के अनुसार गोरखपुर का है रहने वाला**

**समृद्धि न्यूज**



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शनिवार की सुबह स्टेशन मास्टर अंकित कुमार शुक्ला को एक बच्चा टहलता मिला।पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम शुभम और गोरखपुर का रहने वाला बताया है। स्टेशन मास्टर अंकित कुमार शुक्ला ने अधिक जानकारी न दे पाने पर जीआरपी के सुपुर्द कर चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दे दी है। रोजा रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर शनिवार सुबह एक बच्चा टहल रहा था। स्टेशन मास्टर अंकित कुमार शुक्ला ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह किसी ट्रेन से गोरखपुर से आया हैं। बच्चे ने अपना नाम शुभम (8) व पिता का नाम आदित्य बता रहा है। उसे अपने घर का पता नहीं मालूम हैं। स्टेशन मास्टर ने उसे जीआरपी के हवाले करके चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित कर दिया हैं।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को लेकर विधायक को दिया पत्र

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** बढ़ते लोड के कारण आए दिन ग्रामीणों को विद्युत की सप्लाई ठीक तरीके से नहीं मिल पा रही है। जिसको लेकर प्रधान ने गांव के लोगों के साथ पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद विधायक को पत्र देकर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढबाने की मांग की। शनिवार को मुकीमपुर के ग्राम प्रधान नवीन कुमार मिश्रा की अगुवाई में गांव के तमाम लोग संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते विधायक चेतराम के पास पहुंचे उन्होंने पत्र देकर बताया कि बढ़ती आबादी और अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहा है। तथा लो वोल्टेज की समस्या है। जिस कारण हम लोगों को बिजली की सप्लाई निर्वाध रूप से नहीं मिल रही है।

## सीतापुर के कांग्रेस सांसद का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज**



**तिलहर - शाहजहांपुर।** सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शनिवार दोपहर हाइवे बाईपास चौराहे के समीप स्थित एवन मैरिज लॉन में सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता का नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सांसद राकेश राठौर जैतीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामजी अवस्थी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सईद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी, जिला सचिव अजय पाठक, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. डॉ. जाने आलम खान, चांद अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस सैयद फिरोज अली, विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस दानिश शेख, नगर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस साद उल्ला खां, नगर महासचिव इम्तियाज खान, नगर उपाध्यक्ष नईम यार खान, नगर उपाध्यक्ष बाबर बेग, नगर महासचिव अनस अहमद, सत्तार खान, अनिल भाई, नगर सचिव वाहेद अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिकायत निस्तारण में शिथिलता नहीं होगी क्षम्य-गिरेगी गाजः डीएम



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने तहसील में फरियादियों की शिकायतों को सुना। डीएम ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायते संपूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो उन आवेदनों का मौके पर जाकर जांचकर्ता शिकायतकर्ता के साथ जियो टैग फोटो लेकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायत निस्तारण में संतुष्टि का प्रतिशत कम होने पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से बात करके किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का 15 दिवस में निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रकरणों में पूरी जांच कर ही स्पेशल क्लोज किया जाए।

## खंड विकास अधिकारी ने जल संरक्षण के बताए उपाय

**समृद्धि न्यूज**



**पुवाया, शाहजहांपुर।** ब्लॉक सभागार में शनिवार को भू जल संरक्षण के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें जल संरक्षण के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना ने गोष्ठी में मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए बताया की पृथ्वी में मात्र 2.7 प्रतिशत स्वच्छ पानी है। जल संसाधनों की कमी प्राकृतिक वातावरण को भी खराब करती है पानी के बगैर कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता है। जल संरक्षण के तहत पानी की खपत को एक तिहाई तक काम किया जा सकता है। स्वच्छ पानी अनोखा पदार्थ है इसका महत्व समझे और इसे संरक्षित करें। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नहाते समय बाल्टी या मग का प्रयोग करना चाहिए ।और नल की टोटियों को खुला ना छोड़े। घर की फर्श को पाइप से धोने की बजाय झाड़ू का उपयोग करें। घर के बाहर जाते समय पानी का मुख्य वाल्व बंद कर दें। इस दौरान अमित कुमार, राजीव कुमार, संजीव गुप्ता, एडीओ कोऑपरेटिव राजेश वर्मा, सचिव सुनील दीक्षित, राज नारायण सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, दंगल सिंह यादव प्रधान, बिजनेस कुमार प्रधान, रवि शंकर सोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 22 जुलाई तक सुझाव-आपत्तियां जिला निर्वाचन कार्यालय में देंः डीएम

**मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक**

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बिस्मिल में सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया में राजनैतिक दलों से सुझाव लेना था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारी से कहा कि 22 जुलाई तक मतदेय स्थलों के संभाजन में जो भी सुझाव एवं आपत्तियां है संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में दे सकते हैं।डीएम ने बैठक में बताया कि जनपद की 6 विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में अवस्थित मतदेय स्थल कुल 2810, आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थल मतदेय 2600, सुझाव, आपत्तियों के पश्चात मतदेय स्थलों की संख्या 2601 हैं।डीएम ने कहा कि मतदेय स्थल ऐसा हो जहां मतदाता आसानी से पहुंच सके, वहां बिजली, पानी, रैंप और शौचालय की सुविधा हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि अपने स्तर से भी देख लें जहां पर मतदेय स्थल दूर, जर्जर हो सूची उपलब्ध करायें नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र,सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जौहर यूनिवर्सिटी, सोनम वांगचुक मुद्दों पर केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** जैतीपुर में आयोजित संविधान संवाद सम्मेलन में जाते समय सीतापुर कांग्रेस सांसद राकेश राठौर का कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में बरेली मोड़ स्थित स्वागत ढाबा पर पदाधिकारियों ने पगड़ी व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद तिलहर स्थित एवन मैरिज लॉन में एक बैठक में बोलते हुए सांसद राकेश राठौर ने कहा कि विधानसभा चुनाव सर पर है, पूरी तैयारी और दमदारी से लड़ने की तैयारी करो हर बूथ पर एक मजबूत टीम का निर्माण करना होगा। जिसके सहारे हम चुनावी समर में कांग्रेस की नईया पार लगा सके। हमें ब्राह्मण ठाकुर के साथ साथ सर्वाधिक ओबीसी और दलित मुस्लिम समाज को जोड़ने का प्रयास करना होगा और उनको प्रतिनिधित्व देना होगा। उन्होंने जौहर यूनिवर्सिटी,सोनम वांगचुक सहित तमाम मुद्दों को उठाते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला बोला। जैतीपुर में श्रीराम राठौर द्वारा आयोजित संविधान बचाओ संवाद में सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है लेकिन हम सबको मिलकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा ताकि संविधान की रक्षा की जा सके। राकेश राठौर ने कहा कि ज़रा सोचिये आजम खान पर दो दिनों में 84 मुकदमे दर्ज किए गए पूरे परिवार को तबाह कर दिया शिक्षा के मंदिर जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। छात्रों के हक की आवाज़ उठाने पर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के साथ क्या व्यवहार किया गया ये पूरा देश देख रहा है। इसलिए कांग्रेस को मजबूत कीजिए क्योंकि कांग्रेस ही किसान, नौजवान छात्रों मजदूरों महिलाओं के हक की बात करती है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस एक अभियान चलाकर बूथ स्तर तक मजबूत का निर्माण कर हर घर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाने का काम करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।

## परिवार परामर्श केंद्र में 19 पत्रावलियों पर सुनवाई

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** एसपी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। जिसमें 19 पत्रावलियों पर सुनवाई तथा 1 दम्पति को विदा किया गया। थाना बंडा के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 1 वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी 1 महीने से अपने मायके में रह रही है, द्वितीय पक्ष ने बताया कि मेरे पति शराब पीकर मेरे साथ मारपीट करते थे तथा खर्चा भी नहीं देते थे, इसलिए पत्नीअपने मायके रह रहीं थी। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया, और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया । परामर्श उपरांत दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, चंद्रकांता शर्मा, नेहा चौहान, मोनिका कुमारी शीतल चौहान, रश्मि चौधरी, निशा मिश्रा आरक्षी रिंकू आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भैंस नहलाने को लेकर हुए विवाद ने लिया हिंसक रूप

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम देवनगर में खड़ंजे पर भैंस नहलाने को लेकर हुआ मामूली विवाद एक हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। दबंग पड़ोसियों ने एक घर में घुसकर दो महिलाओं पर डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए गए और एक महिला का गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवनगर निवासी विनय कुमार पुत्र स्वर्गीय मोहर सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 14 जुलाई की सुबह करीब 6 बजे खेत पर काम करने गया था। घर पर उसकी पत्नी शशि देवी और बहन साक्षी अकेली थीं। इसी दौरान पड़ोस की रहने वाली पुष्पा देवी पत्नी संजय सिंह और उसकी बेटी कोमल खड़ंजे पर भैंस नहलाने लगीं। जब विनय की पत्नी और बहन ने इस पर आपत्ति जताई, तो दोनों आरोपियों ने आक्रोशित होकर डंडों से उन पर हमला कर दिया।आरोपियों ने घर में घुसकर शशि देवी व साक्षी को बेरहमी से पीटा। इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए। आरोप है कि हमलावरों ने शशि देवी का गला दबाकर उन्हें जान से मारने की कोशिश भी की। घर के भीतर से चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। खेत से काम कर लौटने पर जब पीड़ित पति विनय कुमार को घटना की जानकारी मिली, तो उसने विपक्षी पुष्पा देवी के पति संजय सिंह से इस अभद्र व्यवहार के बारे में शिकायत की। इस पर संजय सिंह भड़क गया और उसने पीड़ित को सरेराह गालियां देनी शुरू कर दीं। इसके साथ ही आरोपी ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया।

### ठाकुर रोशन सिंह राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नवादा दरोबस्त स्थित ठाकुर सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से 'साइबर सुरक्षा' विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना के निर्देशन एवं कार्यशाला समन्वयक डॉ. मोहित गुप्ता के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने कहा कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना और सही जानकारी रखना प्रत्येक नागरिक, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में बैंक ऑफ बड़ौदा की नवादा दरोबस्त शाखा के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने 'डिजिटल अरेस्ट' और 'फर्जी पार्सल घोटाला' जैसे साइबर अपराधों पर केस स्टडी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग लोगों के लालच, भय और अनजानेपन का लाभ उठाकर उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। कई मामलों में अपराधी फोन कॉल बंद होने या कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर भी ठगी को अंजाम देते हैं। इसके अलावा चरखोला शाखा के शाखा प्रमुख विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात,क्ष्य फाइल को डाउनलोड न करें, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें तथा ऑनलाइन नौकरी, इनाम या लॉटरी जैसे प्रलोभनों से सतर्क रहें। उन्होंने मोबाइल में ऑटोमैटिक डाउनलोड सुविधा बंद रखने की भी सलाह दी। कार्यशाला के अंत में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला समन्वयक डॉ. मोहित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### महिला से देवर ने की दुष्कर्म की कोशिश, पति और देवर ने मिलकर पीटा, मामला दर्ज

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम कोठा की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि दिनांक 13 जुलाई रात करीब 9:00 बजे जब वह अपने कमरे में थी, तभी उसका देवर हसरुद्दीन कमरे में घुस आया। आरोप है कि देवर ने महिला के साथ जबरदस्ती करते हुए गलत काम करने की कोशिश की। जब पीड़िता ने शोर मचाया और चिल्लाई, तो आरोपी देवर उसे गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि इस घटना के बाद उसके पति ने भी उसका साथ देने के बजाय उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और गाली-गलौज की। पीड़िता ने अपने पति और देवर दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के अगले दिन यानी 14 जुलाई को पीड़िता द्वारा थाना कटरा में लिखित तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत केस दर्ज कर लिया है।

### आरसीएल के बेकाबू डंपर ने एआरपी की कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे अधिकारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार आरसीएल डंपर ने स्कूल निरीक्षण के लिए जा रहे एआरपी की कार में टक्कर मार दी। हादसे में भावलखेड़ा के एआरपी अनिल द्विवेदी और पंकज पाल बाल-बाल बच गए, जबकि उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।जानकारी के अनुसार, दोनों एआरपी प्राथमिक विद्यालय गुवारी के पर्यवेक्षण के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रिलाइंस पावर प्लांट के मेटेरियल गेट के पास राज कार्पोरेशन लिमिटेड (आरसीएल) कम्पनी के बेकाबू डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही चौड़ेरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विचित्र अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला, स्थिति संभाली और डंपर को रुकवाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे में किसी के हताहत न होने से बड़ा हादसा टल गया। वहीं दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# 2632.76 लाख से तैयार स्पोर्ट्स स्टेडियम शाहजहांपुरवासियों को समर्पित

▸ **खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: वित्त मंत्री**

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** जनपद के खिलाड़ियों को बेहतर एवं आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा 2632.76 लाख की लागत से परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में विकसित आधुनिक खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सांसद अरुण कुमार सागर, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काटकर तरणताल, बैडमिंटन कोर्ट एवं कबड्डी इंडोर हॉल का उद्घाटन किया तथा सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का बटन दबाकर शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा कहा कि अब उन्हें आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ लेने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि को पटका एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया, जबकि अन्य अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने स्टेडियम में कराए गए नवीन निर्माण कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुरेश कुमार खन्ना के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग के कारण शाहजहांपुर में खेल अवसंरचना सहित विभिन्न विकास कार्यों को नई गति मिली है। हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जिसे दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिला खेल प्रोत्साहन समिति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए लगभग 5 से 6 लाख प्रतिमाह व्यय किया जाएगा। जनपद के 9 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में शाहजहांपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माहिका खन्ना ने कहा कि इतने आधुनिक खेल परिसर को देखकर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम के माध्यम से शाहजहांपुर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शाहजहाँपुर का यह आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम पूरे बरेली मंडल के लिए गौरव का विषय है। स्टेडियम में स्विमिंग पूल, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप 400 मीटर सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, बहुउद्देश्यीय क्रीड़ा हॉल, कबड्डी इंडोर हॉल, बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कक्ष, क्रिकेट पिच, सिटिंग एरिया, सेल्फी पॉइंट एवं सीसीटीवी जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं का संरक्षण एवं रखरखाव करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेडियम में जनरेटर की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी तथा हॉकी क्लब की स्थापना भी की जाएगी। मंत्री ने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए सरकार द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने वाराणसी के ओलंपियन ललित उपाध्याय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डिप्टी एसपी के पद पर सीधी नियुक्ति दिए जाने का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद अरुण कुमार सागर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, उपसभापति वेदप्रकाश मौर्य, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, विनीत मिश्रा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया सहित संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मदरसा शिक्षकों व कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा के लिए वित्त मंत्री को ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज**



**शाहजहांपुर।** अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के  के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें एवं उनके परिवारों को समय पर बेहतर उपचार मिल रहा है। जबकि अनुदानित मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, फिर भी वे इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रदेश के सभी अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी अन्य विभागों के कर्मचारियों की भाँति कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। इससे हजारों शिक्षक, कर्मचारी एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी तथा वे अधिक समर्पण एवं उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

मंत्री श्री खन्ना ने आश्वासन दिया कि आप की मांग पर विचार अवश्य किया जाएगा इस मौके पर इज़हार हसन, जहूर अहमद, ज़ाहिद, मोईन खान, सैयद शारिक अली, हैदर अली, साजिद अली खान, मौलाना इमरान खान, मोहम्मद अनीस, सोहेल अहमद, मिर्जा खालिद बाग, नबील खान, आदि मौजूद रहे।

## नीट-2026 में आकाश इंस्टीट्यूट के पहले बैच का शानदार प्रदर्शन



**समृद्धि न्यूज**

**शाहजहांपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट की शाहजहांपुर शाखा ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में नीट-2026 के परिणाम में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। संस्थान के कई विद्यार्थियों ने बेहतर अंक और रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान के अनुसार पहले बैच के छात्र जयेश प्रताप सिंह, मोहम्मद मन्नान उल्लाह खान, उमरा नक़ीब, मोहम्मद मुक़ीम, खुशाली और मुजस्सिम खान ने नीट-2026 में सफलता प्राप्त की है। संस्थान ने इसे शाहजहांपुर में गुणवत्तापूर्ण ऑफलाइन कोचिंग की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस अवसर पर आकाश इंस्टीट्यूट शाहजहांपुर शाखा के निदेशक अभिज्ञान श्रीवास्तव ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि पहले ही बैच की सफलता यह साबित करती है कि समर्पित शिक्षकों, नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और पूरी तरह ऑफलाइन अध्ययन से विद्यार्थी बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। मार्केटिंग मैनेजर रवि शर्मा ने सफल विद्यार्थियों के घर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी सत्र के विद्यार्थियों से अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर मेहनत के साथ तैयारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि इसी तरह सफलता की परंपरा आगे भी जारी रखी जाएगी।

## हापुड़ डिपो पर चढ़ने का प्रयास कर रहे बुजुर्ग के पैर पर बस का टायर चढ़ा

**समृद्धि न्यूज**



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** स्थानीय मेन चौराहा ओवरब्रिज के साइड पास पर देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। हापुड़ डिपो की रोडवेज बस पर चढ़ने का प्रयास कर रहे एक बुजुर्ग अचानक पैर फिसलने से बस के पिछले टायर के नीचे आ गए। हादसे में बुजुर्ग का पैर बुरी तरह कुचल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को गंभीर हालत में तत्काल इलाज के लिए बरेली भेजा है।

?मिली जानकारी के अनुसार, तिलहर के ग्राम नजरपुर निवासी अली मोहम्मद (65 वर्ष) देर शाम तिलहर जाने के लिए मेन चौराहा ओवरब्रिज के पास खड़े थे। इसी दौरान वहां हापुड़ डिपो की एक रोडवेज बस रुकी। अली मोहम्मद जैसे ही बस में चढ़ने लगे, तभी चालक ने अचानक बस चला दी। बस का झटका लगते ही बुजुर्ग का पैर पायदान से फिसल गया और वह सीधे चलते वाहन के नीचे आ गए। चश्मदीदों के मुताबिक बस का पिछला टायर बुजुर्ग के पैर के ऊपर से निकल गया, जिससे उनका पैर बुरी तरह कुचल गया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई।?घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए लहूलुहान हालत में बुजुर्ग को एम्बुलेंस से तत्काल उपचार के लिए बरेली भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, बस में सवार यात्रियों को पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया।

**अदालती सूचना**
**ता.पेशी 22.07.2026 इश्तहार मुजरिया**
**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) पुवायां**
**जिला शाहजहांपुर**

उत्तराधिकार वाद संख्या 03 वर्ष 2026 बली मो. बनाम सितारा बेगम बनामः-1. सितारा बेगम पत्नी बली मो. नि. ग्राम दिवाली पर. बडागांव तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी।

अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन् 1925 ई.दरख्वास्त मुसम्मी बली मो. वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. हूर जहां पुत्री बली मो.मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई. हरगाह मुसम्मी बली मो. वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 22.07.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 22.07.2026 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 17.07.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज (जू.डि.) पुवायां जि. शाहजहांपुर।**

## नगर निगम सदन की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मंथन

▸ **30 सितंबर तक मिल सकती है संपत्ति कर में 10 प्रतिशत छूट**

**समृद्धि न्यूज**




**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में शनिवार को महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता और प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में नगर निगम सदन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में संपत्ति कर की चालू मांग पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, ताकि अधिक से अधिक करदाताओं को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा शहर में मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बड़ी फॉगिंग मशीन खरीदने, स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत पौधारोपण अभियान चलाने, जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नए नालों के निर्माण, दृष्टिबाधित नागरिकों के लिए कल्याण केंद्र की स्थापना, सीएम ग्रिड कार्य के लिए स्वैच्छिक सहायक की नियुक्ति तथा रोजा क्षेत्र के बरेली मोड़-मठिया कॉलोनी में विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर स्थापित कराने जैसे प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शहर के विकास से जुड़े सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को सदन में आए सुझावों और प्रस्तावों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के पार्षद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं SIDDAVVA NINGAPPA DOLLI, मेरे पुत्र आर्मी नं. 4286648-A, रैंक L/NK SIDDAPPA DOLLI के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश (SIDDAVVA) गलत अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक एवं सही नाम SIDDAVVA NINGAPPA DOLLI है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**ग्राम-नल्लानट्टी**
**तहसील-गोकाक-जिला-बेलगांव**
**राज्य-कर्नाटक पिनकोड - 591307**

### सूचना

मैं SIDDAVVA NINGAPPA DOLLI, मेरे सुपुत्र आर्मी नं. 4286648-A रैंक L/NK SIDDAPPA DOLLI के सैन्य दस्तावेज में मेरी जन्मतिथि 22.07.1965 गलत अंकित हो गई है, जबकि मेरी वास्तविक एवं सही जन्मतिथि 06.02.1955 है। भविष्य में इसी जन्मतिथि को सही माना जाए।

**ग्राम-नल्लानट्टी**
**तहसील-गोकाक जिला-बेलगांव**
**राज्य- कर्नाटक पिनकोड-591307**

### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र सत्यम प्रजापति, पुत्रवधू ज्योति को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राजेश्वरी प्रजापति**
**पत्नी स्व. राजाराम प्रजापति**
**नि.मो. छावनी कस्बा व थाना,**
**तह. पुवायां, शाहजहांपुर।**

## वित्तमंत्री ने नवीन सर्किट हाउस जाने वाले मार्ग का किया शिलान्यास

▸ **पौधरोपण कर दिया हरित विकास का संदेश**

**समृद्धि न्यूज**




**शाहजहांपुर।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से नवीन सर्किट हाउस तक बनने वाले पहुंच मार्ग (रिट्रीट मार्ग) का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर शिलापट्ट का अनावरण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सांसद अरुण कुमार सागर, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नवीन सर्किट हाउस तक सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए 1.20 किलोमीटर लंबा और 7.20 मीटर चौड़ा मार्ग बनाया जाएगा। सड़क 20 सेंटीमीटर मोटाई के साथ उच्च गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्मित होगी। यह मार्ग सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा रहेगा, जिससे सर्किट हाउस तक निर्बाध संपर्क स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सर्किट हाउस की उपयोगिता उसकी बेहतर कनेक्टिविटी पर निर्भर करती है और यह परियोजना जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा आमजन सभी के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। मंत्री ने बताया कि नवीन सर्किट हाउस का शिलान्यास 30 मार्च 2025 को किया गया था और अब उसके पहुंच मार्ग का निर्माण शुरू कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्यों की समयबद्ध मॉनिटरिंग के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की सराहना की। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। परियोजना की स्वीकृत लागत 713.01 लाख रुपये है। सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में शाहजहांपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जनपद को सड़क, खेल और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात मिली है। एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि मंत्री की दूरदर्शी सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण शाहजहांपुर लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से जनपद की आधारभूत संरचना और मजबूत होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश दिया।

## मेडिकल कॉलेज में छात्र सुरक्षा को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पंडित राम प्रसाद बिस्मिल राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। संगठन ने आरोप लगाया कि कॉलेज में लगातार हो रही अभद्रता और दुर्व्यवहार की घटनाओं से छात्र-छात्राओं में भय का माहौल है। एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि मेडिकल कॉलेज परिसर में तत्काल प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं सख्त कदम उठाए जाएं। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज शिक्षा का मंदिर है, लेकिन यहां छात्र-छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## हाइड्रोजन ट्रेन

देश की पहली हाइड्रोजन ऊर्जा से चलने वाली रेल की शुरुआत ने भारत में साफ-सुथरे और कम प्रदूषण वाले ट्रांसपोर्ट की ओर बदलाव की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को हरियाणा में हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट- 'मेक इन इंडिया' की सफलता के प्रतीक के तौर पर भी प्रस्तुत किया गया। दूसरे शब्दों में कहें तो यह पूरी दुनिया को संदेश देने का प्रयास ही है कि आज भारत पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को प्राथमिकता देने के लिये प्रतिबद्ध है। यानी हम भी इस क्षेत्र के ग्लोबल लीडर्स में शामिल होने के आकांक्षी हैं। निश्चित रूप से हाइड्रोडन फ्यूल सेल से चलने वाली यह 10-कोच वाली ट्रेन, जिसमें सिर्फपानी की भाप ही निकलती है, डीजल इंजनों का पर्यावरण अनुकूल विकल्प भी है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के जींद में स्वदेशी टेक्नोलॉजी और स्थानीय स्तर पर विकसित हाइड्रोजन इकोसिस्टम के साथ, यह प्रोजेक्ट एडवांस्ड इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को भी दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर यह प्रोजेक्ट देश के 'नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' को भी संबल देने वाला है। जिसका उद्देश्य आयातित जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करना तो है ही, साथ ही दीर्घकाल में देश के नेट-जीरो के लक्ष्यों को पूरा करने में सहयोग बढ़ाना भी है। सही मायने में देश में ग्रीन हाइड्रोजन का रणनीतिक महत्व जलवायु संबंधी चिंताओं से कहीं आगे बढ़कर है। हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते अमेरिका व ईरान के संघर्ष से उपजे विषम हालातों ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की जरूरत को एकबार फिर से रेखांकित किया है। ऐसे में आयातित कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और औद्योगिक फीड स्टॉक पर भारत की भारी निर्भरता के कारण ऊर्जा सुरक्षा आज देश की राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है। विशेष रूप से वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में। आज के वैश्विक अशांति के समय में ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्रीय संप्रभुता की संरक्षा के लिए अपरिहार्य शर्त बन गई है। इसमें दो राय नहीं हो सकती है कि मौजूदा दौर में हमें नवीकरणीय ऊर्जा की उपयोगिता को बढ़ावा देना होगा। इसी क्रम में देश में ही हाइड्रोजन का उत्पादन करने से हमें अस्थिर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर इन सभी प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा। नि:संदेह, हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर जो उत्साह देखा जा रहा है, वह स्वाभाविक ही है। लेकिन इससे जुड़ी हकीकत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए हरित हाइड्रोजन की कीमत आम ग्रे हाइड्रोजन की कीमत से लगभग दोगुनी होती है। इसमें बिजली की अधिक लागत, महंगे इलेक्ट्रोलाइजर और लगातार पॉलिसी सपोर्ट की जरूरत, बड़े पैमाने पर इसके उपयोग को लेकर चुनौतियां पैदा कर सकती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि देश में ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क का 95 फीसदी हिस्सा पहले ही बिजली से संचालित हो चुका है। हाल-फिलहाल इस बात की संभावना कम ही है कि हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन पूरे देश में इलेक्ट्रिक ट्रेनों की जगह ले लेंगी। इसके बजाय, हाइड्रोजन ऊर्जा से संचालित ट्रेनों का ज्यादा लाभ उन रूटों पर हो सकता है, जहां बिजली की लाइन बिछाना आर्थिक या तकनीकी रूप से कठिन होता है। इस दृष्टिकोण से हाइड्रोजन ट्रेन को लंबे समय के समाधान के बजाय एक रणनीतिक प्रदर्शन के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि भारत इसकी उत्पादन लागत किस हद तक कम करने में सफल हो पाता है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता का विस्तार करने तथा व्यावसायिक रूप से कामयाब हाइड्रोजन इकोसिस्टम बनाने में हम किस सीमा तक सफल होते हैं। इसके अलावा हमें कम लागत वाली अन्य नवीकरणीय ऊर्जा के नये स्रोतों को भी तलाशना होगा। जिसके लिये इन विकल्पों की व्यावहारिकता और आर्थिक लागत कम रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारे प्रयास हों कि तकनीक व अन्य संसाधनों के मामले में 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्यों की प्राथमिकता पर ध्यान दें।

# आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है ई-20 पेट्रोल

डॉ. आशीष वशिष्ठ




*भारतीय मानक ब्यूरो और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया के परीक्षणों में 80 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना किसी समस्या के ई-20 पर चल सकते हैं। पुरानी गाड़ियों के लिए भी कम ब्लेंडिंग विकल्प उपलब्ध हैं। ई-20 में ऑक्टेन संख्या अधिक होने से दहन बेहतर होता है। कुछ गाड़ियों में 1-2 प्रतिशत अधिक खपत हो सकती है, लेकिन ईंधन आयात बिल में होने वाली बचत जो कि लगभग 30,000 करोड़ रुपये सालाना या इससे कहीं अधिक है। पारंपरिक पेट्रोल की तुलना में ई-20 ईंधन से कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) के उत्सर्जन में भारी कमी आती है। एथेनॉल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होने के कारण ईंधन का दहन बेहतर ढंग से होता है। यह भारत के वैश्विक जलवायु लक्ष्यों (पेरिस एग्रीमेंट) को पूरा करने में मदद कर रहा है। यह हमारे प्रदूषित शहरों के लिए वरदान है। जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बहुत कम होने पर एथेनॉल की आर्थिक बढ़त कम हो सकती है। लेकिन सरकार का उद्देश्य केवल लागत घटाना नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, प्रदूषण में कमी, किसानों की आय बढ़ाना और भारत को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन भविष्य की जरूरत हैं। ई-20 केवल पेट्रोल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है।*

देश में पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई-20) को अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इस बदलाव को लेकर वाहन मालिकों और विशेषज्ञों के बीच व्यापक विमर्श और कुछ चिंताएं भी सामने आ रही हैं। सरकार ने देश के ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और कृषि आय बढ़ाने के लक्ष्यों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक बड़ा प्रतीक माना जा रहा है। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि ई-20 पेट्रोल किस प्रकार आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत कर रहा है?

वास्तव में, ई-20 पेट्रोल भारत की ऊर्जा सुरक्षा, किसान कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सोचा-समझा, वैज्ञानिक कदम है। यह कोई अचानक या जल्दबाजी का फैसला नहीं है। वर्ष 2001 में शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट से लेकर आज तक दो दशकों से अधिक के वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन मूल्यांकन, इंजन मॉडिफिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बाद इसे लागू किया गया है।

सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, ई-20 पेट्रोल से विदेशी मुद्रा की भारी बचत होती है और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होती है। वर्तमान में भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। एथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम की वजह से देश अब तक लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचा चुका है। कच्चे तेल के आयात बिल में सालाना करीब 30,000 से 40,000 करोड़ रुपये की बड़ी बचत हो रही है। देश को हर साल करीब 1450 करोड़ लीटर एथेनॉल की जरूरत है, जबकि हमारी उत्पादन क्षमता 1750-1800 करोड़ लीटर तक पहुंच चुकी है। एथेनॉल सिर्फ गन्ने से नहीं, बल्कि मोलासेस, मक्का, टूटे चावल, पराली और बांस से भी बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात बचा है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों की आय बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर बायो-रिफाइनरीज खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और तेल कंपनियों द्वारा गहन वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही इसे देशभर में लागू किया गया है। भारत ने समय से पहले एथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्यों को हासिल कर ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों की कतार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से ही सभी वाहन निर्माताओं के लिए ऐसे वाहनों का उत्पादन अनिवार्य कर दिया था जो ई-20 पेट्रोल को बिना किसी परेशानी के झेल सकें। भारत स्टेज गाड़ियों में ई-10 पहले से ही इस्तेमाल हो रहा था। ई-20 के लिए फ्यूल सिस्टम, सील और इंजेक्टर को अपग्रेड किया गया है। भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माता जैसे मारुति सुजुकी, टोयोटा और हीरो मोटोकॉर्प अब व्यापक रूप से ई-20 और फ्लेक्स-फ्यूल (ई85/ई100) इंजन वाली गाड़ियां बना रहे हैं।

ई-20 पेट्रोल को लेकर उपभोक्ताओं और वाहन मालिकों की भी चिंताएं हैं। केंद्रीय परिवहनमंत्री नितिन गडकरी का दावा है कि ई-20 पेट्रोल की व्यापक टेस्टिंग की गई है और ऐसी कोई प्रमाणित रिपोर्ट नहीं है, जो यह साबित करे कि केवल ई-20 से इंजन खराब हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक, माइलेज सड़क और ट्रैफिक की स्थिति पर निर्भर करता है। एथेनॉल की कैलोरी वैल्यू पेट्रोल से थोड़ी कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में मामूली अंतर आ सकता है। लेकिन एथेनॉल सस्ता है, प्रदूषण कम करता है और फ्लेक्स-फ्यूल इंजन आने के बाद यह अंतर और कम हो जाएगा।

तेल मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से गाड़ियों के माइलेज में लगभग 3-5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। जानकारों का मानना है कि, 2023 से पहले के निर्मित वाहनों पर लंबे समय तक ई-20 पेट्रोल इस्तेमाल करने से माइलेज कम हो सकता है और फ्यूल सिस्टम पर असर पड़ सकता है। पुराने वाहनों जो ई-20 के लिए प्रमाणित नहीं हैं, में फ्यूल इंजेक्टर और इंजन के पुर्जों में जंग और खराबी की शिकायतें आ सकती है। गौरतलब है कि 2004 से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है।

अब तक व्यापक तौर पर गाड़ियों के खराब होने की खबरें सामने नहीं आई हैं। लेकिन पिछले एक डेढ़ महीने से सोशल मीडिया पर ई-20 ईंधन को लेकर कई भ्रामक पोस्टों भी देखने को मिल रही है। बिहार के प्रसिद्ध यूटयूबर मनीष कश्यप ने दावा किया था कि उनकी नई टोयोटा गाड़ी ई-20 पेट्रोल के कारण खराब हो गई है। कंपनी द्वारा कराई गई तकनीकी जांच में यह दावा गलत पाया गया। कंपनी ने मनीष पर कंपनी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और जनता में ई-20 पेट्रोल को लेकर भ्रम पैदा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं एक ओर प्रख्यात यूटयूबर सौरव जोशी ने ई-20 पेट्रोल से जुड़ी गलतफहमी वाली अपनी पोस्ट के लिये खेद जताया है।

वहीं हाल ही में, रायपुर जिला कंज्यूमर कोर्ट ने ई-20 पेट्रोल से कार का इंजन खराब होने के मामले में ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाया है। भारत में इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ियों में आ रही दिक्कतों पर कोर्ट का यह पहला सीधा फैसला है। कंपनी का दावा है कि ग्राहक की कार से निकाले गए ईंधन के सैंपल में दूषित पदार्थ पाए गए थे, जिसके कारण इंजन खराब हुआ, न कि ई-20 पेट्रोल की वजह से। हालांकि इस फैसले से एक नयी बहस जरूर शुरू हो गयी है। अमेरिका, ब्राजील और जापान जैसे कई देशों में इथेनॉल मिला पेट्रोल पहले से इस्तेमाल हो रहा है। ब्राजील में 1970 से 100 प्रतिशत इथेनॉल का इस्तेमाल हो रहा है। वहां एक ही पेट्रोल पंप पर कई तरह के ईंधन उपलब्ध हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हर देश की परिस्थितियां अलग होती हैं। भारत अपनी जरूरत और संसाधनों के हिसाब से नीति बना रहा है। सरकार का लक्ष्य तेल आयात कम करना और प्रदूषण घटाना है। साल 2025 में भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य तय समय से पांच साल पहले हासिल कर चुका है। अब सरकार 2030 तक इसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

भारतीय मानक ब्यूरो और ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया के परीक्षणों में 80 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना किसी समस्या के ई-20 पर चल सकते हैं। पुरानी गाड़ियों के लिए भी कम ब्लेंडिंग विकल्प उपलब्ध हैं। ई-20 में ऑक्टेन संख्या अधिक होने से दहन बेहतर होता है। कुछ गाड़ियों में 1-2 प्रतिशत अधिक खपत हो सकती है, लेकिन ईंधन आयात बिल में होने वाली बचत जो कि लगभग 30,000 करोड़ रुपये सालाना या इससे कहीं अधिक है।

पारंपरिक पेट्रोल की तुलना में ई-20 ईंधन से कार्बन मोनोऑक्साइड और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) के उत्सर्जन में भारी कमी आती है। एथेनॉल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होने के कारण ईंधन का दहन बेहतर ढंग से होता है। यह भारत के वैश्विक जलवायु लक्ष्यों (पेरिस एग्रीमेंट) को पूरा करने में मदद कर रहा है। यह हमारे प्रदूषित शहरों के लिए वरदान है।

जानकारों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बहुत कम होने पर एथेनॉल की आर्थिक बढ़त कम हो सकती है। लेकिन सरकार का उद्देश्य केवल लागत घटाना नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, प्रदूषण में कमी, किसानों की आय बढ़ाना और भारत को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन भविष्य की जरूरत हैं। ई-20 केवल पेट्रोल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने, किसानों की आय दोगुनी करने और स्वच्छ हवा देने का यह एक शक्तिशाली माध्यम है।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## विचार

# दुष्कर्म पीड़िता : सुप्रीम कोर्ट का आया निर्णय एक सबक, उनके लिए जो अपनी जिम्मेदारी से भागते हैं!

डॉ. निवेदिता शर्मा

गाजियाबाद की चार वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को इलाज देने से इनकार करने वाले दो निजी अस्पतालों पर उच्चतम न्यायालय की तीखी टिप्पणी ने सभी देशवासियों का अपनी ओर ध्यान खींचा है। पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था, पुलिस तंत्र, प्रशासनिक जवाबदेही और सामाजिक संवेदनशीलता पर ऐसे मामले सामने आने पर गंभीर प्रश्न खड़े हो जाते हैं।

एक तरह से देखें तो मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने जिस स्पष्टता से कहा कि यदि आपने अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया तो अपने नाम के आगे डॉक्टर लिखने का कोई अधिकार नहीं है।, वह उन सभी लोगों के लिए चेतावनी है जो अपने पेशे को केवल व्यवसाय समझ बैठे हैं या जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उससे जुड़ा वह कार्य जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण करना नहीं चाहते।

इस घटना में चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। परिजन उसे उपचार के लिए दो निजी अस्पतालों में लेकर पहुंचे, किंतु दोनों ने भर्ती करने से मना कर दिया। जब तक बच्ची को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद यह भी सामने आया कि स्थानीय पुलिस ने भी तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। जनाक्रोश के बाद मामला दर्ज हुआ और प्रारंभिक रिपोर्ट में पॉक्सो तथा भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराएं भी तत्काल नहीं जोड़ी गईं। अर्थात एक बच्ची के साथ अपराध होने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था और पुलिस, दोनों अपने प्रथम दायित्व का निर्वहन करने में विफल रहे। क्या देश में घटी ये घटना अपवाद है? यदि गहराई से देखें तो बिल्कुल नहीं, न जानें ऐसी कितनी ही घटनाएं हमारे समाज में घट रही हैं, तभी तो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की क्राइम इन इंडिया-2023 रिपोर्ट देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 4.45 लाख से अधिक मामले दर्ज होना बता रही है। अर्थात औसतन प्रतिदिन लगभग 1,220 महिलाएं किसी न किसी अपराध का शिकार होती हैं। वहीं बच्चों के विरुद्ध अपराध के 1.60 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज एक्ट (पॉक्सो अधिनियम) के अंतर्गत लगभग 65 हजार मामले शामिल थे। इसका अर्थ है कि औसतन हर दिन लगभग 175 बच्चों के विरुद्ध यौन अपराध दर्ज होते हैं। जिसमें यह संख्या तब है जब कि यौन अपराधों के अनेक मामले सामाजिक दबाव, भय और बदनामी की आशंका के कारण दर्ज ही नहीं हो पाते!

भारतीय कानून इस विषय में बिल्कुल स्पष्ट है। बीएनएसएस की धारा 397, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357सी तथा भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व बीएनएसएस धाराओं में किसी भी अस्पताल चाहे वह सरकारी हो या निजी यौन अपराध पीड़िता को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ऐसा करने से इनकार करना दंडनीय अपराध है। इसके अतिरिक्त पॉक्सो अधिनियम भी बच्चों के मामलों में तत्काल चिकित्सकीय सहायता और साक्ष्य संरक्षण की स्पष्ट व्यवस्था करता है। उच्चतम न्यायालय पूर्व में भी परमानंद कटारा बनाम भारत संघ (1989) के ऐतिहासिक निर्णय में स्पष्ट कर चुका है कि जीवन बचाना प्रत्येक डॉक्टर का सर्वोच्च कर्तव्य है और उपचार देने से पहले कानूनी औपचारिकताओं का बहाना नहीं बनाया जा सकता। वहीं, 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' भी मानता है कि यौन हिंसा की पीड़िता के लिए पहले 24 घंटे अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी अवधि में जीवनरक्षक उपचार, संक्रमण से बचाव, डीएनए साक्ष्य संरक्षण और मनोवैज्ञानिक सहायता सबसे प्रभावी होती है। ऐसे में यदि अस्पताल ही मरीज को लौटा दें तो उपचार के अभाव में उसका जीवन तो संकट में पड़ता ही है, साक्ष्य समाप्त होने की स्थिति में न्याय की संभावना भी कमजोर हो जाती है।

पुलिस की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 के बाद प्रत्येक पुलिस अधिकारी के लिए यौन अपराध की शिकायत तत्काल दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2013) में स्पष्ट कर चुका है कि संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस का कानूनी दायित्व है। इसके बावजूद अनेक मामलों में पुलिस प्रारंभिक स्तर पर समझौते, दबाव या अनावश्यक जांच के नाम पर शिकायत दर्ज करने में देरी करती है तो निश्चित तौर पर इसमें पुलिस भी दोषी है। एक तरह से देखें तो गाजियाबाद की घटना में भी यही स्थिति सामने आई है, इसलिए ये घटना एक सबक है।

वास्तव में अब सरकारों को चाहिए कि वे नीतिगत सुधार के लिए आगे आएं। देश के सभी निजी अस्पतालों के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे यौन अपराध पीड़ितों के उपचार से इनकार करने पर जुर्माना भरेंगे। साथ ही लाइसेंस निलंबन और आपराधिक कार्रवाई का भी सामना करेंगे। प्रत्येक जिले में वन स्टॉप सेंटर की कार्यक्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता ध्यान में आती है। देश में आज 1000 के अंदर नहीं 2000 से अधिक वन स्टॉप सेंटर की आवश्यकता है।

इसी प्रकार 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा महिला सहायता तंत्र को जिला अस्पतालों, पुलिस नियंत्रण कक्ष और बाल संरक्षण इकाइयों के साथ डिजिटल रूप से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि किसी भी घटना के बाद अलग-अलग विभागों के बीच समन्वय में समय नष्ट न हो।

इसी प्रकार एक जरूरत उन अधिकारियों या संस्थानों की लापरवाही के खिलाफ भी खड़े होने की है, जोकि इस तरह अपनी जिम्मेदारियों से भागनेवाला कार्य करते हैं। यहां यह भी समझें कि गाजियाबाद की यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पूरे तंत्र की परतें खुलती हुई दिख रही हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय ने डॉक्टरों को कठोर शब्दों में फटकार लगाकर स्पष्ट किया है कि चिकित्सा का पेशा वास्तव में सेवा का सर्वोच्च दायित्व है। अब आवश्यकता इस संदेश के सार्वजनिक होने की है, ताकि अस्पतालों की कार्यसंस्कृति, पुलिस की प्राथमिक कार्रवाई, निगरानी आयोगों की सक्रियता और शासन की जवाबदेही का स्थायी आधार बने।

***(लेखिका मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष हैं)***

## साहित्य



### टीवी बाइट की राजनीति...!

**संजय एम तराणेकर**


अभी टीवी पर बाइट देने की,
यहाँ बची है सिर्फ राजनीति।
यूं सत्य की आँखें नम रहतीं,
मंच पर तो चलती कूटनीति।

यहाँ शब्दों का श्रृंगार बहुत है,
भाव मगर सब के खोखले हैं।
जनहित की बातें कम होतीं,
ये वादों के सिर्फ सिलसिले हैं।

इन कैमरों की चमक तले अब,
किन चेहरों का व्यापार हुआ।
जहाँ सत्ता की सीढ़ी चढ़ने को,
हर संवाद यहाँ हथियार हुआ।

आम जनता अब पहचान रही,
सच और झूठ की हरेक रेखा।
वक्त लिखेगा अंतिम निर्णय,
ये न्याय न झुकेगा, यही लेखा।





## राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु:-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# भारत के बढ़ते कदम और ट्रंप का टैरिफ हथियार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

विश्व राजनीति में इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर भी उतनी ही आक्रामक लड़ाई चल रही है, जितनी कि किसी युद्ध के मैदान की आवश्यकता रहती है। कभी प्रतिबंध, कभी तकनीकी नियंत्रण, कभी वित्तीय दबाव और अब टैरिफ, वस्तुत: ताकतवर देश हर आर्थिक हथियार का इस्तेमाल कर रहे हैं। बड़ा उदाहरण हमारे सामने ब्राजील पर अमेरिका का अचानक 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाना है।

एक तरह से कहें तो यह उन सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है, जोकि अपनी विदेश नीति स्वतंत्र रूप से तय करना चाहती हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है, इसलिए जो संभावना बन रही है, वह यही है कि अमेरिका ने जैसे सेक्शन-301 प्रावधानों का उपयोग कर ब्राजील की बड़ी अर्थव्यवस्था पर अपनी कार्रवाई की, वैसे ही वह भारत के साथ भी कर सकता है। अत: भारत को अपने भविष्य के संभावित आर्थिक दबावों के प्रति बहुत सतर्क रहने की जरूरत है।

यह तो अच्छा है जो आज का भारत बीस वर्ष पहले वाला नहीं है। वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक निर्णायक केंद्र बनता जा रहा है। वह ब्रिक्स का प्रभावशाली सदस्य है। इंडो-पैसिफिक में उसकी भूमिका लगातार मजबूत हुई है। रूस से लेकर पश्चिम एशिया तक उसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप संतुलित विदेश नीति अपनाई है। यही स्वायत्तता एक तरह से देखें तो भारत की सबसे बड़ी ताकत है, किंतु यही कुछ महाशक्तियों की असहजता का कारण भी है।

डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को देखें तो एक बात बिल्कुल स्पष्ट है, उनके लिए टैरिफ राजनीतिक और सामरिक दबाव का सबसे प्रभावी हथियार है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने चीन, कनाडा, मैक्सिको, यूरोपीय संघ और भारत सहित अनेक देशों पर टैरिफ लगाकर यह संकेत दिया था कि अमेरिका अपने आर्थिक हितों के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है। ट्रंप स्वयं कई बार सार्वजनिक रूप से टैरिफ की प्रशंसा कर चुके हैं। इसलिए यदि भविष्य में उनकी सरकार फिर से कठोर व्यापारिक नीति अपनाती है, तो भारत को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में जिस तरह के हालात दिख रहे हैं, उनमें यही दिखता है। दूसरी ओर ब्राजील पर की गई कार्रवाई ने इस आशंका को और गहरा किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने तर्कों में ब्राजील के भारत और मैक्सिको के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों का भी उल्लेख किया है। इसे संयोग नहीं माना जा सकता है। वहीं, भू-राजनीति में यह स्वष्ट दिखाई भी दे रहा है कि कैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। डॉलर पर निर्भरता कम करने की बातें सामने आ रही हैं और वैश्विक दक्षिण अपनी अलग आर्थिक पहचान बनाने का प्रयास कर रहा है। स्वाभाविक है कि अमेरिका इन परिवर्तनों को अपने लिए चुनौती के रूप में देख रहा है।

भारत के संदर्भ में सबसे संवेदनशील एक विषय फिर रूस से कच्चे तेल की खरीद भी है। यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए, तब भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उसकी पहली प्राथमिकता अपने नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा है। भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदना जारी रखा और इसका सीधा लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मिला। अब अमेरिका में ऐसे प्रस्ताव सामने आए हैं, जिनमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की बात कही जा रही है। भारत और चीन जैसे देश इस चर्चा के केंद्र में हैं। यह संकेत पर्याप्त है कि अमेरिका आर्थिक दबाव की नीति को आगे बढ़ाने के विकल्प खुले रखना चाहता है।

यहां एक दिलचस्प बात यह भी है कि रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले कई यूरोपीय देशों के लिए अलग दृष्टिकोण दिखाई देता है, जिसमें कि भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश यह है कि अब अकेले राजनीतिक कूटनीति से काम नहीं चलेगा, उसे अपनी आर्थिक कूटनीति को भी बहुत मजबूत बनाना होगा। यदि किसी एक देश का निर्णय भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है, तो इसका समाधान यही है कि भारत अपने निर्यात बाजार का तेजी से विस्तार करे, जैसा कि इन दिनों एफटीए के रूप में हम देख भी रहे हैं। फिर किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत यही होती है कि वह एक बाजार पर निर्भर न रहे। एक बार को यदि एतिहासिक संदर्भ में इस पूरे प्रकरण को देखें तो ध्यान में आता है कि बाहरी दबाव अकसर उन राष्ट्रों को और अधिक मजबूत बना देते हैं जो दूरदर्शिता के साथ अपनी नीतियां तय करते हैं। 1998 के परमाणु परीक्षण से लेकर कई बार के वैश्विक दबावों के उदाहरण हमारे सामने हैं। कहना होगा कि आज भी परिस्थितियां वैसी ही पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। यदि भविष्य में अमेरिका टैरिफ को दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है, तो भारत के सामने इसका सबसे बड़ा जवाब यही होगा कि वह अपनी आर्थिक क्षमता को और अधिक मजबूत बनाए। वैसे भी भारत आज विश्व की सबसे युवा कार्यशक्ति, विशाल घरेलू बाजार, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं और निरंतर बढ़ती वैश्विक साख के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे राष्ट्र की प्रगति को सिर्फ टैरिफ के सहारे लंबे समय तक नहीं रोका जा सकता। चुनौती अवश्य आएगी, इसलिए यह समय अपनी तैयारी का है। यदि भारत अपनी आर्थिक कूटनीति, ऊर्जा सुरक्षा, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक व्यापारिक साझेदारियों को और मजबूत करता है, तो कोई भी बाहरी दबाव उसकी विकास यात्रा को रोक नहीं सकेगा। फिर संत तुलसीदास जी अपने रचित ग्रंथ रामचरितमानस के (बालकांड) में कह ही गए हैं-

सुभ अरु असुभ सलिल सब बहई। सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई॥
समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाई। रबि पावक सुरसरि की नाईं॥

इसका विस्तृत अर्थ यही है कि जिस प्रकार गंगाजी में पवित्र और अपवित्र (सभी तरह का) जल बहता है, फिर भी कोई गंगा को दूषित या अपवित्र नहीं कहता; सूर्य संसार की अच्छी-बुरी हर चीज को प्रकाशित करता है और अग्नि सभी चीजों को जलाकर भी स्वयं पवित्र रहती है, उसी प्रकार सामर्थ्यवान (समर्थ) व्यक्ति पर कोई दोष नहीं लगता।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मंदिर परिसर में पुजारी का शव मिलने से फैली सनसनी

**अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ व थाना प्रभारी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत जैतपुर में मंदिर परिसर पर पुजारी का शव मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पर पहुँचे अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह थाना सीओ अनुरुद्ध कुमार एवं थाना प्रभारी अवधेश कुमार मिश्रा ने घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया, और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत अंतर्गत जैतपुर स्थित एक दूरस्थ मंदिर परिसर में एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। प्रारम्भिक जांच में मृतक की पहचान उदित नारायण मिश्रा पुत्र स्वर्गीय चन्द्रभान मिश्रा निवासी जनपद हमीरपुर के रूप में हुई, जो लगभग 15 वर्षो से बेलाताल क्षेत्र स्थित मंदिर में पुजारी के तौर पर रहकर पूजा पाठ करते थे। घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिनका परीक्षण एवं विश्लेषण कराया जा रहा है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। शीघ्र ही घटना का सफल अनावरण किया जायेगा, प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### उत्तम कुमार तिवारी ने सदर उप जिलाधिकारी का संभाला पदभार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नवागत उप जिलाधिकारियों एवं उप जिला मजिस्ट्रेटों की तैनाती एवं कार्यभार का निर्धारण करते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारियों को प्रशासनिक आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न तहसीलों में दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेश के अनुसार विनय कुमार मौर्य को उप जिलाधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट कालपी के पद पर तैनात किया गया है। अभिनव कुमार यादव को उप जिलाधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट कोंच बनाया गया है तथा उन्हें उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कोंच का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसी प्रकार अनीता देवी को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) जालौन, उत्तम कुमार तिवारी को उप जिलाधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट उरई, तथा मनोज प्रकाश को उप जिलाधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट व न्यायिक माधौगढ़ के पद पर तैनात किया गया है। कुमार संजय को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उरई का दायित्व सौंपते हुए उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कालपी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई, राजस्व, कानून-व्यवस्था तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करेंगे, जिससे आमजन को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

### डीएम ने अस्सी फीसदी दिव्यांग छात्र को दिलायी बैटरी चालित ट्राईसाइकिल



**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** संपूर्ण समाधान दिवस में विकास खंड कुठौंद के ग्राम बिचौली निवासी लगभग 80 फीसदी दिव्यांग हिमांशु कुमार ने डीएम को बताया कि वह कक्षा आठ तक गांव में शिक्षा प्राप्त कर चुका है। उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करना है। गांव में उच्च शिक्षा के लिए कोई स्कूल नहीं है और दिव्यांग होने के चलते पह गांव से बाहर जा नहीं सकता है। उसके पढ़ने की इच्छा को चलते डीएम ने उससे 17, 18 और 19 का पहाड़ा पूछा। जिसे हिमांशु ने तत्काल सुना दिया। इसके अलावा और भी कुछ सवाल डीएम ने उससे किए। जिसके उसने सही जबाव दे दिए। जब डीएम ने उससे पूंछा कि क्या उसके पास ट्राइसाकिल है, तो उसने बताया कि उसके पास ट्राइसाकिल भी नहीं है। डीएम ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मंगवाए जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। डीएम के निर्देश पर संपूर्ण समाधान दिवस के समापन पर उरई से ट्राईसाइकिल जालौन आ गई। जिसे डीएम व एसपी ने हिमांशु को देकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कहा। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनें, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ें तथा समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक अपना जीवन व्यतीत करें।

### भेड़ी में खुलेआम बिक रही ओवररेट में शराब

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद में पर शराब ठेकों से ओवररेट में शराब की बिक्री करना आम बात हो गयी है। जब भी इस संबंध में आबकारी विभाग से शिकायत की जाती है तो वह ऐसी शिकायतों की लीपापोती कर रद्दी की टोकरी में फेंककर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। ऐसा ही मामला कदौरा विकासखंड के ग्राम भेड़ी में प्रकाश में आया जहां का शराब ठेका प्रातः से खुल जाता और देर रात्रि तक ओवररेट में शराब की बिक्री होने का ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराते हुये बताया कि वह जल्द ही जिलाधिकारी से भेंट कर इसकी शिकायत करेंगे और देवस्थलों के समीपस्थ खुले शराब ठेके को हटाने की मांग करेंगे। ग्राम भेड़ी के अनेकों ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके गांव में शराब का ठेका दो देवस्थलों के समीप खुला हैं जहां पूजा अर्चना करने पहुंचने वाले ग्रामीणों व महिलाओं को परेशानियों का सामना करने को विवश होना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव का शराब ठेका प्रातः से ही खुल जाता है और देर रात्रि तक खुला रहता है। जहां शराब ठेकेदार ओवररेट में शराब की बिक्री करता है। मयखाने पर शराब खरीदने पहुंचने वाले ग्रामीणों से आये दिन वाद विवाद इसी बात को लेकर होता है कि ठेके पर बैठने वाला व्यक्ति निर्धारित मूल्य से ज्यादा रुपयों की मांग करता है। अनेकों बार तो शराब ठेके पर मारपीट होने तक की नौबत बन जाती है जिससे गांव में शांतिभंग होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से ओवररेट में शराब की बिक्री होने की शिकायत भी लेकिन वह टालमटोल कर मामले को दबा देते है। इससे निराश होकर ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि वह अब जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपेंगे जिसमें शराब ठेके से ओवररेट में शराब की बिक्री पर रोक लगाने के साथ ही देवस्थलों के समीप खुले शराब ठेके को हटाने की मांग की जायेगी।

# हरे पेड़ काटने वालों पर डीएम से कार्रवाई की उठाई मांग



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** खागा तहसील के गुलरिहनपर मजरे कूरा की रहने वाली केतकी देवी पत्नी रामनारायण ने जिलाधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसने अपने घर के सामने दो आम के पेड़ तथा एक जामुन का पेड़ लगाया था। 17 जुलाई को करीब 3 बजे प्रशासनिक मशीनरी के साथ गांव के कुछ दबंग लोग गये और जेसीबी मशीन लगाकर प्रार्थी के करीब 10 से 12 वर्ष पुराने हरे फलदार पेड़ों को उखाड़ दिया। जब पीडिता तथा उसके लड़के श्याम सिंह, ओम सिंह, जय सिंह तथा पति राम नारायण ने विरोध किया तो उनसे भी अप शब्दों का प्रयोग किया गया। इस दौरान पीड़िता ने दोषी लोगों के खिलाफ जांच करवाकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे शंका है की वह दबंग लोग सरकारी मशीनरी को मिलाकर पीडिता की आगे की जमीन हड़पना चाहते हैं इसी के चलते इस तरीके का कुचक्र रचा जा रहा है। उसने कार्वाही की मांग किया है।

### संवेदन हीन भाजपा ने निगल लिया लोकतंत्रः महेश द्विवेदी

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार को एक संवेदन हीन सरकार करार देते हुए उसकी लोकतंत्र विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि आज देश का कोई व्यक्ति अपनी नीतिगत सोच को खुले मंच पर रखने से घबरा रहा है क्योंकि आर एस एस व भाजपा ने मिलकर लोकतन्त्र को निगल लिया है जिससे देश बड़ी विषम स्थिति पर पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि देश की सेना के लिए अपना अतुलनीय योगदान देने वाले सोनम वांगचुक की मांगो को दरकिनार करते हुए उन्हें अनशन से जिस प्रकार पुलिस द्वारा ले जाया गया यह भारत के लोकतंत्र पर असहनीय प्रहार है एवं शिक्षा के प्रति सरकार की घृणित मंशा को उजागर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक शिक्षा मंत्री के आगे पूरे देश के बच्चों का भविष्य नगण्य है यह भी ताज्जुब का विषय है इसका सीधा अर्थ है कि भाजपा देश के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती है जिससे रोजगार की समस्या उत्पन्न ही न हो परंतु अब जनता गुमराह न होकर इनसे आर पार लड़ने को तैयार बैठी है जो भविष्य में इनके लिए बहुत घातक परिणाम देने वाला है।



# अपना दल यश श्रमिक मंच की समीक्षा बैठक संपन्न




**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** अपना दल यश श्रमिक मंच की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय चित्रांश नगर में श्रमिक मंच जिलाध्यक्ष दीपू पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा ने किया। समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय सचिव शकील आरफी रहे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल रहे। बैठक में कुछ नए पदाधिकारी को मुख्य अतिथि शकील आरफी द्वारा घोषणा की गई, जिसमे विजय करण सिंह जिला महासचिव श्रमिक मंच खागा पंकज सिंह उपाध्यक्ष, शिवानंद कोषाध्यक्ष, सूरज कुमार उपाध्यक्ष प्रिंस सिंह मीडिया सचिव धर्मेंद्र सिंह महासचिव अफजल वारसी महासचिव, धर्मेन्द्र सिंह महा सचिव इंद्र जीत पाल जोन अध्यक्ष विजय पुर परवेज अहमद कार्यकारणी सदस्य ब्रह्मदत्त पाल कार्यकारणी सदस्य, सभी श्रमिक मंच की घोषणा हुई, जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया एवं आए हुए सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, बैठक में बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, कांति कुशवाहा जिलाध्यक्ष महिला मंच, उस्मान जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक मंच, धर्मेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह, महेंद्र सिंह, शुभम सिंह, सूरज कुमार, इंद्रजीत पाल, मो0 अफजल वारसी, परवेज अहमद विजय करण सिंह, ब्रह्मदत्त पाल, प्रिंस सिंह, पंकज सिंह शिवानंद सिंह, विपिन कौशल जिलाध्यक्ष आई टी सेल पप्पू वर्मा जिला मीडिया सचिव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिटाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** राधा नगर कोतवाली के बक्सपुर की रहने वाली गुड़िया पत्नी पंकज ने थाना प्रभारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि वह राधा नगर बक्सपुर प्राइमरी पाठशाला के पास रहती है करीब 11.30 बजे पीड़िता अपने घर पर थी तभी पीड़िता के सास से घरेलू कार्य हेतु आपसी कहा सुनी होने लगी। इतने में मोहल्ले के रहने वाले कुछ दबंग लोग उसके घर में आ गए और एकराय होकर प्रार्थिनी के साथ मारपीट पर आमादा हो गए किसी प्रकार अपने घर के अंदर जब वह घुस गई तो सभी लोग दरवाजे को धक्का देकर घर के अंदर घुसकर प्रार्थिनी को लात, घूसो, व सरिया डंडों से मारा पीटा प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि वह लहू लुहान हो गई तो उसके सर पर डंडा मार दिया। प्रार्थिनी बेहोश हो गई। पीड़िता ने थाना प्रभारी से घटना की जांच करवा कर दोषी लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है ताकि फिर भविष्य में इस तरीके की घटना को वह दबंग लोग अंजाम न दे सके। इस दौरान पीड़िता का पति पंकज भी उसके साथ मौजूद रहा। राधानगर थाना प्रभारी श्याम सुंदर लाल श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर दोनों तरफ से प्राप्त हुई है मारपीट का मामला है।

## अखिल भारतीय नीट परीक्षा में महर्षि के छात्रों ने किया उत्कृष्टता का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**




महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल फतेहपुर के छात्र/छात्राओं ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया है। इनमें अभिनव शुक्ला 603 अंक, युवराज 598 अंक, युसरा जब्बार 551 अंक, नवल अग्निहोत्री 545 अंक, रिद्धि त्रिवेदी 530 अंक, प्रखर द्विवेदी 501 अंक व आयुष गुप्ता ने 501 अंक इनके अतिरिक्त अलसबा रईस, कशिश सिंह व ऐश्वी श्रीवास्तव ने भी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस कठिन दौर में अपना मुकाम हासिल करना बड़े गौरव की बात है। जीवन में सदैव अवसर आते रहते है. बच्चों को योजनाबद्ध तरीके से लगकर तैयारी करनी चाहिए जिससे बड़ी से बड़ी परीक्षा में भी कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सतत् मार्गदर्शन से प्राप्त हुयी।

## संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का दोनों पक्षों के समक्ष करें पूर्ण निस्तारण : डीएम

**समाधान दिवस में 80 प्राप्त शिकायतों में से 4 का मौके पर किया निस्तारण**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिकारी ने समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उन्हें हर हाल में एक सप्ताह के अंदर मौके पर जाकर दोनों पक्षों के समक्ष गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के आदेश दिए है। तहसील महोबा व चरखारी में भी समाधान दिवस आयोजित किये गये। तहसील कुलपहाड़ सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बन्धित भूमि पैमाइश व जमीन विवाद से प्राप्त हुई। तहसील कुलपहाड में सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस समाधान दिवस में 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। भटेवरा ग्राम की लगभग आधा सैकड़ा महिला ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास को लेकर पंचायत सचिव की शिकायत की है, आरोप है कि पंचायत सचिव बिना पैसे के आवास पास नहीं कर रहा है, जो पैसे देता है, तो उनके आवास पास कर देता है। जिसपर जिलाधिकारी ने जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। श्रीमती जशवंत परिहार ग्राम लेवा ने क़ृषि भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत दी। मिठाईलाल आदि ग्राम टपरन महोबकंठ ने मौजा धरवार स्थित भूमि नंबर 703,708 व 705,704 के सीमांकन हेतु। आरती पत्नी मानसिंह ग्राम मंगरौल कला ने भूमि पर अवैध रूप से कब्जा की शिकायत दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, सीडीओ, सीएमओ, उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर, तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे। तहहसील महोबा में समाधान दिवस अपर जिला अधिकारी वित्त/ राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता व एसडीएम शिवध्यान पाण्डेय की मौजूदगी में 30 प्राप्त शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण किया, इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता व एसडीएम धीरेन्द्र कुमार की मौजूदगी में प्राप्त 46 शिकायतों में से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**कुलपहाड़/महोबा,समृद्धि न्यूज।**

नगर के हटवारा मोहाल में एक युवक का शव अपने ही सूने घर में फांसी पर लटका पाए जाने से हड़कंप मच गया है। परिजनों को जानकारी मिलते ही आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नगर के हटवारा मोहाल निवासी गोपाल कुशवाहा का 23 वर्षीय शादीशुदा पुत्र धनवेश कुमार प्राइवेट वाहन चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था, तथा माता-पिता खेती किसानी का कार्य देखते हैं। रोज की तरह आज भी परिवार के सभी लोग अपने खेत पर काम करने गए हुए थे। तभी दोपहर के समय जब मृतक का 14 वर्षीय भतीजा मनमोहन घर पर आया और अंदर से कमरा बंद देखा, तो उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज न आने पर पड़ोसियों व परिजनों को बुलाया। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा, तो वह फांसी पर लटका हुआ था। तभी आनन फानन में फांसी से उतारकर मृतक बड़ा भाई व परिजन अस्पताल ले गए, जहां से महोबा रिफर कर दिया गया। महोबा में डाक्टरों द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। तथा एक बड़ा भाई रहन कुशवाहा, जो नगर के एक दुकान में मजदूरी करता है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी महोबा अस्पताल से प्राप्त होने पर पुलिस को पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए भेजा गया है। और घटना के सम्बन्ध में जांच पड़ताल की जा रही है।

## पिछले ढाई दशक से जमीन में टाट पट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं छात्रायें

**पुराने इतिहासिक भवन में पिछले ढाई दशक से संचालित हो रहा नगर में राजकीय बालिका इण्टर कालेज**



**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।** इतिहासिक खण्डहर में संचालित नगर के राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छाताऐं जोखिम भरी स्थिति में शिक्षा गृहण करने को मजबूर हैं, इस कालेज का नया भवन भी बनकर तैयार है लेकिन अभी तक नवनिर्मित भवन में हहस्तान्तरण नहीं होने के कारण शिक्षण कार्य नये भवन में शुरु नहीं हो पा रहा है 7 जिला अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन किए जाने से लोगों अब जल्दी ही उम्मीदें जागी हैं। बता दें कि नगर का राजकीय बालिका इण्टर कालेज पुराने इतिहासिक भवन ( पुरानी तहसील ) में बर्ष 1998 में संचालित किया गया, यह इतिहासिक भवन पूरी तरह जर्जर हालत में पहुँच गया है! केवल एक ही दालान में एक साथ कक्षा 9 से लेकर 12 तक की सभी छाताओ को जमीन में बैठाकर शिक्षिकाऐं शिक्षा गृहण कराने को मजबूर है, वारिश का मौसम शुरु होते ही कीडा - मकूडे का डर सताता रहता है।

विधालय की सामगी रखने तक को कोई सुरक्षित रुम नही बचा है जिससे सामान को सुरक्षित रखने में अध्यापिकाऐं परेशान बनी रहती है बर्षा के समय सबसे अधिक परेशानी होती है! नया भवन बनकर तैयार है लेकिन उसमें शिक्षण कार्य शुरू नही पाया है!

## जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इण्टर कालेज कुलपहाड़ के नवनिर्मित भवन का किया भौतिक सत्यापन

**डीएम ने अभियंता व ठेकेदार को 15 दिवस में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**कुलपहाड़ / महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, कुलपहाड के नवनिर्मित भवन का भौतिक सत्यापन किया गया। बताया है कि राजकीय बालिका इण्टर कालेज, कुलपहाड के भवन की कुल लागत 593.88 लाख रूपये है जिसको कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 ईकाई-13 बांदा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को 15 दिवस का समय हस्तारण हेतु दिया गया, साथ ही लाइब्रेरी, शौचालय एवं अन्य जगह का निरीक्षण किया गया, जो-जो कमियां थी उनको जल्द ही पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्युत विभाग से वेरीफिकेशन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जांच कमेटी को निर्देशित किया गया कि अनुबन्ध में दिये गये मानक के अनुसार कार्य किया गया, उसकी रिर्पोट प्रेषित की जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम कुमार, अधिशाषी अभियन्ता उ0प्र0 पी0डब्लू डी0 निर्माण खण्ड-1 महोबा, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई महोबा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, महोबा उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 126 फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायतें

**मौके पर 32 शिकायतों का किया गया निस्तारण**



**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** तहसील सभागार में डीएम राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 126 शिकायतें पंजीकृत हुई जिनमें से 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर किया गया। शेष शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपा गया।

तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम राजेश पांडेय की अध्यक्षता और एसपी विनय कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसमें ग्राम कैंथ निवासी सुखदेई देवी ने बताया कि पति उन्हें अपने साथ नहीं रखता है। शुक्रवार को वह मायके से ससुराल आई तो पति उसे रास्ते में ही छोड़कर चला गया। किसी तरह वह घर पहुंची। एसपी ने महिला को ऐसी स्थिति में तत्काल यूपी 112 नंबर का उपयोग करने की सलाह दी। जिस पर महिला ने बताया कि उसे इस सेवा के उपयोग की जानकारी नहीं है। एसपी ने मौके पर ही सीडीओ के मोबाइल फोन पर महिला को यूपी 112 नंबर डायल कर पूरी प्रक्रिया को समझाया। कॉल के कुछ ही देर पर पीआरवी मौके पर आई और महिला की शिकायत को नोट किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। शिकायत का गलत निस्तारण होने पर कार्रवाई होना तय है। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर सीडीओ केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, एसडीएम राकेश सोनी, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, कोतवाल हरिशंकर चंद, कुठौंद कोतवाल जगदंबा प्रसाद दुबे आदि मौजूद रहे।

## सौ रोगों की एक दवाई, रखो स्वच्छता, साफ-सफाई

**पनवाड़ी/ महोबा, समृद्धि न्यूज।** पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं को संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द यादव के निर्देशन एवं प्रधानाचार्य भानुप्रताप के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चल रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान कार्यक्रम की नोडल डॉ सुनैना ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है हमारा घर,विद्यालय एवं आसपास का



परिवेश साफ सुथरा होना चाहिए इतना ही नहीं भौतिक स्वच्छता के साथ साथ तन और मन भी स्वच्छ होना चाहिए हमें अपने मन में अच्छे भाव अच्छे विचार और दूसरों के प्रति अच्छी सोच रखनी चाहिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता और साफ सफाई सौ बीमारियों की दवाई है। उन्होंने कहा कि परिवेश साफ सुथरा होने से हम गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचेंगे और स्वस्थ रहेंगे जब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा मस्तिष्क भी बेहतर कार्य करेगा क्योंकि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इस दौरान सभी ने सामुदायिक रूपसे विद्यालय परिसर और आसपास की सफाई की और अपने आसपड़ोस की साफ सफाई का भी संकल्प लिया।

### कदौरा के किसान 90 किमी चलकर पहुंचे जालौन डीएम से शिकायत करने

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** ओवरलोड के चलते नलकूपों पर बिजली न आने से धान की फसल सूखकर बर्बाद हो रही है। इसको लेकर परेशान किसान कदौरा ब्लॉक से 90 किमी चलकर जालौन तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

कालपी तहसील के ब्लॉक कदौरा क्षेत्र निवासी किसान उदनपुर निवासी बबलू रामबाबू, खुटमिली निवासी रवि सिंह, मुकुंद शुक्ला, ललित यादव, नामेंद्र सिंह, भोला आदि शनिवार की दोपहर 90 किमी दूर जालौन तहसील पहुंचे।

# डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायतें आयी, छह का तत्काल हुआ निस्तारण**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील ऊँचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊँचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 46, पुलिस 22, विकास 02, विद्युत 02, बैंक 01, समाज कल्याण 01, चकबंदी विभाग 01, पूर्ति विभाग 05, नगर पंचायत 01 एवं एन.एच.आई 01 कुल 82 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ऊँचाहार विवेक राजपूत, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्टाफ नर्स ने अधीक्षक पर लगाया शारीरिक व मानसिक शोषण का आरोप

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सीएचसी शुंभा परीवा में कार्यरत स्टाफ नर्स ने अधीक्षक पर शारीरिक व मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए थाना लोनी कटरा में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार जिला अंबेडकर नगर के नाथूपुर लौधना गांव निवासिनी गीता यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुंभा परीवा में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत है उन्होंने बताया कि बीती 13 जुलाई को अधीक्षक डॉक्टर शशिकांत चौधरी ने अमानवीय व्यवहार किया और धमकी दी कि मेरी बात ना मानने पर और भी बहुत बुरा होगा। अधीक्षक द्वारा लगातार मुझसे पैसे की मांग की जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अर्चना के साथ विवादित मामले को लेकर अधिक्षक शशिकांत चौधरी सस्पेंड भी हुए थे और हवालात में भी बंद हुए थे उसी प्रकार का व्यवहार अब अधीक्षक द्वारा मेरे साथ किया जा रहा है।

# ऑटो पार्ट की दुकान में लगी आग, माल जलकर खाक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शहर के लखपेड़ाबाग स्थित फाउंडेशन स्कूल के निकट जय दुर्गा ऑटोमोबाइल की दुकान में शनिवार को भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और घना धुआं लगभग पाँच किलोमीटर दूर तक दिखाई देने से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान में मोबिल ऑयल, ग्रीस तथा पैकिंग सामग्री का भारी मात्रा में स्टॉक होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अग्निशमन कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुकान में आग से बचाव के लिए पर्याप्त फायर सेफ्टी सिस्टम उपलब्ध नहीं था, जिसके कारण आग तेजी से फैल गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी आधिकारिक रूप से पता नहीं चल सका है और संबंधित विभाग जांच में जुटा हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम गुंजिता अग्रवाल तथा सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए लोगों को घटनास्थल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की। इस अग्निकांड ने हाल ही में लखनऊ की एक कोचिंग लाइब्रेरी में हुई आग की घटना के बाद बाराबंकी में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराने और नियमित निरीक्षण की मांग की है।

# डीएम के इंतजार में घंटों बैठे रहे फरियादी, बदला कार्यक्रम

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

संपूर्ण समाधान दिवस को लेकर शनिवार को रामसनेहीघाट तहसील प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए पिछले दो दिनों से तहसील परिसर में साफ-सफाई, रंग-रोगन और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया था। अधिकारियों के बैठने से लेकर फरियादियों के लिए इंतजाम किए गए थे, जबकि परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की भी तैयारियां पूरी थीं। सुबह से ही विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी तहसील पहुंचकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों में जुट गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 20 जुलाई को महादेवा स्थित लोधेश्वर महादेव परिसर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश मिलने पर जिलाधिकारी को तत्काल महादेवा रवाना होना पड़ा। इसके साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया।

जिलाधिकारी से सीधे अपनी समस्याएं बताने की उम्मीद लेकर दूर-दराज के गांवों से आए सैकड़ों फरियादी घंटों तक तहसील परिसर में इंतजार करते रहे। काफी देर बाद जब डीएम के नहीं आने की जानकारी मिली तो मायूस फरियादियों को बिना सुनवाई के लौटना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि वे सुबह से अपनी शिकायतों के निस्तारण की उम्मीद में तहसील पहुंचे थे, लेकिन कार्यक्रम में अचानक बदलाव से निराशा हाथ लगी।

# सीएम करेंगे लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर का शिलान्यास

**रामनगर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्ध शिवधाम मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी बीस जुलाई को प्रस्तावित कारिडोर शिलान्यास को लेकर आगमन की तैयारियां चरम पर है।शनिवार सुबह से जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय दल बल के साथ देर शाम तक व्यवस्था ये और सुरक्षात्मक पहलुओं की समीक्षा कर रहे थे।मंडलायुक्त राजेश कुमार और डी आई जी सोमेन वर्मा ने भी शाम को मेला बाग में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मंडलायुक्त ने स्थलीय निरीक्षण कर मैप के माध्यम से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली।अधिकारियों ने मेला मैदान में बनाए जा रहे पंडाल हेलीपैड, आवागमन मार्ग जनसभा स्थल सुरक्षा व्यवस्था वीवीआईपी वीआईपी एवं आमजन के प्रवेश निकास मार्ग बैठने की व्यवस्था पेयजल विद्युत आपूर्ति और साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं को समय बद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के लिए छह पार्किंग स्थलों का निर्माण कराया जा रहा है।मंच स्थल का समतलीकरण कराया जा रहा है तथा गड्ढों वाले स्थानों पर मिट्टी डलवाकर उन्हें समतल किया जा रहा है।निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त और डीआईजी ने लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर स्वयंभू आदिदेव महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर मानव समाज के कल्याण की कामना की।उन्होंने प्रस्तावित महादेवा कॉरिडोर निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए मैप के माध्यम से कॉरिडोर की रूपरेखा का भी अवलोकन किया।क्षेत्र के जागरुक जनो ने सी एम् के आगमन के आगमन को लेकर उत्साह चरम पर है।सभी का कहना है कि महाभारत कालीन शिव के प्रशिद्ध धाम को अब पर्यटन स्थल का दर्जा मिलना तय है।

# हाइवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, पीछे बैठे युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर बारा टोल प्लाजा के निकट शनिवार दोपहर अनियंत्रित मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गईं। जिसके कारण जहां एक बाइक पर पीछे बैठे युवक मौत हो गई वही बाइक चालकगंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में आरएमएल हॉस्पिटल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार मलिहाबाद लखनऊ निवासी ज्ञानेंद्र कुमार 22 वर्ष उन्नाव जनपद के मुन्नीखेड़ा निवासी नरेन्द्र के साथ मोटर साइकिल द्वारा हैदरगढ़ से लखनऊ जा रहे थे दोपहर लगभग 12:00 बजे जब उनकी मोटरसाइकिल टोल प्लाजा पर अमिलहरा गांव मोड़ के निकट पहुंची, तभी वहां निकल रहे ग्रामीण को बचाने एवं पीछे से आ रही बस से बचने के चक्कर में दाहिने काट दी।

जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल ज्ञानेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

## लापता बालक को पुलिस ने कुछ घंटों में खोजकर परिजनों को सौंपा

**फतेहपुर, बाराबंकी।** कस्बा फतेहपुर में शनिवार दोपहर खरीदारी के दौरान लापता हुए 9 वर्षीय बालक अंकेत को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर लिया। चौकी इंचार्ज अजय पाण्डेय और उनकी टीम की तत्परता से बालक को उसके परिजनों से मिलाया गया। घटना शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है, जब अशोहना निवासी रेखा देवी अपने पति विजय चौहान के 9 वर्षीय पुत्र अंकेत के साथ कस्बा फतेहपुर स्थित सहगल नर्सिंग होम के पास खरीदारी करने आई थीं। भीड़भाड़ के दौरान अंकेत अचानक लापता हो गया,जिससे परिजनों में चिंता फैल गई।रेखा देवी ने तत्काल चौकी फतेहपुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर चौकी इंचार्ज अजय पाण्डेय ने बिना समय गंवाए पुलिस टीम के साथ खोजबीन शुरू कर दी। उन्होने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संभावित स्थानों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया।

## खबरें एक नजर में

### चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 का मौके पर निस्तारण कराया गया, गौरीगंज में 22 जिनमें 3 का निस्तारण किया गया, अमेठी में 28 जिनमें 1 का निस्तारण किया गया तथा तिलोई में 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना नितेश राज, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### स्व. दादा तेजभान सिंह की तेरहवीं में शामिल हुए अयोध्या महापौर



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज के विकास पुरुष, जनसंघ काल से राष्ट्रवादी विचारधारा के सच्चे प्रहरी, स्वयंसेवक व गौरीगंज के पूर्व विधायक स्व. दादा तेजभान सिंह के तेरहवीं कार्यक्रम में अयोध्या के महापौर, प्रभु श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के वंशज प्रातः स्मरणीय आचार्य श्री गिरीश पति महराज ने सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने प्रभु श्री सीताराम जी से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। कार्यक्रम में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, काशी तिवारी व हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### ट्रक ने साइकिल सवार युवक को रौंदा, मौके पर मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** त्रिवेदीगंज क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को थाना लोनी कटरा क्षेत्र के मँझुपुर मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना लोनी कटरा क्षेत्र के मँझुपुर मार्ग पर साइकिल से जा रहे 28 वर्षीय अतुल निवासी ब्रह्मचारी पुरवा को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर लोनी कटरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु दीपशिखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए सारे शिकवे गिले भुलाकर एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें दो विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# कपूरीपुर में ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना पूर्ण, जलापूर्ति शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड जगदीशपुर के कपूरीपुर में नवनिर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया।

वित्तीय वर्ष 2022-23 की इस स्वीकृत परियोजना की कुल लागत 264.61 लाख है, जिसके अंतर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-गाजा, इंजी. प्रा.लि. (जे.वी.), नोएडा) द्वारा शत-प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट से संबंधित बुनियादी व तकनीकी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में कुल 9.90 किलोमीटर की वितरण प्रणाली पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसके माध्यम से लक्षित 412 घरों में क्रियाशील गृह संयोजन सफलतापूर्वक प्रदान कर दिए गए हैं। परिसर में बाउण्ड्रीवाल, पम्पहाउस तथा 12.5 एसपी क्षमता की मोटर स्थापित है। साथ ही बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने हेतु 20 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल भी पूर्ण रूप से स्थापित किया जा चुका है। सहायक अभियंता ने बताया कि इस पेयजल परियोजना से क्षेत्र के कुल 2 राजस्व ग्रामों के अंतर्गत आने वाले 4 पुरवों शिवनन्दन का पुरवा, कपूरीपुर, हुसैनगंज, पूरबगांव के निवासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। उच्च जलाशय (टंकी) से जलापूर्ति सुचारू रूप से संचालित पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अभियंता को कड़े निर्देश दिए कि ग्रामीणों को निरंतर एवं निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा संचालन व रखरखाव में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## सीडीओ ने किया गोवंश आश्रय स्थल कपूरीपुर का स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पेयजल परियोजना के निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा विकासखंड जगदीशपुर के अंतर्गत ही संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल कपूरीपुर का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल पर सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत स्थापित सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से चालू पाए गए। इसके साथ ही मौके पर संरक्षित निराश्रित गोवंशों हेतु हरे चारे, शुद्ध पेयजल एवं भूसे की पर्याप्त व संतोषजनक उपलब्धता सुनिश्चित मिली। मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी जगदीशपुर को निर्देशित किया कि मौसम के दृष्टिगत गोवंशों की देखभाल, स्वास्थ्य परीक्षण और आश्रय स्थल की समस्त व्यवस्थाओं को निरंतर इसी प्रकार सुदृढ़ बनाए रखें तथा समय-समय पर स्वयं भी इसका पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।

## संपूर्ण समाधान दिवस 32 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण



**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि।** तहसील सभागार महराजगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक ले और उनका निस्तारण करें लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारी बक्से नहीं जाएंगे शासन के मंशा अनुसार लोगों को न्याय जरूर मिलना चाहिए। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 32 शिकायती पत्र आए जिनमें से पांच का निस्तारण कर दिया गया राजस्व विभाग की 15 पुलिस की चार विकास की दो अन्य 11 शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस पर आई। इस मौके पर नायब तहसीलदार सत्यराज बीडीओ श्रद्धा सोनकर सीओ प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर बच्चों में बांटी शैक्षिक सामग्री

**▸ जन्मदिन समाज के प्रति अपने दायित्व निभाने का भी अवसर है: गौरी शंकर यादव**



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जीत वेलफेयर फाउंडेशन (उत्तर प्रदेश) के रायबरेली जिलाध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने शनिवार को अपना जन्मदिन सामाजिक सेवा कार्यों के साथ मनाया। मुराई बाग स्थित जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सरेनी विधानसभा 182 के भावी प्रत्याशी संतोष कुमार वर्मा ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों को आई-कार्ड वितरित किए गए तथा संगठन विस्तार और आगामी सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके बाद संस्था की टीम ने शोभापुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर सहित शैक्षिक सामग्री वितरित की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गौरी शंकर यादव ने कहा कि जन्मदिन समाज के प्रति अपने दायित्व निभाने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ना उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## जर्जर बिजली का तार गिरने से भैंस-गाय की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पश्चिम बेसारा के पूरे भगवान दीन गांव में एक बड़ा हादसा हो गया। गांव निवासी राजबहादुर यादव की एक भैंस और एक गाय चलती बिजली लाइन का जर्जर तार टूटकर गिरने की चपेट में आ गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण जर्जर तार टूटकर गिरा, जिससे यह हादसा हुआ है। पीड़ित किसान ने मृत पशुओं का उचित मुआवजा दिलाने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस: सात तहसीलों में 417 शिकायतें, 65 का मौके पर निस्तारण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनीं। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लाभार्थीपरक योजनाओं और आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर पहुंचकर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जनपद भर से कुल 417 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देशों के साथ भेजा गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी धामनी एम. दास, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिसवां रिश्वत प्रकरण में विभागीय कार्रवाई पर उठे बड़े सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड बिसवां में तैनात रहे तकनीकी सहायक राजकिशोर वर्मा से जुड़े कथित रिश्वत मांगने के वायरल ऑडियो प्रकरण में जांच पूरी होने और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजे जाने के दावों के बावजूद अब तक केवल स्थानांतरण की कार्रवाई होने से कई सवाल उठ रहे हैं। यदि जांच रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि हुई है, तो नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई-यह चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वायरल ऑडियो प्रकरण की जांच तीन सदस्यीय समिति ने की थी और रिपोर्ट अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी गई। इसके बाद संबंधित तकनीकी सहायक का विकासखंड बिसवां से विकासखंड ऐलिया स्थानांतरण कर दिया गया। हालांकि अब तक निलंबन, विभागीय जांच या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जांच में आरोप पुष्ट हुए हैं, तो केवल स्थानांतरण से जवाबदेही तय नहीं होती। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में नियमों के अनुरूप आगे की कार्रवाई होना भी आवश्यक है, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों में स्पष्ट संदेश जाए। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए मामला भेजा जा चुका है, तो क्या स्थानांतरण ही पर्याप्त कार्रवाई मानी जाएगी, या रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी? अब निगाहें जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के अगले निर्णय पर हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी?**

जांच से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है तथा संबंधित तकनीकी सहायक का स्थानांतरण कर दिया गया है। हालांकि विभागीय कार्रवाई की वर्तमान स्थिति के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

**खंड विकास अधिकारी,बिसंवा**

इस मामले को लेकर कार्यवाही के लिए पत्र जिले पर भेजा जा चुका है आगे की कार्यवाही जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे।

## सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है की सत्यम कुमार पिता राजकुमार निवासी ग्राम कालीपुरवा तपेसिपाह जरवलरोड बहराइच का निवासी हूं मेरा अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 अनुक्रमांक 123261 9269 है जो कहीं गायब हो गया है।

**प्रार्थी**
**सत्यम कुमार, पुत्र राजकुमार**
**ग्राम तपेसिपाह जरवल रोड, बहराइच।**

ज़ाकिर हुसैन इंटर कॉलेज के छात्रों ने बढ़ाया मान

# नीट से लेकर आर्मी तक में मारी बाजी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





डॉ. ज़ाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज के छात्रों ने इस वर्ष शिक्षा और सरकारी नौकरियों दोनों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य मसरूर अहमद ने सफल छात्रों को सम्मानित किया। नीट और मुख्यमंत्री पुरस्कार में भी सफलता विद्यालय के मेधावी छात्र अभिनन्दन प्रताप सिंह पुत्र रामप्रकाश ने इस वर्ष नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। 18 जुलाई 2026 को प्रधानाचार्य द्वार उन्हें विद्यालय में सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की पूर्व छात्रा मीनाक्षी को एक दिन का मुख्यमंत्री द्वारा विधायक सम्मान पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। 20 छात्रों का सरकारी नौकरी में चयन इस वर्ष विद्यालय के लगभग 20 छात्रों ने नौसेना, सेना और दिल्ली पुलिस जैसी प्रतिष्ठित सरकारी नौकरियों में चयनित होकर कार्यभार ग्रहण किया है।

चयनित छात्रों के नाम इस प्रकार हैं अनुज प्रताप सिंह, बृजेश कुमार, मोहम्मद हुसैन, सत्यम शर्मा, रवि पाल, पवन, अंशुल चतुर्वेदी, प्रान्शु चतुर्वेदी, सद्दाम, आशु चौहान, शिवम यादव, सत्यम यादव, अभय यादव, रीतेश यादव, मोहम्मद अनस, संदीप, रितिक, विशाल और अजीत कुमार। इनमें से अधिकांश छात्रों का चयन सेना की विभिन्न शाखाओं में हुआ है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य मसरूर अहमद ने कहा, मुझे अपने छात्रों पर गर्व है। ये बच्चे हमारे विद्यालय की पहचान हैं। शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, मेहनत और देश सेवा की भावना ही सफलता की असली कुंजी है। जो छात्र आज नीट, सेना और पुलिस में गए हैं, उन्होंने साबित कर दिया कि अगर लगन सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है। हमारा प्रयास आगे भी ऐसे ही होनहार छात्र तैयार करने का रहेगा ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चे देश की सेवा में आगे आएं। प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन देता रहेगा। इस अवसर पर हरिओम, लोकेंद्र सिंह चौहान, बिमल कुमार, मो निसार, नफीस खान, अताउर्रहमान, डॉ. अनस, रामप्रकाश प्रधान अमोलर एवं अनेक शिक्षक गण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फाउंडेशन की अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

**गुरसहायगंज कन्नौज।** अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा संचालित अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को 30 जुलाई 2026 तक अधिक से अधिक छात्रों से आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के अनुसार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। पात्रता के लिए पिछली वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक और परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक न होना जरूरी है। चयनित छात्रों को छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता दी जाएगी।
कक्षा 9 और 10 के छात्र-छात्राओं को 50 हजार रुपये और कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राओं को 75 हजार रुपये का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा।

# मैंगो पार्टी में बच्चों ने जमकर की मौज-मस्ती

▸ आरबी पब्लिक स्कूल में किया गया आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



इंद्रानगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने फलों के राजा की पार्टी में आम का भरपूर आनंद उठाया और डांस करके जमकर मौज मस्ती की। बच्चों को आम के बारे में विभिन जानकारियां देते हुए फलों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर पीले रंग के गुब्बारों से सजाया गया था। मैंगो पार्टी से पहले बाल गीतों, देश गीतो व फिल्मी तरानो पर बच्चों ने मनमोहन प्रस्तुतियां दी। प्रिंसीपल माधवी सिंह ने कहा फलों के राजा आम और गर्मियों के मौसम का मेल ऐसा लगता है जैसे स्वर्ग में बना हो। इसकी मिठास व रसीला स्वाद और साथ में स्वास्थ्य से जुड़े कई सारे लाभ खुद ही बताते हैं कि आम को फलों का राजा क्यों कहा जाता है। कन्ट्रोलर अंजली सिंह ने कहा आम के सबसे बड़े उत्पादक देशों में भारत का प्रथम स्थान है।

हमारा देश आम की अलग-अलग किस्मों के लिए जाना जाता है। चीफ कंट्रोलर जुलेखा खान ने कहा आम खाने में स्वादिष्ट और सेहत के लिए अच्छे होते हैं। उसमें फाइबर, विटामिन, मिनरल और एंटी ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। शिक्षिका सुनीता, सपना व सुषमा ने बताया कि आम खाने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। अन्त में विद्यालय के डायरेक्टर एडवोकेट राजीव शुक्ला ने मैंगो पार्टी में शामिल सभी बच्चों को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में भावना मिश्रा, गुंजन श्रीवास्तव, निवेदिता, बृजेश सर, नीलम मैम, विजय सर, नीतू, शीलू, अभिशांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 226 शिकायतों में 23 मामलों का हुआ निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान दिवस में कुल 226 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 122, पुलिस विभाग की 45, विकास विभाग की 16 तथा अन्य विभागों की 43 शिकायतें शामिल रहीं।शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 23 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अधिकारियों ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित रजिस्टर में दर्ज कर तत्काल कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश भी दिए।

# नीट यूजी टॉपर्स अर्जुन गुप्ता एवं सिद्धि मिश्रा सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दो मेधावी छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन ने होनहार प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

आरबी पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम

अध्यापक सत्येंद्र गुप्ता एवं सुधा गुप्ता के पुत्र अर्जुन गुप्ता ने नीट यूजी में 98.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अध्यापक शैलेश मिश्रा एवं अध्यापिका रश्मि मिश्रा की पुत्री सिद्धि मिश्रा ने 720 में से 590 अंक हासिल किए। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 13,770 और अपनी श्रेणी में 5,448वीं रैंक मिली। इससे पहले सिद्धि ने सीयूईटी परीक्षा में भी 500 में से 466 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर सभासद हिमांक त्रिपाठी ने कहा इन होनहार विद्यार्थियों ने न केवल अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे नगर के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और आशा करता हूं कि वे चिकित्सा क्षेत्र में भी उत्कृष्ट योगदान देंगे।

कार्यक्रम के आयोजक तथा आरबी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव शुक्ला एडवोकेट ने कहा हमारा स्कूल हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देता रहा है। अर्जुन और सिद्धि जैसे छात्रों की सफलता पर पूरे नगर को गर्व है। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी प्रेरित हों।

## समाधान दिवस में भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम अदमापुर परगना तालग्राम निवासी शिवराम पुत्र रामकिशन ने भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि वह पिछले 50-60 वर्षों से अपनी आराजी पर काबिज है और वहीं अपने पशु बांधता तथा भूमि का उपयोग करता आ रहा है। आरोप है कि गांव के ही निवासी कुछ लोग जबरन उसकी भूमि पर पशु बांध रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। शिवराम का कहना है कि आरोपी दबंग और राजनीतिक प्रभाव वाले हैं, इसलिए पूर्व में शिकायतों के बावजूद स्थानीय पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध हस्तक्षेप रुकवाने, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा उसकी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# तहसील व न्यायालय परिसर में एटीएम लगाने की उठी मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन छिबरामऊ के प्रशासनिक सदस्य एवं अधिवक्ता अबनीश वर्मा ने तहसील एवं न्यायालय (कचहरी) परिसर में एटीएम स्थापित कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि तहसील और न्यायालय परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ता, वादकारी और आम नागरिक विभिन्न प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों से आते हैं, लेकिन परिसर में किसी भी बैंक का एटीएम नहीं है। इससे लोगों को नकदी निकालने के लिए दूर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने कहा कि परिसर में एटीएम लगने से अधिवक्ताओं, वादकारियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी तथा डिजिटल एवं बैंकिंग सेवाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के घूईयन नगला (कसावा) के समीप शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को टेंपो की मदद से उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर निवासी कृष्णा पुत्र अशोक कुमार किसी निजी कार्य से बाइक द्वारा कसावा जा रहे थे। वहीं तालपार निवासी विजय कुमार मिश्रा पुत्र प्रमोद अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए कसावा की ओर जा रहे थे। घूईयन नगला गांव के सामने पहुंचते ही दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत कार्य शुरू किया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टर लगातार निगरानी रखे हुए हैं।

### रिक्शा स्टैंड को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** तालग्राम तिराहे पर रिक्शा स्टैंड को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ अलग-अलग तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तालग्राम रोड कसावा निवासी सोनू शुक्ला ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार की शाम वह सामान खरीद रहे थे। तभी बहवलपुर निवासी अंकुज नागर और आलोक यादव ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि लाठी से हमला करने पर उनकी दाहिने हाथ की उंगली टूट गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं दूसरे पक्ष के अंकुज नागर ने संपूर्ण समाधान दिवस में दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका कहना है कि सोनू शुक्ला ने स्वयं को किसान यूनियन का पदाधिकारी बताते हुए तालग्राम तिराहे से सवारी बैठाने के एवज में प्रत्येक 15 दिन में 800 रुपये की मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### करंट की चपेट में आकर गाय की मौत

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** एचटी लाइन के झूलते तारों ने एक बेजुवान की जान ले ली। विभागीय लापरवाही के चलते करंट की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र के लोगों में रोष फैल गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मोहल्ला सराफान नईबस्ती निवासी अवध किशोर बाथम की गाय तहसील रोड के दक्षिणी तरफ घास चर रही थी। उस साइड में एचटी लाइन निकली हुई है। उसके तार काफी नीचे तक झूल रहे हैं। इन्हीं झूलते तारों के करंट की चपेट में आकर अवधकिशोर की गाय की मौत हो गई। यह नजारा देख मौके पर आस-पड़ोस लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही सभासद सुशील पांडेय एडवोकेट भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बिजली विभाग के साथ कोतवाली पुलिस और पालिका प्रशासन को मामले से अवगत कराया। कुछ ही देर में कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पालिका से मंगाई गई जेसीबी मशीन से गाय को वहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। लोगों ने बताया कि बिजली के झूलते तारों से अभी तक कई हादसे हो चुके हैं। इनको लेकर कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को मामले से भी अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है।

# पुलिस ने कब्जे में ली हाईवे किनारे खड़ी लावारिस बाइक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



▸ पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए थाने ले आई

नगर के निगम मंडी के पास नेशनल हाईवे-34 पर एनडी कोल्ड स्टोर के निकट काफी देर से लावारिस हालत में खड़ी एक पैशन प्रो बाइक मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने बिना नंबर प्लेट की बाइक को संदिग्ध स्थिति में देखकर मंडी चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए थाने ले आई। पुलिस के अनुसार वाहन पर कोई पंजीकरण नंबर अंकित नहीं है, जिससे उसके स्वामी की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि बाइक चोरी की हो सकती है या किसी अन्य कारण से यहां छोड़ दी गई हो। पुलिस वाहन के इंजन और चेसिस नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में एंटी लारवा और पाउडर का हुआ छिड़काव

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



▸ अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार बोले- छात्रों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं

मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता द्वारा नगर पालिका परिषद को प्रेषित पत्र प्राप्त होते ही नगर पालिका प्रशासन एक्शन मोड में आ गया। एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों की टीम ने विद्यालय पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। विद्यालय में मच्छरों और चीटियों की समस्या को देखते हुए आनन-फानन में सफाई कर्मियों की टीम विद्यालय पहुंची और व्यापक सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान लगभग 12 सफाई कर्मियों ने विद्यालय परिसर में मच्छरों के लिए एंटी लारवा का छिड़काव किया तथा चीटियों के लिए गेमेक्सीन पाउडर डालकर सफाई की। नगर पालिका की इस तत्परता से विद्यालय प्रशासन और छात्रों में खुशी का माहौल है। टीम का नेतृत्व सफाई नायक राजन वर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में मच्छरों और चीटियों की समस्या बढ़ रही थी। पत्र देते ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने आकर पूरे विद्यालय में दवा का छिड़काव किया और सफाई की। इससे अब बच्चे स्वस्थ वातावरण में पढ़ाई कर सकेंगे इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा, विद्यालय हमारे भविष्य हैं। छात्रों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जैसे ही प्रधानाचार्य का पत्र मिला, हमने तुरंत टीम भेजकर एंटी लारवा का छिड़काव और सफाई अभियान कराया। हमारा प्रयास रहेगा कि शहर के सभी विद्यालयों में समय-समय पर सफाई और दवा का छिड़काव होता रहे, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ माहौल मिल सके। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका आगे भी विद्यालयों में नियमित सफाई अभियान चलाती रहेगी।

## कैंसर की नि:शुल्क जांच सहित विभिन्न रोगों के लिए परामर्श शिविर आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर पालिका रोड पर एलआईसी ऑफिस के पास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में नि:शुल्क कैंसर जांच सहित विभिन्न रोगों के लिए परामर्श शिविर 19 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लगेगा। संजीवनी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर सरित द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कानपुर के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ डॉ अरुण प्रकाश द्विवेदी से इस नि:शुल्क कैम्प में कैंसर सम्बन्धित समस्याओं के बारे में परामर्श ले सकते हैं। कैम्प में दिखाने के लिये पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके लिए 9369603522 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा चित्रकूट के योग्य डॉक्टरों द्वारा प्रत्येक रविवार को 11 से 4:00 बजे तक मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न बीमारियों के लिए भी निशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा।

# एसपी ने तालग्राम क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा थाना तालग्राम क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आमजन से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।
1. महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या में वृद्धि की जाए।
2. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।
3. संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाए।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस लगातार सक्रिय रहकर जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## किसानों की समस्याओं पर मंथन, संगठन का हुआ विस्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम कपूरपुर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मक्के की फसल को हुए नुकसान, बीजों में मिलावट तथा नकली बीजों की बिक्री पर चिंता जताई गई। भाकियू बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी.सौरभ यादव ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए जल्द ही जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में संगठन विस्तार के तहत कपूरपुर गांव निवासी आकाश खान को जिला उपाध्यक्ष से प्रदेश संगठन मंत्री, जबकि नाजिम खान और समीर खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर सभी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सौरव यादव, प्रदेश सचिव राजन, शैलेंद्र शाक्य, अरबाज खान, खुर्शीद, शमी आलम, सलाहुद्दीन, फैसल खान, इरफान खान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जागरूकता वाहन को डीएम ने किया रवाना



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

▸ भू-जल सप्ताह के तहत गांव-गांव पहुंचाकर करेंगे जल बचाने को प्रेरित

भू-जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भू-जल सप्ताह के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने अभियान की शुरुआत करते हुए जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को वर्षा जल संचयन, जल का विवेकपूर्ण उपयोग और जल स्रोतों के संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 16 से 22 जुलाई तक चल रहे भू-जल सप्ताह के दौरान प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न विकास खंडों, नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा। इसके साथ ही गोष्ठियों, जनसंवाद और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से वर्षा जल संचयन, भू-जल के अनावश्यक दोहन पर रोक तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश, सहायक अभियंता लघु सिंचाई रामजी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इत्र कारोबारियों की समस्याएं सुन राज्य कर विभाग ने मांगे सुझाव

**कन्नौज।** इत्र नगरी कन्नौज में राज्य कर विभाग ने शनिवार को अत्तर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और इत्र कारोबारियों के साथ व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। बैठक में इत्र उद्योग से जुड़ी समस्याओं, कर अनुपालन और राजस्व वृद्धि के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया। अत्तर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने बताया कि पान मसाला उद्योग में लागू नए कर नियमों के कारण कन्नौज से आपूर्ति होने वाले कम्पाउंड, अत्तर, एसेंशियल ऑयल और केमिकल्स की मांग में कमी आई है। वहीं ईरान-अमेरिका क्षेत्र में जारी तनाव से निर्यात प्रभावित होने के कारण इत्र कारोबार पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद-कन्नौज

पत्रांक- 119/DA-04/निर्माण/Tender Notice2026-27 — दिनांक- 18.07.2026

## (ई-निविदा सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ वित्तीय वर्ष 2025-26 में वंदन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित गंगेश्वरनाथ मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in द्वारा निविदा आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 20.07.2026 | 4:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 20.07.2026 | 4:00 PM |
| 3 | Seck Clarification Start Date | 20.07.2026 | 4:00 PM |
| 4 | Seck Clarification End Date | 22.07.2026 | 11:00 AM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 22.07.2026 | 2:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 22.07.2026 | 4:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 22.08.2026 | 4:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening | 23.08.2026 12:30 PM से | |
| 9 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | 10% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मुल्य+जीएसटी+ टेण्डर आदेश मूल्य। प्रोसेसिंग फीस | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ कन्नौज में अवस्थित 1 गंगेश्वरनाथ मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का कार्य | 15000000 | 1500000 | 19500 + 3510 + 1500 + 100 = 24610 | 180 दिन |

**रविराज कौशल**
**अवर अभियन्ता सिविल**
**न.पा.प. छिबरामऊ**

**अजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. छिबरामऊ**

**मनोज दुबे**
**अध्यक्ष**
**न.पा.प. छिबरामऊ**

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन कायमगंज तहसील में किया गया। डीएम ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की असुविधा न रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ समाधान किया जाए। गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने तथा नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को भूमि संबंधी विवादों का संयुक्त निरीक्षण कर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। तहसील समाधान दिवस के दौरान कुल 189 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 65 प्रकरण राजस्व विभाग, 46 प्रकरण पुलिस विभाग, 21 प्रकरण विकास विभाग, 28 प्रकरण विद्युत विभाग, 08 प्रकरण आपूर्ति विभाग, 05 प्रकरण नगर पालिका/नगर पंचायत तथा 16 प्रकरण अन्य विभागों के सम्मिलित रहे। इनमें से 12 प्रकरण मौके पर निस्तारित किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कायमगंज अभिषेक वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, तहसीलदार हर्षित, बीडीओ राजेन्द्र प्रसाद, अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



ग्रामीणों की शिकायतें सुनती डीएम

## जिलाधिकारी ने तहसील कायमगंज का भी किया निरीक्षण



तहसील का निरीक्षण करती डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनसामान्य को समयबद्ध एवं पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने तहसील कायमगंज का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, न्यायालयों के संचालन, राजस्व अभिलेखों तथा जनसुनवाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। डीएम ने तहसील कार्यालय में लंबित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नामांतरण, वरासत, सीमांकन, खतौनी संशोधन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखागार, रिकॉर्ड रूम, नजारत, उप निबंधक कार्यालय तथा अन्य शाखाओं का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखें तथा आगंतुकों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करें। डीएम ने तहसील परिसर में आने वाले फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कायमगंज, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम ने छापेमारी कर 160 किलोग्राम लहन व 32 लीटर कच्ची शराब की बरामद

**▸ टीम ने दो पर दर्ज कराया मुकदमा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त, के आदेश एवं जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफ कायमगंज क्षेत्र में स्थित संदिग्ध ग्राम श्यामनगर एवं नरसिंहपुर में दबिश कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 32 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 160 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गए। इसके साथ ही विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान लुधैया पावर हाउस, अहियापुरए टीपी नगर चौराहा एवं कम्पोजिट शॉप लुधैया पावर हाउस, अहियापुर व मॉडल शॉप टीपी नगर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।



लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलाध्यक्ष बने शीश मेहरोत्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रबन्ध समिति का चुनाव शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। चुनाव मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय एवं डॉ. सर्वेश यादव की देखरेख में चुनाव अधिकारी के रूप में तथा लखनऊ कार्यालय के पर्यवेक्षक डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में शीश मेहरोत्रा जिलाध्यक्ष चुने गये। उपाध्यक्ष नावेद अलीम चुने गये। कोषाध्यक्ष अनुराधा सक्सेना व सचिव आकाश चतुर्वेदी बनाया गया। वहीं निशात तिवारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संस्था को और अधिक सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समस्त जीवन सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सचिव की जिम्मेदारी आकाश चतुर्वेदी को मिली**

# युवा चेतना कार्यशाला में छात्रों को मिला जीवन निर्माण का संदेश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मानव गायत्री विद्यापीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में युवा चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कायमगंज तहसील के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना था। वक्ताओं ने युवाओं को बताया कि वे अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, सकारात्मक सोच और सतत प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति के आदर्शों तथा वर्तमान युग की चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से मोबाइल और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग के कारण युवाओं में उत्पन्न हो रहे भटकाव पर चिंता व्यक्त की गई। उन्हें समय का सदुपयोग करने, अच्छे संस्कार अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि डा0 मिथिलेश अग्रवाल ने युवाओं से आत्मविश्वास, शिक्षा और संस्कारों को जीवन का आधार बनाने का आवाह्न किया। वहीं शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे संतोष देवांगन ने युवाओं को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने शांतिकुंज के संदेश मनोरंजन नहीं, लोक-रंजन के माध्यम से संगीत और संस्कृति को समाज जागरण का प्रभावी साधन बताया। संचालन एवं आयोजन गायत्री धाम, कायमगंज के जिला समन्वयक सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। सभी प्रतिभागियों ने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर ज्योति, मधूवाला गंगवार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यशाला में मौजूद अतिथि

## खबरें एक नजर में

### युवक लापता, पिता ने दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पिपराबौजी निवासी २७ वर्षीय रामलखन 15 जुलाई को दोपहर के समय घर पर मौजूद था, तभी उसी समय रामलखन घर मे बिना किसी को बताए कहीं चला गया। देर शाम तक जब रामलखन घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन रामलखन की तलाश में आसपास व रिस्तेदारी में खोजबीन की, लेकिन रामलखन का कोई पता नहीं चल सका। थाना पुलिस को पिता अजय कुमार उर्फअजंटसिंह ने पुत्र रामलखन के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### दिलीप की मड़ैया से दौली की मड़ैया तक बाढ़ सुरक्षात्मक का कराया गया कार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दिलीप की मड़ैया से दौली की मड़ैया तक बैग से 24 नं0 स्पर एवं परकोपाइन से बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराया गया है। वर्तमान में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से गंगा नदी की धारा के सीधे टकराव तथा घूर्णन (घुमाव) के कारण अचानक स्पर नं0-10 एवं स्पर नं0-11 के मध्य लगभग 10 से 15 मी0 लम्बाई में स्लोप के बैग खिसकने से उस स्थान का कुछ कटान हुआ था। जिसके उपाय हेतु बाढ़/कटान बचाव कार्य युद्धस्तर पर तत्काल प्रारम्भ कर दिये गये है, कटान के स्थान पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त परकोपाइन झाउ-झाखड भरकर रखबा दिये गये है। जिससे उस स्थान पर कटान रूक गया है तथा सुरक्षा की दृष्टि से निरन्तर निगरानी की जा रही है। ग्राम में नदी के किनारे पर बने एक मकान को मकान स्वामी द्वारा स्वंय तोड़कर मैटेरियल को सुरक्षित रख लिया गया है। वर्तमान में कोई कटान नहीं हो रहा है। पानी कम होने पर उस स्थान पर और सुरक्षात्मक कार्य कर कटान वाले स्थान को पूर्णतया: सुरक्षित कर लिया जायेगा।

### दुकान पर बैठे युवक से दबंगों ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार को मंझना रोड पर एक दुकान में घुसकर युवक के साथ दिनदहाड़े मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक हाथों में डंडे लिए और मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफपुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक नवाबगंज नगर चौराहा निवासी अजीज मोहम्मद शनिवार को मंझना रोड स्थित अपने एक दोस्त की दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान सोना जानकीपुर गांव का एक युवक वहां पहुंचा और अकारण ही गाली-गलौज करने लगा। जब अजीज मोहम्मद ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गए। पीड़ित अजीज मोहम्मद का आरोप है कि आरोपी युवक कस्बे में अक्सर दबंगई करता है और इस वारदात में कुछ अन्य स्थानीय युवक भी उसका साथ दे रहे थे। पीड़ित ने बताया कि इसी आरोपी ने कुछ दिनों पहले भी उन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया था। इस बार की पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद पीड़ित ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पीड़ित को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा।

# सीपी विद्यालय में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी विद्या निकेतन स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज और सैश पहनाकर विद्यालय के प्रति उनके उत्तरदायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ डायरेक्टर डॉ. मिथलेश अग्रवाल, मुख्य अतिथि राजेश कुमार द्विवेदी पीपीएस, विशिष्ट अतिथि डॉ. एम.पी. सिंह एवं डॉ. प्रवीण रस्तोगी, प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। व्यायाम शिक्षक सऊद हसन खान एवं ग्वाल साब के प्रशिक्षित छात्रों ने स्कूल काउंसिल, एनसीसी स्कूल बैंड ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कक्षा बारह के आरुष गंगवार को हेड बॉय और अक्षरा रस्तोगी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा विभिन्न सदनों के हाउस कैप्टन, प्रॉक्टर और प्रीफेक्ट्स को जिम्मेदारियां सौंपी गई। विद्यालय के चारों सदनों ज्वाय, पीस, होप, चैरिटी का प्रतिनिधित्व हाउस कैप्टनों ने किया। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई। निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि लीडरशिप का पद केवल सम्मान के लिए नहीं होता, बल्कि यह जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख दी। राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं है, बल्कि यह सही निर्णय लेने, विनम्र सेवा और अपने चरित्र को ऊंचा रखने की कला है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य दीपक जैना, समस्त प्रभारीगण, एवं शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रही।

**नई छात्र परिषद ने ली शपथ**



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व अतिथि एवं विद्यालय स्टाफ

# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के जीवन से खिलवाड़



बच्चों के पास घूम रहे आवारा कुत्ते

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय चौखड़िया सौनाली विद्यालय परिसर में हेड मास्टर रमन कुमार की घोर लापरवाही उजागर हुई हैं। एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। विद्यालय परिसर में जहां पर बच्चे खाना खा रहे हैं, वहीं पर आवारा कुत्तों का झुण्ड घूम रहा है। आवारा कुत्ते बच्चों के साथ कभी भी हमला कर सकते हैं, जिससे बड़ी घटना घटित हो सकती है। वहां पर मौजूद जिम्मेदार हेडमास्टर रमन कुमार या तो अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। रसोई में गंदगी का अंबार है। खाना बनाते समय चूल्हे में लकड़ियों का प्रयोग हो रहा है। वीडियो में साफ जाहिर होता है गैस सिलेण्डर पास में रखा है, लेकिन चूल्हे पर बनाया जा रहा खाना।

## शादी के नाम पर धोखा, जेवर-नकदी लेकर महिला फरार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शादी के नाम पर धोखा देकर जेवर और नकदी लेकर फरार होने तथा पंचायत के दौरान मारपीट करने के आरोप में एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी में वाद के तहत दाखिल प्रार्थना पत्र में कन्नौज के ग्राम मुरादगंज, थाना गुरसहायगंज निवासी शबीना पत्नी मोहम्मद इरशाद ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम तुर्क ललैया, थाना कायमगंज निवासी उस्मान पुत्र शमसुद्दीन और उसकी पत्नी सुनीला ने उनके बेटे मोहम्मद कैफकी शादी मैनाज पुत्री मोहम्मद शाकिर से 11 जून 2025 को कराई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि बहू पहले से गर्भवती थी और उसने दवा खाकर गर्भ गिरा दिया। इसके बाद वह घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और 80 हजार रुपये नकद लेकर चली गई। पीड़िता ने बताया कि 17 अप्रैल 2026 को वह पंचायत के लिए ससुराल गई थीं। वहां उस्मान, सुनीला, शाकिर, अनस, शोएब आदि ने लाठी-डंडे और हंसिया से हमला कर दिया। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली है।

## गंगा स्नान करने गए युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गंगा स्नान करने आये युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार जनपद इटावा थाना सैफई के ग्राम हरदोई निवासी संजू पुत्र रमेश शंखवार शनिवार को गंगा स्नान के लिए गंगा घाट संघीरामपुर अपने पिता रमेश संखवार एवं बुआ के बेटे करण सिंह के साथ आया था। संजू गंगा स्नान के लिए नदी में उतर गया एवं गहराई में जाने से पानी में गोते लगाने लगा। उसे डूबते देखकर पिता रमेश सिंह एवं करण सिंह ने शोर मचाया। जब तक लोग बचाने का प्रयास करते, तब तक संजू गहरे पानी में डूब गया। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने संजू को गंगा नदी से बाहर निकाला और तुरंत ही कमालगंज सीएससी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर विकास पटेल ने संजू को मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस दरोगा महेंद्र सिंह एवं खुदागंज चौकी पुलिस सीएससी पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि संजू दिल्ली में एक बैकरी में कार्य करता था। कुछ दिन पूर्व ही वह अपने गांव लौटा था एवं संजू की पत्नी का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो

# कार ने ऑटो में मारी टक्कर, छह घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र इटावा-बरेली हाइवे पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने आगे जा रहे ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ऑटो चालक सहित छह लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और क्षतिग्रस्त कार को भी अपने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह शाहजहांपुर के अल्लाहगंज से यात्रियों को लेकर एक ऑटो फर्रुखाबाद के पांचाल घाट जा रहा था। जब ऑटो राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़िया के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क किनारे पलट गया। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये और घायलों को ऑटो से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में कमालगंज थाना क्षेत्र के बसाईकपुर निवासी सुरजीत हुल्लापुर से पांचाल घाट जा रहे थे। महमदपुर निवासी 28 वर्षीय बृजेश मोबाइल ठीक कराने आ रहे थे। इसी गांव के 60 वर्षीय राम बहादुर, महमदपुर गढ़िया निवासी राजेश, टीला मसेनी निवासी शिवानी शामिल हैं। ऑटो चालक राजेपुर थाना क्षेत्र के सीडरपुर निवासी 28 वर्षीय अनुज भी घायल हुए हैं। इस घटना में कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग में घुस गयी और क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और कार को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं सीओ अमृतपुर आलोक कुमार सिंह ने बताया इटावा-बरेली हाइवे पर कार व ऑटो की टक्कर हो गयी थी। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।



रेलिंग में घुसी कार

# होमवर्क अधूरा होने पर मदरसे में छात्र के नोचें बाल



**▸ मां ने तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

होमवर्क अधूरा होने पर एक छोटे छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मदरसे में पढ़ाने वाले एक व्यक्ति ने छात्र के बाल पकड़कर नोच डाले। घटना से नाराज परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है कोतवाली क्षेत्र के लालबाग मोहल्ला जटवारा निवासी जावेद का 6 वर्षीय पुत्र अलीशान जो कक्षा-1 का छात्र है और हमीरपुर खास स्थित मदरसा इस्लामिया फैज-ए-आम में पढ़ता है। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार को होमवर्क अधूरा होने पर मदरसे में फराहन पुत्र अफजाल ने अलीशान के बाल पकड़कर नोच दिए।

घर पहुंचकर बच्चे ने अपनी माँ राहत बेगम को पूरी बात बताई। जब माँ ने बेटे के सिर पर उखड़े बाल देखे तो वह बिलख कर रो पड़ी। घटना की जानकारी के बाद मोहल्ले में आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि पढ़ाई के नाम पर बच्चों के साथ इस तरह की बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और शिक्षा विभाग से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) इसके उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय (एनआरओ) तथा उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (यूपीएफएसडीए) द्वारा शनिवार को वृहद् स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्ट्रीट फूड विक्रेताओं में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छ खाद्य प्रबंधन एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने किया। एफएसएसएआई के संयुक्त निदेशक अंकेश्वर मिश्रा, एफएसएसएआई के उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय की प्रबंधक निमांशी तथा उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त सैय्यद शनावाज़ हैदर आबिदी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

अतिथियों ने स्थानीय अर्थव्यवस्था में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए खाद्य स्वच्छता एवं साफ-सफाई के उच्च मानकों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विक्रेताओं से अच्छे स्वच्छता अभ्यास अपनाने, खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं वितरण के दौरान स्वच्छता बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत एफएसएसएआई की फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन पहल के तहत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में व्यक्तिगत स्वच्छता, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित प्रबंधन, क्रॉस-कंटैमिनेशन की रोकथाम, सफाई एवं स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, खाद्य पदार्थों का सुरक्षित भंडारण तथा स्वच्छ विक्रय वातावरण बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही खाद्य व्यवसाय संचालकों को अनुसूची-4 के अंतर्गत निर्धारित स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 850 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को फोस्टैक प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही खाद्य स्वच्छता संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिभागियों को हाइजीन किट भी वितरित की गई। एफएसएसएआई देशभर में राज्य खाद्य सुरक्षा विभागों के सहयोग से ऐसे क्षमता निर्माण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन कर रहा है, ताकि खाद्य व्यवसाय संचालकों एवं खाद्य विक्रेताओं को आवश्यक ज्ञान एवं कौशल से सशक्त बनाया जा सके। इन पहलों के माध्यम से एफएसएसएआई खाद्य सुरक्षा की संस्कृति को सुदृढ़ करने, उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने तथा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को बेहतर स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते सांसद मुकेश राजपूत



कार्यक्रम में मौजूद लोग

# कायमगंज सीएचसी का डीएम ने किया निरीक्षण

**▸ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, औषधियों की उपलब्धता, अभिलेखों के संधारण तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति का जायजा लेते हुए पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, अभिभावकों एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर जनजागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान उच्च जोखिम गर्भवती एचआरपी एवं एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के उपचार एवं नियमित फॉलोअप की समीक्षा भी की गई। यहां पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक उच्च जोखिम गर्भवती महिला की समयबद्ध जांचए आवश्यक उपचार एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके,



औषधि केंद्र का निरीक्षण करती डीएम

साथ ही एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को समय पर आयरन थेरेपी, आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने प्रसूता वार्ड का निरीक्षण कर वहां भर्ती माताओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रसूता को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल परिसर, वार्डों, शौचालयों एवं अन्य विभागों की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा संक्रमण नियंत्रण के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की भी जांच की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन, स्पष्ट एवं त्रुटिरहित रखे जाएं तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यक्रम का रिकॉर्ड निर्धारित मानकों के अनुसार संधारित किया जाए।

# रेलवे रोड को मॉडल रोड बनाने की गति हुई तेज

**▸ रात दिन सड़क पर हुआ डामरीकरण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे रोड को मॉडल रेलवे रोड बनाने का तैयारियां लगभग पूर्ण हो गयी है। शनिवार को नगर पालिका द्वारा चौक से रेलवे स्टेशन तक डामरीकरण किया गया। लम्बे समय के इंतजार के बाद कार्य को गति दी गई, जो दो दिन के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा।

पिछले तीन वर्षों से व्यापारी व शहर की जनता रेलवे रोड की समस्या से जूझ रही थी। जिसको दो दिन बाद निजात मिल जायेगी। मॉडल रोड बनने की तैयारी शुरु हो गयी। डामरीकरण के बाद फुटपाथ निर्माण करा दिया जायेगा और स्ट्रीट लाइटे लगाकर शहर को मॉडल रोड सौंपा जायेगा।



रेलवे रोड पर हो रहा डामरीकरण

अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। शनिवार को यातायात बंद रखा गया। ठेकेदारों ने स्टेशन तक डामर बिछाने का कार्य पूरा किया।

जिसको अंतिम रुप दिया जा रहा है। चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने बताया कि रात दिन कार्य किया जायेगा और शहर को मॉडल रोड सौंपा जायेगा। रेलवे रोड को बेहतर बनाने के लिए, रोड अंतिम स्वरुप पर है। पालिकाध्यक्ष के पति मनोज अग्रवाल ने बताया कि शहर को मॉडल रुप में सौंपने की तैयारी है। जो एक विकास रुप विकसित कर जनता को समर्पित किया जायेगा।

# बिजली कटौती के विरोध में युवा व्यापारियों ने दिया धरना



धरने पर बैठे युवा व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) द्वारा भीषण गर्मी में बिजली विभाग की लापरवाही से व्यापारी व आम जनता बिजली कटौती से परेशान है। बिभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बिजली की कटौती को लेकर युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने चौक पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। भीषण गर्मी में कटौती न हो इसको लेकर विभाग को पहले से तैयारी करनी चाहिए। बिजली अपूर्ति न मिलने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-मोटे शॉर्ट सर्किट पर भी काम करने पर ढीलाई वरती जाती है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कटौती या शार्ट सर्किट के वक्त जनता व व्यापारियों का फोन नहीं उठाते है और अमूमन फोन बंद रखते है, जिससे व्यापारी समाज व आम जनता में काफी आक्रोश व्यास है। विभाग के अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाना चाहिए अन्यथा बड़े आंदोलन को किया जाएगा। शहर को इस भीषण गर्मी में 24 घंटे बिजली मिलनी चाहिए और ऐसे में कटौती से जनता व व्यापारी में काफी आक्रोश व्याप्त है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चौक चौराहे पर व्यापारियों ने धरना दिया। मौके पर कोतवाली इंस्पेक्टर फोर्स लेकर पहुंचे। पुलिस द्वारा बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता धरना प्रदर्शन की जानकारी दी।अधिशासी अभियंता द्वारा एसडीओ फतेहगढ़ को भेजा गया और आश्वासन दिया कि समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान रोहन कश्यप, गोपाल सिंह कश्यप, आगाज खान, नफीस सिद्दीकी, गोविंद बाथम, इशान खान, शाहबाज खान, सारिक नवाब, विकास वर्मा, शान मोहम्मद, अंकुर वर्मा, सचिन शर्मा, उत्कर्ष चौबे, प्राजंल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# रामानंद बा.इं.का. में शिविर लगाकर छात्राओं के लगायी गई एचपीवी वैक्सीन



शिविर में मौजूद चिकित्सक व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामानंद बालिका इंटर कालेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य रीता दुबे की देखरेख में भारत विकास परिषद के सौजन्य से शिविर लगाकर छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगायी गई। बेटी का स्वास्थ आपका सबसे बड़ा ध्यान है। 14 से 15 वर्ष की बच्चियों के टीका अवश्य लगवाना चाहिए, क्योंकि बचाव ही सबसे बड़ा इलाज है। जिसके तहत शनिवार को एचपीवी वैक्सीन लगायी गई। स्वास्थ टीम में डॉ. शोभा श्रीवास्तव के साथ विद्यालय पहुंचकर टीम ने छात्राओं के वैक्सीन लगायी। जिसमें डा0 दीप्ती व विनोद, सुषमा लाल आदि शामिल रहे। विद्यालय में 125 छात्राओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमें सहमति पत्र के साथ 23 छात्राओं ने भाग लिया। 15 छात्राओं का टीकाकरण हुआ। 31 छात्राओं ने असहमति पत्र जमा किया। 86 छात्राओं को फार्म वितरित किये गये। 3 छात्राओं के फार्म पोर्टल पर स्वीकृत नहीं किये गये। इस मौके पर प्रबंधिका शिखा अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य रीता दुबे, नोडल शिक्षिका फरहाना हाशमी, पूनम दुबे आदि विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। प्रोग्राम पूरी तरह से पेपर लेस है। पार्टी के आधिकारिक सरल एप के माध्यम से संचालित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा, जनकल्याणकारी योजनाओं और नमो ऐप एवं मन की बात के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित करना है। संगठन के गठित प्रत्येक बूथ पर यह अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए इस अभियान से जोड़ने का कार्य करें सफलतापूर्वक पूरा करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा मेधावी श्रेणी सहित अन्य डिजिटल प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सरल ऐप डाउनलोड करना है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया इस डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ना पार्टी की विचारधारा को तकनीकी माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, अनुराग दुबे, जितेंद्र सिंह, अभिषेक बाथम,अभिषेक, वीरेंद्र कठेरिया, श्वेता दुबे, रश्मि दुबे, संजीव गुप्ता, डॉ0 धर्मेंद्र राजपूत, मनोज गंगवार, अनुराग सिंह, विकास पांडे, कुणेंद्र गंगवार, निर्मल कश्यप, पंकज पाल, रामकिशन दीक्षित, अशनील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता

# साइबर क्राइम की अधिवक्ताओं को दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता परिषद काशी जनपद इकाई द्वारा अधिवक्ता संघ सभागार में स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य भानु प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। साइबर क्राइम केस विषय में अधिवक्ता परिषद की उपाध्यक्ष उमा मिश्रा ने वृहद रूप से प्रकाश डाला। विवाह वाजपेई ने साइबर क्राइम की बारीकियां से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्वाध्याय मंडल के द्वारा प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने कानून की बारीकी से अवगत कराया। शहर प्रभारी दिवाकर द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में राघव चंद शुक्ला, शिवानंद मिश्रा, अवध किशोर गुप्ता, अजय दुबे, आशुतोष, अभिषेक शर्मा, अरविंद सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, शिवम त्रिपाठी, अमन सिंह, दिनेश द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे। सचिव हरि प्रकाश मिश्र ने संचालन किया।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों में तेजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत जनपद में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जनपद की ग्राम पंचायतों में स्थापित आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के माध्यम से अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं नियमित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद की 580 ग्राम पंचायतों में से 09 ग्राम पंचायतों में भूमि की पर्याप्त उपलब्धता के अभाव में उन्हें निकटवर्ती ग्राम पंचायतों के आरआरसी से संबद्ध करते हुए संचालन की व्यवस्था की गई है। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत कमालुद्दीनपुर में आरआरसी का निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके अतिरिक्त जनपद की 570 ग्राम पंचायतों में से 452 आरआरसी वर्तमान में संचालित हैं तथा इन पंचायतों में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा



कूड़ा एकत्रित करते सफाई कर्मी

रहा है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत जनपद की 545 ग्राम पंचायतों को आरआरसी संचालन सहित आवश्यक मदों की क्रेडिट लिमिट दो दिवस पूर्व निर्गत कर दी गई है। भुगतान न होने के कारण कुछ ग्राम पंचायतों के आरआरसी में झाड़ियों की सफाई एवं स्वच्छता कार्य प्रभावित हुआ था। इस संबंध में जनपद के समस्त विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के आरआरसी की तत्काल साफ-सफाई कराकर उन्हें पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाएं तथा नियमित संचालन सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने निर्देशन में शीघ्र ही जनपद के सभी आरआरसी को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित कर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक में प्रकोष्ठों के पदाधिकारी घोषित



नियुक्ति पत्र दिखाते नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक का आयोजन जिला प्रभारी देवेश नारायण अवस्थी एवं जिलाध्यक्ष अभिषेक दुबे के नेतृत्व में जिला कार्यालय निकट एसएस पब्लिक स्कूल के पास किया गया। सर्वसम्मति से आशुतोष मिश्रा को जिला सचिव, सत्यम पाठक को बढ़पुर ब्लॉक का अध्यक्ष, मोहित दुबे को नगर महामंत्री, सचिन जोशी को सचिव किसान मोर्चा कमालगंज ब्लॉक नियुक्त किया गया। साथ ही अनेक युवाओं को विद्यार्थी मोर्चा के जिलाध्यक्ष जतिन नारायण अवस्थी के नेतृत्व में कई पदों पर नियुक्त किया गया। जिसमें हर्षित नगर मंत्री विद्यार्थी मोर्चा फतेहगढ़, गौरव सिंह नगर सचिव विद्यार्थी मोर्चा, पियूष नगर सचिव विद्यार्थी मोर्चा फतेहगढ़ एवं आनंद दुबे नगर उपाध्यक्ष विद्यार्थी मोर्चा फतेहगढ़ मनोनीत किए गए। इसके साथ ही दो दर्जन अधिक लोगों ने राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# पढ़ा-लिखा युवा रोजगार की जगह हाथ में डिग्री लेकर घूम रहाः अम्बरीश पाल

**▸ स्नातक युवा मंच का गठन कराने की करेंगे पहल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगरा खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद पद के निर्दलीय संभावित प्रत्याशी अम्बरीश पाल सिंह ने आवास विकास स्थित एक प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता में कहा कि आज हमारा पढ़ा-लिखा युवा हाथ में डिग्रियां लेकर रोजगार के लिए भटक रहा है, उसे रोजगार बनाना और अगर मैं जीता तो रोजगार के साथ-साथ युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिलाऊंगा।

उन्होंने बताया कि सरकारी सहायता प्राप्त एडेड एवं स्ववित्तपोषित स्कूलों और कालेजों पर कामर्शियल रेट पर बिजली थोपे जाने को शिक्षा व्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। शिक्षकों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों एवं शिक्षण संस्थानों आदि के अधिकारों की रक्षा के लिए चुनाव मैदान में उतरे है। उन्होंने बताया कि मेरी सोंच स्पष्ट है सेवा और विकास व सम्मान देना है, क्षेत्र के मतदाताओं के समक्ष अपने विजन को जा-जाकर साझा कर रहे है और रोजगार के अवसर सरकारी कल्याणकारी



वार्ता करते अम्बरीश पाल सिंह

योजनायें, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और सरकारी सब्सिडी की नवीनतम व तथ्यपरक जानकारी मिल सकेगी। शिक्षण संस्थानों को व्यवसायी बिलों से मुक्ति दिलाना मेरा उद्देश्य है। शिक्षण संस्थानों को ग्रहकर, जलकर से छूट दिलाना, विद्युत मूल्य को व्यवसायी कामर्शियल श्रेणी से बदलकर घरेलू या विशेष रियायत दरों पर कार्य करने का दबाव बनाया जायेगा। करियर काउंसलिंग और रोजगार मेले सुनिश्चित कर रोजगार दिये जायेंगे।

पुरानी पेंशन व मानदेय कर्मियों का समर्थन किया और कहा कि शिक्षकों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम मानदेय, सेवा सुरक्षा नीति व अतिथि प्रवक्ताओं के लिए सेवा नियमावली लागू कराने के लिए सदन में आवाज उठायी जायेगी। स्नातक युवा मंच का गठन किया जायेगा। जनपद के विकास के लिए विजन तैयार कर सुविधायें प्रदान की जायेगी। मतदाता इस बार मिलकर एक शिक्षित पारदर्शीय और विकासोन्मुख भविष्य का निर्माण करेंगे। इस मौके पर उनके समर्थक आदि लोग मौजूद रहे।

# द प्रेम रावत फाउंडेशन पीस एजुकेशन कार्यशाला संपन्न



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर स्थित जीवीए ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में द प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा 6 जून से 18 जुलाई तक आयोजित पीस एजुकेशन प्रोग्राम कार्यशाला संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लिया। प्रति सप्ताह 2-2 थीम के वीडियो प्रतिभागियों को दिखाए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय शांति वक्ता डॉ0 प्रेम रावत का वीडियो श्रृंखला संदेश था। डॉ. प्रेम रावत को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा तीन बार सम्मानित किया जा चुका है, अपने संदेश में डॉ0 प्रेम रावत ने प्रतिभागियों को बताया कि जिस शांति की आप तलाश कर रहे हैं वह पहले से ही आपके अंदर मौजूद है। आप ही अपने आनंद और प्रेम के स्रोत हैं। अपनी समझ स्पष्ट और शांति के स्रोत हैं। रावत ने बताया कि बिना शांति के कोई मनुष्य समाज तथा राष्ट्र उन्नति एवं समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकता है। कार्यशाला में अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभा किया एवं संस्थापक विपिन अवस्थी ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पीस एजुकेशन ओरियंटेशन प्रोग्राम वर्कशॉप के सभी अनुदेशकों की सराहना की। कार्यशाला के समापन पर द प्रेम रावत फाउंडेशन के वालंटियर्स द्वारा ए.डी. तथा स्टॉफऔर छात्र-छात्राओं को टीपीआरएफ की तरफसे सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। टीपीआरएफकी पूरी टीम ने विपिन अवस्थी को सर्टिफिकेट एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विपिन अवस्थी ने टीपीआरएफ टीम को अभिनंदन पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर सर्वेश शाक्य, बादाम सिंह, नीरज कटियार व धर्मवीर सिंह, सुमन सक्सेना, शिल्पी सक्सेना उपस्थित रहीं।

## इग्नू में प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 जुलाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ स्थित डी.एन. कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 में स्नातक, स्नातक ऑनर्स, परास्नातक, डिप्लोमा, परास्नातक डिप्लोमा आदि कोर्स में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अब 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकते है। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निर्देशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि जुलाई 6 सत्र में छात्र दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से स्नातक स्तर बी.ए. बी.कॉम. बी.एस.सी. बी.एस.डब्लू. बी.सी.ए. कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते है, जिसकी न्यूनतम आर्हता इण्टरमीडियट या समकक्ष होती है। इग्नू आज कौशल आधारित उच्च गुणवत्ता युक्त पाठ्य-पुस्तक उप्लब्ध कराकर एक ऐसे विश्वविद्यालय की कतार पर खडा है जो आधुनिक तकनीक का अधिकतम प्रयोग करते हुए ज्ञान विज्ञान के साथ प्रवन्धन के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि स्नातक, परास्नातक स्तर पर हिन्दी अंग्रेजी इतिहास समाजशास्त्र लोक प्रशासन जैसे कोर्स उपलब्ध है इसके अलावा केन्द्र पर डिग्री डिप्लोमा आदि कोर्स भी उपलब्ध है।

# आबकारी टीम ने दबिश देकर 18 लीटर कच्ची शराब की बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

शनिवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह द्वारा मय स्टाफ क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध ग्राम नेकपुर चौरासी में दबिश कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 18 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा लगभग 150 किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की



लहन नष्ट करते आबकारी अधिकारी

सुसंगत धारा में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान लाल दरवाजा, मॉडल शॉप लाल दरवाज़ा, रेलवे रोड (क), रेलवे रोड (ख) एवं भांग दुकान पलरा रोड की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।

# औद्योगिक गलियारा परियोजना निरस्त करने की उठायी गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में औद्योगिक गलियारा परियोजना हेतु प्रस्तावित 4,500 हेक्टेयर बहुफसली, सिंचित, उपजाऊ एवं बाग-बगीचों वाली कृषि भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को निरस्त किए जाने तथा किसानों के हितों की रक्षा किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि औद्योगिक गलियारा परियोजना के नाम पर भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के विपरीत, देश की खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण तथा किसानों के हितों की अनदेखी करते हुए 4,500 हेक्टेयर बहुफसली, सिंचित, अत्यंत उपजाऊ एवं बाग-बगीचों वाली कृषि भूमि के बड़े पैमाने पर अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाया गया है। इस प्रस्ताव के विरोध में किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल के नेतृत्व में प्रभावित सभी ग्रामों के किसानों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। औद्योगिक गलियारा परियोजना के लिए असिंचित, बंजर, अनुपजाऊ अथवा कम उपजाऊ भूमि को चिन्हित कर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार किया



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

जाए। भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की अनदेखी कर बहुफसली एवं अत्यंत उपजाऊ भूमि को मनमाने ढंग से चिन्हित कर किसानों को मानसिक प्रताड़ना देने वाले संबंधित अधिकारियों की उच्चस्तरीय जांच कराकर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 की धारा 24(2) को उसके मूल स्वरूप में पुनः बहाल किया जाए, जिसमें अधिग्रहित भूमि का निर्धारित उद्देश्य के लिए उपयोग न होने पर उसे किसानों को वापस करने तथा मुआवजा स्वीकार न होने एवं भूमि का कब्जा संबंधित संस्था द्वारा न लेने की स्थिति में अधिग्रहण स्वतः निरस्त होने का प्रावधान था। भूमि अर्जन अधिनियम, 2013 को दरकिनार कर वर्ष 2015 के शासनादेश की आड़ में किसानों पर दबाव बनाकर सीधे भूमि का बैनामा कराने की व्यवस्था समाप्त की जाए, ताकि किसानों को पुनर्वास, पुनर्स्थापन तथा उपजाऊ भूमि की सुरक्षा जैसे वैधानिक अधिकारों से वंचित न किया जा सके और संसद द्वारा बनाए गए कानून की मूल भावना का सम्मान सुनिश्चित हो।

**सूचना**

मेरी पत्नी रेनू के आधार कार्ड संख्या-893651132877 में मेरा नाम त्रुटिवश होरीलाल अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में सही नाम होरीलाल बाथम है। यह दोनों नाम मेरे ही है, मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। मेरी पत्नी के आधार कार्ड में मेरा सही नाम होरीलाल बाथम दर्ज करने की कृपा करें। **होरीलाल बाथम पुत्र कामता प्रसाद निवासी मो0 पलरिया, तहसील सदर, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मिथुन के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सालिकराम पुत्र स्व0 पूरनलाल निवासी ग्राम अलीदादपुर, पोस्ट पिपरगांव, थाना मोहम्मदाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।**

## धौरहरा वन रेंज में विभागीय लकड़ी के कथित गबन व अवैध परिवहन का मामला

# वन निगम की लकड़ी के कथित गबन व अवैध परिवहन में ठेकेदार समेत चार पर मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**

उत्तर प्रदेश वन निगम की विभागीय लकड़ी के कथित गबन एवं अवैध परिवहन के मामले में धौरहरा पुलिस ने वन निगम के लौगिंग सहायक की तहरीर पर ठेकेदार, इकाई अधिकारी, ट्रक चालक तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




वन निगम के लौगिंग सहायक रणजीतराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वर्ष 2025-26 में धौरहरा रेंज की लाट संख्या 94, 95 एवं 97 में विभागीय प्रकाष्ठ विदोहन कार्य कराया जा रहा था। इस कार्य का ठेका इरशाद अली उर्फ मुन्ना पुत्र ताहिर अली निवासी ग्राम बम्हेला, थाना तंबौर, जनपद सीतापुर को दिया गया था। इन लाटों के इकाई अधिकारी शिवमूरत थे, जिनके जिम्मे लकड़ी का विदोहन, अंकन, मापन, सुरक्षित परिवहन तथा विभागीय अभिलेखों का संधारण था।

तहरीर के अनुसार 5 जुलाई 2026 को विभागीय गश्त के दौरान सिकंदरा मार्ग पर ट्रक संख्या क्ष्34ष्टझ-4336 को रोककर जांच की गई। ट्रक में करीब 10.5722 घनमीटर लकड़ी लदी थी, जिसके लिए वन निगम का परिवहन प्रपत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर निरीक्षण में पाया गया कि ट्रक में लदी लकड़ी पर विभागीय हथौड़ा अंकन नहीं था तथा वह परिवहन प्रपत्र में अंकित विभागीय लकड़ी से भिन्न प्रतीत हो रही थी।

जांच के दौरान ट्रक चालक सफीक निवासी जनपद सीतापुर तथा उसका एक साथी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद संबंधित इकाई अधिकारी शिवमूरत भी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हो गए और जांच में सहयोग के लिए उपलब्ध नहीं हुए।

वन निगम ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि ठेकेदार, इकाई अधिकारी, ट्रक चालक एवं अन्य अज्ञात व्यक्ति ने आपस में आपराधिक षड्यंत्र कर विभागीय परिवहन प्रपत्र का दुरुपयोग करते हुए विभागीय लकड़ी के स्थान पर अवैध रूप से काटी गई तथा बिना विभागीय हथौड़ा अंकन वाली लकड़ी का परिवहन किया। साथ ही सरकारी संपत्ति के गबन का प्रयास किया गया। तहरीर में यह भी कहा गया है कि यदि विभागीय अभिलेखों, मापन पुस्तिका, हथौड़ा अंकन रजिस्टर अथवा परिवहन प्रपत्रों में कूटरचना या मिथ्या प्रविष्टियां की गई हैं तो उनकी भी जांच आवश्यक है। पुलिस ने वन निगम की तहरीर के आधार पर इरशाद अली उर्फ मुन्ना, इकाई अधिकारी शिवमूरत, ट्रक चालक सफीक तथा एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय वन अधिनियम की धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। धौरहरा कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## भीरा पुलिस ने 48 घंटे में खोला बाइक चोरी का राज

### पड़रिया तुला बाजार से चोरी हुई होंडा लिवो बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**

भीरा थाना पुलिस ने पड़रिया तुला साप्ताहिक बाजार से चोरी हुई बाइक का 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई होंडा लिवो मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। ग्राम नौगवां निवासी अजीत कुमार पुत्र रामनरेश ने थाना भीरा में तहरीर देकर बताया था कि वह 16 जुलाई को पड़रिया तुला साप्ताहिक बाजार में लोहे के सामान की दुकान लगाने गया था। इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी होंडा लिवो (यूपी 31 बीएन 5342) मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की। थाना प्रभारी अमित पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को गोंधिया रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान कैलाश पुत्र शंभूलाल निवासी रुद्रापुर थाना फूलबेहड़ तथा अतुल शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी मालपुर थाना भीरा को गिरफ्तार किया।

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धमौली गांव निवासी दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार कर अपने साथ महाराष्ट्र लेकर चली गयी है महाराष्ट्र के पानवेल थाने में एक व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म करने व पास्को एक्ट के तहत एक किशोरी द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था तभी से आरोपित वांछित चल रहा था की शनिवार को महाराष्ट्र के पनवेल पुलिस हलिया थाने पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपित को थाना क्षेत्र के धमौली गांव निवासी रिजीवन को गिरफ्तार कर अपने साथ पनवेल महाराष्ट्र लेकर चली गयी है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महाराष्ट्र के पनवेल में दर्ज मामले में वांछित चल रहे आरोपित को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर अपने साथ लेकर गयी हैं।

### डीएम ने सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** गुरु पूर्णिमा पर परमहंस आश्रम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम चुनार पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने आश्रम परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग स्थल तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षित आने जाने, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी तथा चिकित्सा एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिया, साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से मिलकर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई फरियाद, 11 का समाधान

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना फरियाद ।हुसैनपुर निवासी हरिओम श्रीवास्तव ने राजस्व व अहरौरा पुलिस पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि 3जून 2026 को रात्रि के लगभग 8 बजे राजस्व व स्थानीय पुलिस की उपस्थिति मे पचास वर्ष पुराने कच्चा मकान गीरा दिया गया कार्यवाई की जाने के आदेश की प्रति प्रार्थी को उपलब्ध कराये जाने हेतु पिछले तहसील दिवस मे जिलाधिकारी द्वारा दिया गया था वावजूद आजतक ना ही कोई कार्यवाही और ना ही आदेश की प्रति उपलब्ध करायी गई। मगंरहा गांव निवासी बालमणि सिंह ने गांव के सितेन्द्र सिंह के विरुद्ध प्रार्थनआ पत्र दिया कि अतिक्रमण कर गांव के आ0नं0411 तालाब के पानी का निकासी बन्द कर दिया है अतिक्रमण मुक्त कर पानी निकासी कराने का मांग किया है। कुल 131 प्रार्थना पत्र पडे जिसमें से 11प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष संबंधित को गुडवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए दिया गया। इसदौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के0 के0 मिश्रा, अपरपुलिस अधीक्षक आपरेशन राजकुमार मिणा, उपजिलाधिकारी अनेग सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



### गुंडा टैक्स वसूली की ऑनलाइन शिकायत दर्ज, कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** थाना हलिया क्षेत्र में गुंडागर्दी और जबरन गुंडा टैक्स वसूली का मामला सामने आया है। पीड़ित राम भजन चमार ने ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। ऑनलाइन दर्ज यह शिकायत को थानाध्यक्षध्प्रभारी निरीक्षक, हलिया, जनपद-मिर्जापुर को अग्रसारित की गई है। मामले के निस्तारण के लिए नियत तय की गई है।आवेदक ने शिकायत में लिखा है कि ष्सभी जानकारी अपलोड कर दिया गया हैष्। यानी गुंडा टैक्स वसूली से जुड़े साक्ष्य और विवरण पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। शिकायत की वर्तमान स्थिति अनमार्क है। अब हलिया पुलिस को जांच कर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई रिपोर्ट लगानी होगी। पीड़ित ने प्रशासन से गुंडागर्दी पर रोक और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने को निघासन पुलिस की कार्रवाई, सात का शांतिभंग में चालान



**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।**

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत निघासन पुलिस ने शुक्रवार को सात लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में निरोधात्मक कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कार्रवाई की। पुलिस ने उमेश कुमार, रविंद्र कुमार, अमित कुमार उर्फ दीपू, विजय कुमार, दुर्गेश कुमार, अनुप कुमार तथा श्याम किशोर, सभी निवासी वार्ड नंबर-2 लक्ष्मीनगर, थाना निघासन, के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका के आधार पर चालान किया।

## अंधेरे में डूबा बिजुआ क्षेत्र, बिजली विभाग बेपरवाह, रातभर ब्लैकआउट से जनता त्रस्त

- रात 10 बजे से सुबह तक बिजली गायब, जिम्मेदारों के फोन भी नहीं उठते
- चोरों के सक्रिय होने की बढ़ी आशंका, ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बरसात के मौसम में भी क्षेत्र के लोगों को भीषण बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से रात करीब 10 बजे के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो जाती है और सुबह लगभग 5 बजे तक अधिकांश गांव अंधेरे में डूबे रहते हैं। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली जाने पर विभाग की ओर से कभी ट्रांसफार्मर फॉल्ट, कभी ओवरलोड, तो कभी शेडिंग और रोस्टिंग का हवाला दिया जाता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। हालत यह है कि घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे चुके हैं। उमस भरी गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं और मरीज रातभर परेशान रहते हैं, जबकि बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। सबसे गंभीर चिंता सुरक्षा को लेकर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रातभर अंधेरा रहने से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पूर्व में भी बिजली गुल रहने के दौरान कई घर चोरी की घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। अब एक बार फिर ग्रामीणों में वही डर सताने लगा है। अंधेरे के कारण गलियों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और लोग रातभर जागकर अपने घरों की निगरानी करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं से समय पर बिल वसूलने में पूरी सख्ती दिखाता है, लेकिन जब बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी शिकायत सुनने तक के लिए उपलब्ध नहीं रहते। रात में बिजली गुल होने पर जानकारी लेने के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन किया जाता है, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसे में लोगों के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर रात के समय बिजली संबंधी समस्या होने पर वे अपनी शिकायत किससे करें और सही जानकारी किससे प्राप्त करें। बिजुआ पावर हाउस की लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही रात्रिकालीन बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था नहीं बनाई गई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

इस संबंध में जूनियर इंजीनियर (जेई) रविशंकर ने बताया कि, 'ऊपर से ही बिजली कटौती की जा रही है। इसी कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है। संभावना है कि कल तक स्थिति सामान्य हो जाएगी और समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## रकेहटी में आयुष ट्रेडर्स की दुकान में आग, लाखों का सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी कस्बे में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने स्थित आयुष ट्रेडर्स की इलेक्ट्रिकल एवं घरेलू सामान की दुकान में रविवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना में करीब ढाई से तीन लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। समय रहते स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की सक्रियता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की दुकानों तक आग फैलने से बच गई।

दुकान स्वामी सतीश पाण्डेय ने बताया कि रविवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर दुकान से धुआं निकलने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शटर खोलकर देखा तो दुकान के अंदर धुआं और आग की लपटें उठ रही थीं।

## चारपाई पर सो रहे युवक को कान में विषैले सांप ने काटा, इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**

थाना निघासन क्षेत्र के चखरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गांव निवासी एक युवक की सोते समय चारपाई पर कान में विषैले सांप के काट लेने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था और निजी शिक्षक (प्राइवेट टीचर) के रूप में कार्य करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र श्रीवास्तव (38 वर्ष) पुत्र सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, निवासी ग्राम चखरा, शनिवार देर रात अपने घर में चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान एक काले विषैले सांप (स्थानीय भाषा में 'लोहार') ने उनके कान में काट लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया।

परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया। शैलेन्द्र की असमय मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि वह पेशे से प्राइवेट टीचर थे और अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। परिजनों ने घटना की लिखित सूचना थाना निघासन में दे दी है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ओयल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिया के पास जानलेवा गड्ढे, रोज हादसों का डर

- गोविंदपुरवा लिंक रोड बदहाल, स्कूली बच्चे व राहगीर चोटिल, ग्रामीणों ने मरम्मत की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत रामेश्वरापुर के मजरा गोविंदपुरवा को डूंडवा, नौसर, गुलरिया हाईवे तथा गुलरिया चीनी मिल से जोड़ने वाली खड़ंजा सड़क बदहाली का शिकार हो गई है। पुलिया के समीप सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बरसात के चलते गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों का खतरा और बढ़ गया है। आए दिन स्कूली बच्चे, बाइक सवार और किसान गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो किलोमीटर लंबी इस संपर्क सड़क पर पुलिया के पास लगभग 50 मीटर का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। एक से दो फीट तक गहरे गड्ढों में बरसाती पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और दोपहिया वाहन अचानक उसमें फंसकर गिर जाते हैं। ग्राम गोविंदपुरवा निवासी महेश कुमार, ज्ञानी, पंचम, प्रमोद कुमार और महावीर राठौर ने बताया कि इसी मार्ग से तीन प्राथमिक विद्यालय और एक जूनियर हाईस्कूल के 200 से अधिक बच्चे प्रतिदिन आते-जाते हैं। पिछले सप्ताह दो छात्र साइकिल समेत गड्ढे में गिर गए, जिनमें एक के हाथ में फ्रैक्चर हो गया। उनका कहना है कि शाम ढलते ही सड़क पर अंधेरा होने से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। छात्रा सरोजनी और विनीता ने बताया कि रोज इसी रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण हर समय गिरने का डर बना रहता है। कई बार रिक्शे भी गड्ढों में फंसकर पलट जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त सड़क के कारण एंबुलेंस और कृषि कार्य में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टरों के आवागमन में भी दिक्कत हो रही है।



## भट्ठा संचालकों ने राज्य कर अधिकारियों के सामने रखीं उद्योग की समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** ईट उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दिशा में शुक्रवार को आजाद नगर स्थित ईट निर्माण समिति कार्यालय में भट्ठा संचालकों और राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण संवाद बैठक आयोजित हुई। बैठक में भट्ठा मालिकों ने जीएसटी, रॉयल्टी, ई-वे बिल, कोयले की निर्धारित खपत, उत्पादन लागत और कर व्यवस्था की व्यावहारिक कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाते हुए उद्योग को राहत देने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता ईट निर्माण समिति के अध्यक्ष जहीर खान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त राज्य कर हरिशंकर प्रसाद, उपायुक्त मनोज कुमार विश्वकर्मा, आयुक्त चंद्रशेखर वर्मा तथा सहायक आयुक्त प्रियंका श्रीवास्तव, संतोष कुमार और गजेंद्र पाल मौजूद रहे। संचालन समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने किया। अध्यक्ष जहीर खान ने कहा कि जीएसटी जमा करने में थोड़ी भी देरी होने पर भट्ठा संचालकों से ब्याज के साथ जुर्माना वसूला जाता है, जबकि सरकारी विभागों द्वारा भुगतान में विलंब होने पर उनकी कोई जवाबदेही तय नहीं होती। उन्होंने कर व्यवस्था में समानता और न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि ईट उद्योग प्रदेश के लाखों श्रमिकों की आजीविका से जुड़ा है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र की व्यावहारिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। महामंत्री पीयूष कर्मचंदानी ने कहा कि रॉयल्टी पर जीएसटी, ई-वे बिल की जटिल प्रक्रिया, ईटों की औसत दर निर्धारण, प्रति एक लाख ईट पर कोयले की निर्धारित खपत तथा तराई क्षेत्र के भट्ठा संचालकों की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नियमों में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था उद्योग के संचालन को अनावश्यक रूप से जटिल बना रही है। बैठक में सिद्धार्थ कुमार, मोहम्मद शालिम, परमात्मा अग्रहरी, अर्जुन अग्रहरी, विमल, लक्ष्मीचंद कलवानी, रविंद्र पटेल, अभय जायसवाल सहित अन्य भट्ठा संचालकों ने प्रति एक लाख ईट पर निर्धारित 18 टन कोयले की सीमा बढ़ाकर 20 टन करने की मांग उठाई।



## पहले ही प्रयास में नीट में चमकी गोला की बेटी, 613 अंक व ऑल इंडिया रैंक 6567 से रचा सफलता का इतिहास

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।** प्रतिभा जब कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ जुड़ती है तो सफलता स्वयं कदम चूमती है। इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है गोला क्षेत्र के ग्राम पटौहां की होनहार बेटी कृतिका दूबे ने। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पहले ही प्रयास में 613 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 6567 हासिल करने वाली कृतिका ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गोला क्षेत्र और जनपद गोरखपुर का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। कृतिका दूबे, ग्राम पटौहां निवासी आशुतोष कुमार दूबे की पुत्री हैं। उनके पिता आशुतोष कुमार दूबे, बड़े पिता संतोष कुमार दूबे तथा चाचा प्रवीण दूबे प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं। शिक्षा और संस्कारों से समृद्ध परिवार में पली-बढ़ी कृतिका ने बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना संजोया था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा आत्मविश्वास के बल पर पहले ही प्रयास में नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया।



## भाजपा बूथ सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



भारतीय जनता पार्टी के आगामी 22 जुलाई को आनंदनगर स्थित पटवा मैरेज हॉल में आयोजित होने वाले बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर धानी कार्यालय पर पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बूथ सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ सम्मेलन संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ताओं को सम्मेलन की सफलता के लिए अभी से सक्रिय होकर जनसंपर्क अभियान चलाना होगा, ताकि प्रत्येक बूथ से प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों एवं संगठन विस्तार को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

## तीन तहसीलों में नए एसडीएम, चार अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले में चार उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार अपर उप जिलाधिकारी प्रेमशंकर पांडेय को फरेंदा, डिप्टी कलेक्टर अवनीश त्रिपाठी को सदर तथा डिप्टी कलेक्टर कुणाल को नौतनवा का उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सदर के उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार को अपर उप जिलाधिकारी सदर का दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि फरेंदा एवं नौतनवा के पूर्व उप जिलाधिकारियों का गैर जनपद स्थानांतरण होने के बाद यह नई तैनाती की गई है।

## शिक्षकों की समस्याओं पर मुखर हुआ प्राथमिक शिक्षक संघ, बीएसए को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) से मिला और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो शिक्षकों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा। संघ के जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बैजनाथ सिंह एवं जिलामंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिना नोटिस और स्पष्टीकरण के एक दिन की अनुपस्थिति पर शिक्षकों का वेतन काटा जाना महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि ऐसी अनुपस्थिति को नियमानुसार आकस्मिक अवकाश (सीएल) अथवा मेडिकल लीव में समायोजित किया जाए तथा भविष्य में बिना कारण बताए किसी भी शिक्षक का वेतन न रोका जाए। इस पर बीएसए ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विकास खंड पनियरा के चार शिक्षकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि दिए जाने का मुद्दा भी उठाया। संगठन का कहना था कि यदि यह लाभ नियमों के तहत दिया गया है तो जनपद के सभी पात्र शिक्षकों को समान रूप से इसका लाभ मिलना चाहिए, अन्यथा मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

## महान संत जगतगुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन कल

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** गौ-रक्षा धर्म युद्ध वर्ष - 2026 को लेकर महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का प्रथम आगमन 20 जुलाई दिन सोमवार को फरेंदा के पावन धरा पर हो रहा है। उक्त के सम्बन्ध में वरिष्ठ समाजसेवी राजन तिवारी ने बताया कि महान संत जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का नगर पंचायत आनन्दनगर में स्थित राम-जानकी वैकेंट हाल में भव्य आरती, पादुका पूजन और दिव्य प्रवचन होगा।

